*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
12 सितंबर, 2024
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 323

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

सेमीकंडक्टर-इंडस्ट्री को ड्राइव करने में अहम भूमिका निभायेगा भारत: मोदी



### मुख्यमंत्री ने गोड्डा में 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में भाजपा पर साधा निशाना

# झारखंड हित में बोलने लगे तो हमें जेल में डाल दिया: हेमंत

- गोड्डा एवं देवघर जिले को 147 विकास योजनाओं का दिया तोहफा, लाभुकों के बीच बांटी गयी परिसंपत्तियां

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार रांची हेडक्वार्टर से नहीं, बल्कि गांव से चलने वाली सरकार है। आपको महसूस करने की आवश्यकता है कि विगत 20 सालों में आपने क्या खोया क्या पाया। जब हम काम करने लगे, तो तरह-तरह के षडयंत्र रचे जाने लगे। आरोप लगाये जाने लगे। दो साल तक चूहा- बिल्ली की तरह दौड़ भाग चलता रहा। किसानों, मजदूरों और गरीबों के लिए हम काम करने लगे तो मुझे जेल में डाल दिया। हम जेल गये तो ये सरकार को गिराने की तैयारी में लग गये। लेकिन आपके आशीर्वाद से आज हम आपके सामने हैं। अपने षडयंत्र में वो लोग सफल नहीं हो पाये। मुख्यमंत्री बुधवार को गोड्डा में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में बोल रहे थे।



## मणिपुर जल रहा, मुखिया वहां नहीं गये

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि मणिपुर एक साल से जल रहा है। बहन-बेटियों की इज्जत लूटी जा रही है। केंद्र सरकार के मुखिया एक बार भी वहां नहीं गये। इन लोगों का किसी से कोई लेना देना नहीं है। आज ये पंजाब और हरियाणा भी नहीं जा सकते। वहां किसान इनके विरोध में हैं। जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव में भी इन्हें मुंह की खानी पड़ेगी। अब इनकी नजर ले-देकर झारखंड पर है। चुनाव की घंटी बजने वाली है। यहां अन्य राज्यों से गिद्ध मंडराने लगे हैं। इनसे सावधान रहें।

## हम वोट मांगने का रखते हैं अधिकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि आनेवाले चुनाव में हम लोग वोट मांगने का पूरा अधिकार रखते हैं, क्योंकि हमने आपके लिए काम किया है। हमने 50 लाख महिलाओं को सम्मान देने के लिए मंईयां योजना चलायी, मंईयां योजना हमने प्रारंभ की है। आनेवाले पांच सालों में आपका ये बेटा हर घर में 1-1 लाख पहुंचाने का काम करेगा। मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने पेंशन योजना, लड़कियों की शिक्षा, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, 200 यूनिट बिजली फ्री करने समेत सरकार द्वारा जनहित में उठाये गये कदमों का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी सरकार हर वर्ग को मदद और राहत देने का काम कर रही है। हेमंत सोरेन ने कहा कि इस राज्य की जनता हमारी सबसे बड़ी ताकत है। आपके सहयोग से मजबूत झारखंड बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं ।

## 20 वर्ष बनाम चार वर्ष में हुए कार्यों का आकलन करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद 20 वर्षों में जो कार्य हुए और हमारी सरकार ने विगत साढ़े चार वर्षों में जितने कार्य किये हैं। उसका आप खुद आकलन कर लें। आज इस राज्य का कोई भी ऐसा घर नहीं है जो सरकार की योजनाओं से वंचित है।

## 339 करोड़ रुपये की योजनाओं का दिया तोहफा

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में गोड्डा और देवघर जिले को 339 करोड़ 60 लाख 1 हजार रुपये की 147 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यस किया। इस अवसर पर इन दोनों जिलों के हजारों लाभुकों के बीच करोड़ों रुपये की परिसंपत्तियां बांटी गयी। कार्यक्रम में मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, विधायक प्रदीप यादव, जिला परिषद अध्यक्ष बेबी देवी, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, पूर्व विधायक संजय यादव समेत अधिकारिगण मौजूद थे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखी चिट्ठी


# आदिम जनजाति के लोगों की इलाज के अभाव में हो रही मौत, हो जांच : बाबूलाल

- पत्र में तीन घटनाओं का किया जिक्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आदिम जनजातीय समाज के लोगों की हो रही मौत मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। उन्होंने तीन घटना का जिक्र करते हुए समुचित कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा है कि आपको अवगत कराना चाहता हूं कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का हाल दिन-ब-दिन बदतर होता जा रहा है। आये दिन आदिवासी खासकर विलुप्त हो रहे आदिम जनजातीय समाज के भाई-बहनों की मृत्यु इलाज के अभाव में हो रही है, लेकिन प्रशासन जिम्मेदारी लेने के बजाय एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहा है।

**बच्ची ने पिता के गोद में तोड़ा दम:** बाबूलाल ने साहिबगंज में पिता की गोद में दम तोड़ने वाली बच्ची की घटना का जिक्र करते हुए कहा है कि हालिया घटना साहिबगंज सदर अस्पताल की है, जहां सिमरिया गांव निवासी आदिम जनजाति पहाड़िया मथियस मालतो की छह साल की बेटी गोमदी



पहाड़िन, जो डेंगू से पीड़ित थी, इलाज के अभाव में अपनी जान गंवा दी। पिता डॉक्टरों की तलाश में इमरजेंसी से लेकर ओपीडी तक मांगते रहे, परंतु कहीं भी डॉक्टर नहीं मिले, जिसके कारण पिता की गोद में ही बच्ची ने अपना दम तोड दिया। यह सिर्फ एक घटना नहीं है।

**पत्र में दो और घटनाओं का जिक्र:** बाबूलाल मरांडी ने पत्र में कहा है कि ऐसी ही दूसरी घटना दुमका जिले के गोपीकांदर प्रखण्ड के कुंडा पहाड़ी गांव में हुई, जहां विलुप्तप्राय पहाड़िया जनजाति की 19 वर्षीय गर्भवती महिला प्रिंसिका महारानी की समय पर एबुलेंस और इलाज न मिल पाने के कारण जान चली गयी। तीसरी घटना जामताड़ा जिले के करमाटांड प्रखंड के नेंगराटांड गांव की है, जहां अज्ञात बीमारी से पिछले 22 दिनों के अंदर आदिम जनजाति (पहाड़िया) परिवार के आठ सदस्यों की मौत हो गयी है। अभी भी 10 से अधिक लोग अलग अलग बीमारी से ग्रसित हैं। झारखंड में समय पर इलाज न हो पाने के कारण आये दिन प्रदेशवासियों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है।

## लूट-खसोट में लिप्त है स्वास्थ्य विभाग

बाबूलाल ने कहा कि झारखंड का स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह लूट-खसोट में लिप्त है और पैसे लेकर डॉक्टरों को मनचाहा पोस्टिंग देकर स्वास्थ्य सेवाएं को प्रभावित कर रही है। दूर-दराज के स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉक्टरों का पदस्थापन नहीं रहने के कारण मरीज इलाज नहीं करा पा रहे हैं। अतः आपसे अनुरोध है कि उपर्युक्त घटनाओं का संज्ञान लेते हुए एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी का गठन कर मौत के रहस्यों को सार्वजनिक करें तथा संलिप्त व्यक्ति/संस्था/डॉक्टरों/अस्पतालों पर कड़ी करवाई करें साथ ही साथ झारखण्ड के सभी लोगों के लिए ईलाज के पुख्ता इंतजाम कराने हेतु समुचित कार्रवाई करेंगे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 67,700 रु./10 ग्राम
चांदी 86,000 रु./प्रति किलो



# खतरनाक हो सकता है नौकरशाही का राजनीतिक मोहरा बनना

## ■ चुनाव आयोग को भेजी गयी झारखंड सरकार की शिकायत पर मचा बवाल

## ■ इस परिपाटी को यहीं रोका जाना जरूरी, वरना ध्वस्त हो सकती है व्यवस्था

आजाद सिपाही विशेष

**15 नवंबर 2000 को देश के राजनीतिक नक्शे पर 28वें राज्य के रूप में जब झारखंड का उदय हुआ था, तब किसी को इस बात का इल्म नहीं था कि निश्छल और संवेदनशील संस्कृति के समाज वाला यह प्रदेश हर स्तर पर नकारात्मक गतिविधियों के कारण पूरी दुनिया में चर्चित हो जायेगा। इस बार झारखंड की चर्चा इसकी नौकरशाही के कारण हो रही है, जो पहले से ही कुछ अधिकारियों के भ्रष्टाचार के कारण बदनाम है और अब इसने खुद को राजनीतिक मोहरा बना लिया है। मामला झारखंड सरकार की कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल द्वारा चुनाव आयोग को भेजी गयी शिकायत से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने एक केंद्रीय मंत्री और एक राज्य के मुख्यमंत्री की उनकी राजनीतिक गतिविधियों की शिकायत की है और कार्रवाई की मांग की है। भारतीय राजनीति की शुचिता के लिए यह शायद ठीक नहीं है, जब लोकतांत्रिक व्यवस्था का 'फौलादी कवच' मानी जानेवाली नौकरशाही पर राजनीतिक इस्तेमाल का आरोप लगे है। 1975 में दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र इस खतरनाक खेल का परिणाम भुगत चुका है, जब एक नौकरशाह राजनीतिक मोहरा बन गया और उसका अंतिम परिणाम इमरजेंसी से हुआ। इसके अलावा कई राज्यों में भी यदा-कदा इस तरह के मामले सामने आये, जिसका खामियाजा अंततः नौकरशाहों को ही भुगतना पड़ा। झारखंड सरकार द्वारा भेजी गयी शिकायत का यह प्रकरण भी नौकरशाही को उस अंधेरी सुरंग में धकेल सकता है, जिसका अंतिम परिणाम पूरी व्यवस्था का ध्वस्त होना ही हो सकता है। यह प्रकरण इसलिए चिंताजनक है, क्योंकि यह पत्र विशुद्ध रूप से राजनीतिक उद्देश्यों के लिए लिखा गया है और अधिकारियों को इससे बचना चाहिए। क्या है यह पूरा प्रकरण और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

भारत के सबसे कामयाब सेनाध्यक्ष और एकमात्र फील्ड मार्शल एसएफएचजे मानेकशॉ के जीवन से जुड़ा एक चर्चित प्रकरण है। बांग्लादेश युद्ध शुरू होने से ठीक पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जनरल मानेकशॉ को बुलाया। थल सेनाध्यक्ष जब वहां पहुंचे, जो पीएम ने उनसे कहा कि उन्हें सूचना मिल रही है कि सेना सत्ता पर कब्जे की तैयारी कर रही है। जनरल मानेकशॉ ने उन्हें कहा, आपको क्या लगता है। इस पर पीएम ने पूछा, क्या आप ऐसा कर सकते हैं? इस पर जनरल ने जवाब दिया, मैं ऐसा कर सकता हूं, लेकिन करूंगा नहीं, क्योंकि मेरा काम जंग लड़ना है, राजनीति नहीं। तत्कालीन प्रधानमंत्री और सेनाध्यक्ष के बीच हुई इस बातचीत को चर्चित फिल्म 'सैम बहादुर' में बेहद खूबसूरती से दिखाया गया है।

इस प्रकरण की याद इस समय केवल इसलिए आयी, क्योंकि अभी झारखंड सरकार की एक अधिकारी ने कुछ इसी तरह का काम किया है। राज्य सरकार की कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने चुनाव आयोग को एक पत्र भेजा है, जिसमें उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की झारखंड में चल रही राजनीतिक गतिविधियों की शिकायत करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कैबिनेट सचिव का यह पत्र चर्चा में इसलिए है, क्योंकि यह राजनीतिक क्षेत्र में नौकरशाही का सीधा हस्तक्षेप है। जनरल मानेकशॉ ने तो इंदिरा गांधी से कह दिया था कि उन्हें राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं है, लेकिन वंदना डाडेल ने पत्र लिख कर खुद को राजनीति का मोहरा जरूर बना लिया है।

वैसे दुनिया भर के लोकतांत्रिक देशों में राजनीतिक नेतृत्व और नौकरशाही के रिश्ते हमेशा से ही चर्चा का विषय रहे हैं। इन रिश्तों में समय, स्थान और परिस्थितियों के हिसाब से उतार-चढ़ाव के अलग अलग दौर रहे हैं। भारत में अंग्रेजी हुकूमत के दौरान नौकरशाही का स्वरूप और प्राथमिकताएं कुछ अलग थीं। आजादी के बाद उनमें धीरे-धीरे बदलाव लाया गया। परिणामस्वरूप आजाद मुल्क में नौकरशाही के काम करने का अपना एक तरीका बना। आजादी के बाद उसे काम करने की काफी कुछ आजादी दी गयी। इसके अलावा उसकी सेवा शर्तों को बनाते समय इस बात का विशेष ख्याल रखा गया कि नौकरशाह किसी भी प्रकार के अनावश्यक दबाव में न आयें। नौकरशाही को केवल सरकार के अनावश्यक दबाव से ही बचाने की कोशिश नहीं की गयी, बल्कि जनता या फिर निहित स्वार्थों के दबाव को भी उनसे परे रखने की कोशिश की गयी। पारंपरिक तौर पर नौकरशाही का यह भारतीय मॉडल बहुत कुछ नौकरशाही के मैक्स वेबेरियन मॉडल के करीब था, जो नौकरशाही के तटस्थ रहने की बात करता है। इसमें सरकारी कर्मचारी को सरकारी सेवा के नियमों के अनुसार कार्य करने की सलाह दी जाती है। इसके विपरीत नौकरशाही का प्रतिबद्ध मॉडल नौकरशाही से सरकार की नीतियों के अनुरूप चलने की बात करता है। भारत में 1975 के आपातकाल तक तो नौकरशाही के तटस्थ रहने की बातें की जाती थीं, लेकिन आपातकाल के दौरान सरकारी अधिकारियों से सरकारी नीतियों के प्रति प्रतिबद्धता की अपेक्षा की जाने लगी। दरअसल, तबसे ही देश में तटस्थ और प्रतिबद्ध नौकरशाही की अवधारणा में घालमेल शुरू हो गया। इस घालमेल के चलते सत्ताधारी दलों और नौकरशाहों ने अपने-अपने हिसाब से खूब उलटबाजियां की हैं।




### क्या लिखा है वंदना डाडेल ने

चुनाव आयोग को यह पत्र झारखंड सरकार ने भेजा है। इस पर कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने हस्ताक्षर किया है। इसमें चुनाव आयोग से अनुरोध किया गया है कि वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भाजपा नेताओं हिमंता बिस्वा सरमा और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को एक परामर्श जारी करने का आदेश दे कि वे आधिकारिक मशीनरी का दुरुपयोग कर 'संकीर्ण राजनीतिक लाभ' के लिए राज्य में सांप्रदायिक तनाव 'भड़काने' से बचें और संवैधानिक मानदंडों का घोर उल्लंघन करते हुए झारखंड के आंतरिक मामलों में सीधे हस्तक्षेप न करें।

### पत्र के बाद सियासत गरम

जाहिर है कि इस पत्र के बाद झारखंड की राजनीति में उबाल आ गया है, क्योंकि राज्य में अगले कुछ दिनों में विधानसभा चुनाव होने हैं। सत्तारूढ़ झामुमो और विपक्षी भाजपा के बीच इस मुद्दे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाये जाने लगे हैं। लेकिन अहम सवाल यह है कि क्या अभी इस तरह की शिकायती चिट्ठी लिखने का कोई औचित्य है।

इस सवाल का जवाब निश्चित तौर पर 'नहीं' है। हालांकि यह पहली बार नहीं है, जब किसी राज्य सरकार की तरफ से इस तरह की शिकायत की गयी है। लेकिन हर बार यही हुआ है कि राजनीति के इस ट्रैप में फंस कर या तो अधिकारी अपना अहित करते हैं या फिर वे अनजाने में मोहरा बन कर रह जाते हैं। पूर्व में तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केरल में इस तरह का प्रकरण हो चुका है, लेकिन हर बार नौकरशाही को ही इसकी कीमत चुकानी पड़ी।

झारखंड के संदर्भ में यह प्रकरण इसलिए भी चिंताजनक है, क्योंकि यहां की नौकरशाही पहले से ही भ्रष्टाचार को लेकर बदनाम है। महज ढाई दशक पहले बने इस राज्य के संदर्भ में देश के एक चर्चित आइएएस अधिकारी रहे अनिल स्वरूप ने कहा थाः झारखंड की कुव्यवस्था के लिए नौकरशाही ढांचा और लोकसेवक आंशिक रूप से जिम्मेवार हैं। जब झारखंड अलग राज्य बना, बिहार की नौकरशाही चारा घोटाले के दबाव से गुजर रही थी। ऐसे में आरएस शर्मा और राजीव गौबा जैसे उत्कृष्ट लोक सेवक थोड़े दिनों के लिए नये राज्य में मुख्य सचिव बनने के बाद केंद्र में चले गये। बकौल अनिल स्वरूप, झारखंड में अनेक ऐसे नौकरशाह हैं, जो बेहद काबिल हैं, लेकिन कुछ अधिकारियों की अक्षमता, अनिर्णय और बेइमानी के अलावा उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा की वजह से यह स्थिति पैदा हुई है।

इसलिए झारखंड की कैबिनेट सचिव के इस पत्र को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। यह नौकरशाही और राजनीति के उसी घालमेल का खतरनाक स्वरूप है, जो अंततः राज्य और समाज के लिए अहितकर तो होता ही है, नौकरशाह के लिए भी नुकसानदेह साबित होता है। यहां मध्यप्रदेश की एक महिला आइएएस अधिकारी दीपाली रस्तोगी के चर्चित लेख का जिक्र जरूरी हो जाता है, जिसे भारतीय नौकरशाही के लिए 'आइ ओपनर' कहा जाता है। इस लेख में वह लिखती हैंः हम अपने बारे में, अपनी बुद्धिमता के बारे में और अपने अनुभव के बारे में बहुत ऊंची राय रखते हैं और सोचते हैं कि लोग इसीलिए हमारा सम्मान करते हैं। जबकि असलियत यह है कि लोग हमारे आगे इसलिए समर्पण करते हैं, क्योंकि हमें किसी को फायदा पहुंचाने या किसी का नुकसान करने की ताकत दी गयी है। हमें वेतन और सुविधाएं इसलिए मिलती हैं कि हम अपने काम को कुशलता से करें और 'सिस्टम' विकसित करें। सच्चाई यह है कि हम कुप्रबंध और अराजकता फैला कर पनपते हैं, क्योंकि ऐसा करने से हम कुछ को फायदा पहुंचाने के लिए चुन सकते हैं और बाकी की उपेक्षा कर सकते हैं। हमें भारतीय गणतंत्र का 'स्टील फ्रेम' माना जाता है। सच्चाई यह है कि हममें दूरदृष्टि ही नहीं होती। हम अपने राजनीतिक आकाओं की इच्छा के अनुसार औचक निर्णय लेते हैं। हम पूरी प्रशासनिक व्यवस्था का अपनी जागीर की तरह अपने फायदे में या अपने चहेते लोगों के फायदे में शोषण करते हैं। हम काफी ढोंगी हैं, क्योंकि यह सब करते हुए हम यह दावा करते हैं कि हम लोगों की 'मदद' कर रहे हैं।

झारखंड में भी नौकरशाही के नुकसान के कई किस्से हैं। कई योग्य अधिकारी इसका दंश झेल चुके हैं। कई अभी कोर्च-कचहरी का चक्कर लगा रहे हैं। राजनीतिज्ञ इन्हें अपने लाभ के लिए मोहरा बना लेते हैं। कई बार राजनीतिज्ञ ही उन्हें फंसा भी देते हैं। उदाहरण के लिए हम वर्तमान डीजीपी का जिक्र कर सकते हैं। पिछली सरकार के समय विपक्ष ने उन पर काफी प्रहार किया। उन्हें राज्यसभा चुनाव में बेवजह किसी के पक्ष में काम करने के आरोप में घसीटा गया। बात कोर्च-कचहरी तक पहुंच गयी। कोर्ट-कचहरी से वह बेदाग तो निकले, लेकिन उस दौरान उनकी जो बदनामी हुई, उउनको जो मानसिक तनाव हुआ, उसकी भरपाई कैसे होगी। अभी एक और आइएएस अधिकारी हैं। उन पर बार-बार विवाद चस्पां किया जाता है। हालत यह है कि जब भी चुनाव होता है, चुनाव आयोग उन्हें दायित्वों से मुक्त रखता है। इससे उबरने के लिए वे कोर्ट-कचहरी का चक्कर काट रहे हैं। यह सब नेता अपने लाभ के लिए करते हैं। ऐसे में नौकरशाही को भी यह समझने की जरूरत है कि वह किसी का मोहरा नहीं बने।

---

# मेहनत, संघर्ष की बदौलत असिस्टेंट प्रोफेसर बना डॉ राकेश

## प्रोफेसर बन कर एसके यूनिवर्सिटी में छात्रों को दे रहे तालीम

सक्सेस स्टोरी

**कार्तिक कुमार**

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** एक कहावत है होनहार बिरवान के होत चिकनेपात। इस कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है डॉक्टर राकेश कुमार दास ने। डॉक्टर राकेश ने गरीबी और शिक्षा के महत्व को बहुत करीब से देखा है, लेकिन घर की आर्थिक तंगी और परेशानियां और संकट के आगे इसने कभी हार नहीं मानी। अमरापारा हाइस्कूल से मैट्रिक की पढ़ाई कर संथाल परगना महाविद्यालय से ग्रेजुएशन, एमए, फिर पीएचडी की डिग्री हासिल कर इसी साल इनका सेलेक्शन सिदो-कान्हू विश्वविद्यालय में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ है। राकेश फिलवक्त महेशपुर के घाट चौरा में नवनिर्मित डिग्री कॉलेज में बतौर मनोविज्ञान विभाग में अपनी सेवा दे रहे हैं। राकेश ने अपने शैक्षिक जीवन में आयी आर्थिक तंगी, विकट परिस्थिति, पारिवारिक बोझ के बावजूद कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखा और ना ही हार माना। अपने लक्ष्य, मिशन को हासिल करने के लिए लगातार संघर्ष और मेहनत करते रहे और परिणाम आज दिखा कि राकेश अब डॉक्टर राकेश की डिग्री हासिल कर सुदूर इलाका महेशपुर डिग्री कॉलेज में बच्चों के बीच अब शिक्षा की अलख जगा रहे हैं। राकेश के पिता गिरधारी दास ने भी अपने छात्र जीवन से लेकर पारिवारिक जीवन में काफी संघर्ष और मेहनत कर परिवार, बच्चों की परवरिश कर अपने बच्चों को शिक्षा दी। उनकी ईमानदारी और कड़ी धूप में बैठ कर तप कर की गयी मेहनत का परिणाम है, जो उनका पुत्र राकेश अब डॉक्टर राकेश बन गया। अमरपारा समाज के साथ-साथ दलित समाज के लिए एक आइडियल और शान बान बन गया है।



राकेश की कामयाबी और सफलता पर पूरा अमरापारा गांव, समाज आज गौरान्वित है। राकेश को अमरापारा के लोग उसकी मेहनत, कामयाबी संघर्ष और सफलता, उपलब्धि पर नाज कर रहा है। अध्यनरत छात्रों को राकेश की मेहनत, पढ़ाई के प्रति समर्पण और हासिल की गयी उपलब्धियां से सीख लेने की जरूरत है। कहते हैं कि कौन कहता है कि आसमान में सुराख नहीं होता, एक पत्थर तबीयत से उछालो तो यारो।

यह कथन राकेश पर सटीक बैठता है। राकेश ने अपने गांव, समाज के लोगों को भी अपने साथ शिक्षा के क्षेत्र में आगे लाने का संकल्प लिया है और अत्यंत निर्धन, लाचार छात्रों को हरसंभव पढ़ाई के क्षेत्र में सहयोग और मार्गदर्शन देने की बात कही है। कहा है कि मैं अपने समाज के इस अभिशाप अशिक्षा को मिटाने के लिए बढ़-चढ़ कर आगे आकर गरीब और लाचार छात्रों को हरसंभव शिक्षा के क्षेत्र में उन्हें बेहतर मार्गदर्शन देने का काम करूंगा। डॉक्टर राकेश ने अमरापारा हाइस्कूल से 2006 में मैट्रिक पास की। फिर संथाल परगना महाविद्यालय दुमका से 2013 में ग्रेजुएशन किया। 2017 में एमए करने के बाद 2023 में पीएचडी की। तत्पश्चात 3 सितंबर 2024 को उनका चयन बतौर प्रोफेसर सिदो-कान्हू विश्वविद्यालय दुमका में हुआ। उनकी पहली पोस्टिंग डिग्री कॉलेज घट चौरा महेशपुर, पाकुड़ में की गयी है।

---

# छत्तीसगढ़ में दिनदहाड़े 5 करोड़ का सोना लूट कर झारखंड भागे बदमाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर-रामनुजगंज जिले में बड़ी लूट हुई है। घटना बुधवार दोपहर 1.50 बजे की है। यहां बदमाशों ने ज्वेलरी शॉप में घुस कर 8 किलो सोना लूट लिया। घटना रामानुजगंज नगर पालिका चौक में राजेश ज्वेलर्स नाम की दुकान में हुई है। ज्वेलरी शॉप के संचालक राजेश सोनी पर बदमाशों ने कट्टे की बट्ट से हमला किया और गोली मारने की धमकी देकर वहां से फरारा हो गये।

मिली जानकारी के अनुसार तीन बदमाश बाइक में सवार होकर ज्वलेरी शॉप पहुंचे। इसके बाद उन्होंने संचालक और वहां के कर्मचारियों पर हमला किया। उन्होंने धमकी देकर 15 मिनट के अंदर दुकान सहित लॉकर मे रखे सोने के जेवरात निकलवाये। इसके बाद बदमाश जेवरात को बैग में डाल कर बाइक से फरार हो गये। बदमाशों के निकलते ही संचालक ने पुलिस को इसकी सूचना दी।



बताया जा रहा है कि बाइक में सवार होकर बदमाश झारखंड की ओर निकले हैं। पुलिस ने घटना की जानकारी मिलने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस की एक टीम छत्तीसगढ से झारखंड की ओर भी भेजी गयी है। इस घटना से स्थानीय लोगों में दहशत है। पुलिस सीसीटीवी फूटेज भी खंगाल रही है। इससे लुटेरों की पहचान और उनके आने एवं भागने के रास्ते की जानकारी मिल सकेगी। दूसरी ओर घटना की सूचना मिलने के बाद बलरामपुर एसपी राजेश अग्रवाल सहित वरिष्ठ अधिकारी भी रामानुजगंज पहुंच गये हैं। लेकिन अभी तक लुटेरों का कोई सुराग नहीं मिला है। वहीं ज्वेलरी शॉप के संचालक राजेश सोनी ने बताया कि बदमाशों ने करीब 5 करोड़ का सोना लूट लिया है। उन्होंने आशंका जतायी कि बदमाशों ने पहले ही दुकान की रेकी की थी। उन्होंने ऐसे समय को लूट के लिए तय किया था, जब दुकान में ग्राहकों की संख्या सबसे कम रहती है।

---

# छात्रा के साथ हेडमास्टर कर रहा था छेड़खानी, गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पाकुड़।** पाकुड़ जिले में एक सरकारी स्कूल के हेडमास्टर पर छेड़खानी का आरोप लगा है। मामला जिले के रद्दीपुर ओपी क्षेत्र का है। छेड़खानी का मामला सामने आने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने स्कूल पहुंच कर खूब हंगामा किया। साथ ही स्कूल में ताला लगा दिया। मामले की सूचना होने पर पुलिस पहुंची और आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराया। पुलिस ने मामले में परिजनों और ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीण शांत हुए। साथ ही ओपी प्रभारी ने ग्रामीणों से स्कूल का ताला खुलवाया। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि स्कूल की 11 वर्षीय छात्रा के साथ हेडमास्टर असराफुल हक ने छेड़छाड़ की थी। यह बात बच्ची ने अपने घरवालों को बता दी। ग्रामीणों ने बताया कि इसके पूर्व भी हेडमास्टर कई अन्य छात्राओं के साथ छेड़छाड़ कर चुका है। साथ ही वह बच्चियों को डरा-धमका कर चुप करा देता था। वहीं परिजन भी लोकलज्जा के कारण पुलिस से शिकायत नहीं करते थे। घटना को लेकर पीड़ित छात्रा के परिजनों की लिखित शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। इस संबंध में थाना प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि परिजनों की लिखित शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। साथ ही विद्यालय के हेडमास्टर असराफुल हक को गंगड्डा गांव स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
194000 Subscribers
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.8 °c | 23.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.56 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.34 बजे |



## आदिवासी संगठनों ने दिउड़ी फुटबाल मैदान में आमसभा का आयोजन किया

# गिरफ्तार दो आदिवासी नेताओं को अविलंब रिहा करने की मांग की

- आदिवासियों ने दिउड़ी दीरी जमीन बचाने के लिए सामूहिक रूप से संकल्प लिया
- 29 सितंबर को आदिवासी जनाक्रोश महारैली का आयोजन किया गया है




आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** दिउड़ी मंदिर प्रकरण को लेकर आदिवासी और हिंदू संगठनों में विवाद गहराता जा रहा है। इस सिलसिले में पांच सितंबर को मंदिर में ताला लगा देने, फिर पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में ताला काटकर पूजा करवाने, उसके बाद ताला लगाने वाले लोगों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर हिंदू संगठनों द्वारा तमाड़ और बुंडू बंद कर दिया गया था। इस मामले में पुलिस द्वारा 20 नामजद व 100 अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आदिवासी नेताओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया था। इसी प्रकरण में प्रशासन द्वारा मंदिर परिसर में निषेधाज्ञा लागू की गयी थी। बुधवार को दिउड़ी मंदिर की जमीन के मसले पर विभिन्न आदिवासी संगठनों की दिउड़ी फुटबाल मैदान में आम सभा हुई। इस बैठक में दिउड़ी दिरी की खुट कट्टी जमीन किस प्रकार से स्थानांतरण हुई और आदिवासियों की दिउड़ी दीरी जमीन को बचाने के लिए सामूहिक रूप से संकल्प लिया गया और कहा गया कि आंदोलनकारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उसको अविलंब रिहा किया जाये।

इस दौरान आम सभा में संगठन के नेता में तू-तू मैं-मैं भी हो गयी। इस बैठक में धर्म गुरु बंधन तिग्गा, देव कुमार धान, प्रेम शाही मुंडा, लक्ष्मी नारायण सिंह मुंडा, सुरेश सोय, एलेन उरांव, दिनकर कश्यप, कुंदर्शी मुंडा, सेलिना लकड़ा, पंचानंद सिंह मुंडा सिदाम सिंह मुंडा, सोबरन मुंडा, दिनकर कच्छप, मानिक सरदार, जय सिंह सरदार, मुना मुंडा सहित सैकड़ों की संख्या आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

### सभा में सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिये गये

- 29 सितंबर 2024 को आदिवासी जनाक्रोश महारैली का आयोजन किया गया है।
- संगठन को संचालन के लिए देउरी दीरी आदिवासी जमीन बचाओ अभियान समिति का गठन की गयी। इस समिति में सभी संयोजक रहेंगे।
- इस रैली को सफल बनाने के लिए 32 जनजाति के अगुआ एवं पूरे देश और राज्य के आदिवासी समाज के धार्मिक सांस्कृतिक अगुआ शामिल होंगे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — अव्यवस्थित दिनचर्या,आमदनी से खर्च अधिक होगा.किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकता है।
- **वृष** — बौद्धिक विकास होगा,रचनात्मक प्रयास सफल होंगे,व्यर्थ की चिन्ताओं में ध्यान बढेगा।
- **मिथुन** — परिश्रम-प्रयत्न से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी, घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा।
- **कर्क** — कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा,आर्थिक परेशानी दूर होगी,सेहत में सुधार होगा।
- **सिंह** — संकल्पित काम पूरे होंगे,भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, आर्थिक समस्याओं का सहजता से समाधान होगा।
- **कन्या** — यात्राएं सफल होगी,अनावश्यक खर्चों में कमी आयेगी,क्रोध पर नियंत्रण रखना आवश्यक है।
- **तुला** — नवीन योजनायें सफल होगी,आर्थिक लाभ के एकाधिक अवसर मिलेंगे।
- **वृश्चिक** — रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा मिलेगा,हर क्षेत्र में सफलता, नवीन व्यापारिक योजना सफल।
- **धनु** — विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, रुके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़।
- **मकर** — थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, यात्रा सुखद। धन लाभ के अवसर बनेंगे।
- **कुंभ** — कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, यशस्वी कार्य करने का अवसर, नये लोगों से सम्पर्क।
- **मीन** — बुद्धि-चतुराई से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान,व्यापार वृद्धि।

# हजारीबाग सदर एसडीएम शैलेश कुमार के आवास और कार्यालय में एसीबी की छापेमारी

- सुबह 6 बजे शुरू हुई छापेमारी, देर शाम तक रही जारी
- कई दस्तावेज और फाइलों को एसीबी टीम ने खंगाला



दीपक सिंह

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** भ्रष्टाचार के खिलाफ झारखंड एसीबी ने बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार सुबह एसीबी की टीम ने हजारीबाग एसडीएम शैलेश कुमार के आवास और कार्यालय समेत अन्य ठिकानों पर छापेमारी की। इसके अलावा उनके गिरिडीह के शास्त्री नगर मुहल्ले स्थित आवास पर भी एसीबी की टीम ने छापेमारी की। हजारीबाग सदर एसडीएम शैलेश कुमार के झील रोड स्थित आवास और समाहरणालय स्थित कार्यालय पर एसीबी रांची की टीम बुधवार अहले सुबह पहुंची और छापेमारी शुरू की। छापेमारी सुबह से शुरू होकर खबर लिखे जाने तक जारी थी। इस दौरान किसी भी बाहरी व्यक्ति का आवास और कार्यालय में प्रवेश वर्जित था। यहां तक कि एसडीएम के ड्राइवर को भी आवास में प्रवेश नहीं दिया गया। एसीबी की टीम सुबह साढ़े चार बजे के आसपास हजारीबाग पहुंची। उसके बाद तीन टीम में बंट कर कार्रवाई शुरू की। टीम का नेतृत्व डीएसपी रैंक के अधिकारी कर रहे थे। एक टीम ने झील रोड स्थित आवास पर छापेमारी शुरू की, जबकि दो टीम ने समाहरणालय स्थित कार्यालय में छापेमारी की। टीम में एसीबी के डीएसपी, इंस्पेक्टर, एसआइ, एएसआइ और सुरक्षा गार्ड शामिल थे। पूरी छापेमारी के दौरान आवास और कार्यालय में रखी फाइल को एसीबी की टीम ने बारीकी से जांच की। इस दौरान पूरी कार्रवाई की वीडियो रिकार्डिंग भी की गयी। अहले सुबह से कार्रवाई शुरू होने के कारण एसडीएम शैलेश कुमार एसीबी की निगरानी में अपने आवास में ही रहे। खबर लिखे जाने तक कार्रवाई जारी थी। जानकारी के अनुसार, चर्चित बड़गाई जमीन घोटाला मामले को लेकर एसीबी की टीम राजधानी रांची, चाइबासा, गिरिडीह और हजारीबाग के कई ठिकानों में तलाशी ले रही है। बता दें कि बड़गाई जमीन घोटाले मामले में रांची के बरियातू थाना में एफआइआर दर्ज हुई। उस दौरान शैलेश कुमार बड़गाई और हेहल अंचल में पोस्टेड थे। अब इस मामले की जांच एसीबी कर रही है।

इधर एसीबी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि रांची जिले के सदर थाना कांड संख्या-272/2023, जिसका अनुसंधान अपराध अनुसंधान विभाग, झारखंड, रांची द्वारा किया जा रहा था। सरकार द्वारा एसीबी को उक्त कांड का अनुसंधान करने हेतु आदेश प्राप्त होने पर विधिवत संबंधित न्यायालय को सूचित करते हुए एसीबी द्वारा कांड का अग्रतर अनुसंधान प्रारंभ किया गया है। अग्रत्तर अनुसंधान के क्रम में मनोज कुमार एवं शैलेश कुमार, तत्कालीन अंचलाधिकारी, बड़गाई, जिला रांची के विरुद्ध साक्ष्य पाये जाने पर तथा और अधिक साक्ष्य एकत्रित करने के उद्देश्य से तलाशी वारंट प्राप्त कर बुधवार को दोनों पदाधिकारियों के पदस्थापन कार्यालय, एवं निवास स्थान (रांची, हजारीबाग, चाइबासा, गिरिडीह) पर एसीबी द्वारा गठित विभिन्न टीम द्वारा तलाशी की कार्रवाई की गयी।

### इडी के गवाह हैं शैलेश और मनोज कुमार

हजारीबाग के एसडीओ शैलेश कुमार और बड़गाईं के सीओ मनोज कुमार इडी के गवाह हैं। इनक विरुद्ध रांची के सदर थाना में कांड संख्या 272/2023 दर्ज किया गया है। इसका अनुसंधान सीआइडी कर रही है। एसीबी द्वारा आगे का अनुसंधान किया जा रहा है। साक्ष्य एकत्र करने के लिहाज से एसीबी ने तलाशी अभियान चलाया है। मनोज कुमार पहले बड़गाईं में रह चुके हैं और इस समय नोवामुंडी में सीओ हैं।

## सचिवालय में दूसरे दिन भी अवकाश पर रहे अधिकारी

**रांची (आजाद सिपाही)।** सरकार के वरीय पदाधिकारियों और सचिवालय सेवा संघ के पदाधिकारियों के बीच दूसरी बार वार्ता के बाद भी कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका है। कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो, वित्त सचिव प्रशांत कुमार और राजस्व पर्षद के सदस्य मस्तराम मीणा और सचिवालय सेवा संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद और महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा सहित अन्य पदाधिकारियों के बीच वार्ता की गयी है, जिसमें कुछ लंबित मांगों पर विचार करने की बात हुई। हालांकि, प्रमुख मांग पर कोई ठोस या सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जा सका।

## 26.13 लाख की ठगी करने वाले साइबर अपराधी को सीआइडी ने किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 26.13 लाख की ठगी करने वाले साइबर अपराधी को सीआइडी ने गिरफ्तार किया है। डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर सीआइडी की साइबर सेल की टीम ने कार्रवाई की है। गिरफ्तार आरोपी का नाम प्रदीप कुमार महतो है। साइबर अपराधी प्रदीप कुमार महतो को हजारीबाग से गिरफ्तार किया गया है। प्रदीप कुमार महतो लोगों को सिम पोर्ट करने के नाम पर ठगी करता था। पुलिस ने उसके पास से दो मोबाइल, एक सिम, पांच एटीएम, तीन पासबुक, दो पैन कार्ड और एक आधार कार्ड बरामद किया है।

# महाधिवक्ता ने कहा: मुख्यमंत्री ने वकीलों से किया वादा निभाया

## अब एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पर की जायेगी पहल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्य के महाधिवक्ता राजीव रंजन ने राज्य सरकार द्वारा वकीलों के लिए शुरू की गयी योजनाओं की सराहना की। उन्होंने बताया कि राज्य में 164 वकील पेंशन योजना का लाभ ले रहे हैं। नये वकीलों को पहले प्रति महीने एक हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाती थी, जिसे बढ़ा कर अब पांच हजार रुपये किया गया है। 7 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के वकीलों के साथ सीधा संवाद किया था और उनकी पीड़ा सुनी थी। उसी दौरान उन्होंने वकीलों से यह वादा किया था कि वे वकीलों को स्वास्थ्य बीमा और जीवन बीमा से जोड़ेंगे। मुख्यमंत्री ने अपना वादा निभाया। झारखंड देश का पहला राज्य है, जहां वकीलों को सरकार अपनी योजनाओं से जोड़ कर आर्थिक रूप से मजबूत कर रही है। राज्य के लगभग 15 हजार वकील ट्रस्टी कमिटी के सदस्य हैं। फिलहाल स्वास्थ्य बीमा के लिए सरकार ने 13 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया है। महाधिवक्ता ने जिला बार संघ और वकीलों के हित में कार्यरत अन्य संघों से यह आग्रह किया है कि वे राज्य के सभी वकीलों को सरकार की योजनाओं से जोड़ें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लंबे समय से लंबित एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की दिशा में भी पहल की जाएगी। महाधिवक्ता हाईकोर्ट स्थित सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

# हेमंत सरकार राजनीतिक लड़ाई लड़ने में सक्षम नहीं है : भाजपा

- महाधिवक्ता की प्रेस कांफ्रेंस पर भाजपा का पलटवार
- प्रधान सचिव और महाधिवक्ता को पार्टी प्रवक्ता बना रहा है झामुमो

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बुधवार को झारखंड के महाधिवक्ता की प्रेस कांफ्रेंस पर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि जिस प्रकार महाधिवक्ता सरकार का गुणगान कर रहे हैं। उससे वो महाधिवक्ता कम झामुमो के विधि प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता ज्यादा लग रहे हैं। महाधिवक्ता एक संवैधानिक पद होता है और उस पद की गरिमा होती है। महाधिवक्ता जिस प्रकार संवैधानिक पद को ताक पर रखकर सरकार का गुणगान कर रहे थे उससे स्पष्ट हो गया है कि हेमंत सरकार राजनीतिक लड़ाई लड़ने में सक्षम नहीं है। अब हेमंत सरकार नेताओं के बदले अपने अफसरों एवं महाधिवक्ता को आगे कर के राजनीतिक लड़ाई लड़ रही है। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि अभी हाल ही में सरकार के झारखंड कैबिनेट सचिवालय सतर्कता विभाग के प्रधान सचिव वंदना डडेल ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर भाजपा नेताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी थी। बुधवार को महाधिवक्ता ने कहा कि झारखंड देश का पहला राज्य है जहां वकीलों को सरकार अपनी योजनाओं से जोड़कर आर्थिक रूप से मजबूत कर रही है। महाधिवक्ता को यह भी बताना चाहिए की पहली बार है कि सरकार के किसी कार्य का गुणगान महाधिवक्ता हाइकोर्ट परिसर के अंदर प्रेस कांफ्रेंस कर के कर रहे हैं। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि महाधिवक्ता को यह भी बताना चाहिए कि हेमंत सरकार ने 2021 में कोर्ट फीस में दस गुना वृद्धि की थी और तब अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया था और उस वक्त महाधिवक्ता ने अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ और अवमानना का मामला बताया था। 6 और 7 जनवरी 2023 को बार काउंसिल के निर्देश पर 35000 से ज्यादा अधिवक्ता अदालती करवाई का बहिष्कार करने का निर्णय लिये थे।

दूसरी तरफ महाधिवक्ता ने राज्य सरकार के सभी अधिवक्ताओं को 6 जनवरी 2023 को निर्देश दिया था कि कोर्ट में जाकर काम करें और 7 जनवरी को मुख्यमंत्री की ओर से आयोजित संवाद में सभी जिलों के सरकारी अधिवक्ताओं को कार्यक्रम में हिस्सा लेने का निर्देश दिये थे। महाधिवक्ता को यह भी बताना चाहिए कि हेमंत सरकार में कितने अधिवक्ताओं की हत्या हुई और कितने अधिवक्ताओं पर केस दर्ज हुए। हेमंत सरकार के अब ऊंगली पर दिन बचे हैं तो महाधिवक्ता को भी अपना पद उंगली पर गिनना शुरू कर देना चाहिए।

# एमएसएमइ कॉनक्लेव और पीएम विश्वकर्मा कार्यशाला का हुआ आयोजन

- रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में हुआ कार्यक्रम
- केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने की अध्यक्षता



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमइ) मंत्रालय द्वारा रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में 'एमएसएमइ कॉनक्लेव तथा पीएम विश्वकर्मा कार्यशाला' का बुधवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने की। इस कॉनक्लेव का उद्देश्य भारत सरकार के एमएसएमइ मंत्रालय की योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने, उनकी वृद्धि, प्रतिस्पर्धात्मकता को उत्प्रेरित करने और नये भारत में विश्वकर्मा का सम्मान करने का था। इसमें विशिष्ट अतिथि के रूप मे राज्य मंत्री, एमएसएमइ मंत्रालय की राज्यमंत्री शोभा करांदलाजे और झारखंड सरकार के उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता मौजूद थे।

**झारखंड में 10 लाख सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम:** एमएसएमइ मंत्रालय के मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा कि झारखंड में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों की पंजीकृत संख्या लगभग 10 लाख हो गयी है। जिसमें 38 लाख लोगों को रोजगार मिल रहा है। पूरे देश में 20 प्रौद्योगिकी केंद्रों की स्थापना की जा रही है। जिसमें से एक का आज झारखंड के बोकारो जिले में स्थापना के लिए वर्चुअल मोड में शिलान्यास किया गया है। जिसकी अनुमानित लागत 200 करोड़ रुपये है। ये प्रौद्योगिकी केंद्र राज्य के एमएसएमइ इकाईयों को तकनीकी सहायता प्रदान करेगा साथ ही युवाओं के कौशल विकास के लिए कार्य करेगा, ताकि उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि हो सके। साथ ही पूरे देश में स्थापित हो रहे 100 विस्तार केंद्रों में से दो विस्तार केंद्र की स्थापना झारखंड राज्य के आइएसएम, धनबाद एवं झारखंड तकनीकी विश्वविद्यालय, रांची में की जाने की स्वीकृति एमएसएमइ मंत्रालय द्वारा दी गयी है। ये विस्तार केंद्र एमएसएमइ इकाइयों की आवश्यकतानुसार तकनीकी सहायता प्रदान करेंगे और कौशल विकास कार्यक्रम चलायेंगे। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की, कि 5 वर्षों में 30 लाख विश्वकर्मा को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य मिला था, जबकि मात्र एक वर्ष के कम समय में ही 2.45 करोड़ लोग इस योजना से जुड़ चुके हैं।

### सामाजिक-आर्थिक विकास में बड़ा योगदान

राज्यमंत्री शोभा करांदलाजे ने बताया कि एमएसएमइ सेक्टर देश की जीडीपी के लगभग 30 प्रतिशत, विनिर्माण क्षेत्र में लगभग 45 प्रतिशत एवं निर्यात क्षेत्र में लगभग 40 प्रतिशत का योगदान करता है। अतः समाजिक- आर्थिक विकास में बड़ा योगदान करने के कारण इसे देश के रीढ़ की हड्डी कहना कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। उन्होंने भारत सरकार की पीएम विश्वकर्मा योजना, महिला क्वायर योजना, यशस्विनी योजना, रैंप योजना, पीएमएस योजना, पीएमइजीपी योजना आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताया।

### उद्योग मंत्री ने जीवन स्तर में सुधार की उम्मीद जतायी

झारखंड सरकार के उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता एमएसएमइ कॉनक्लेव की सराहना की। साथ ही उन्होंने एमएसएमइ मंत्रालय द्वारा चलाये जा रहे पीएम विश्वकर्मा योजना से झारखंड के विश्वकर्मा को अपना जीवन स्तर सुधारने एवं उद्यमी के रूप में स्थापित होने में काफी सहयोग प्राप्त होने की आशा व्यक्त की।

### बोकारो प्रौद्योगिकी केंद्र का उद्घाटन

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने वर्चुअल मोड में बोकारो में प्रौद्योगिकी केंद्र, जेड 2.0, आइडिया हैकथॉन 4.0 की आधारशिला रखी। मंत्रालय की संयुक्त सचिव मर्सी एपाओ ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रूप-रेखा के बारे में विस्तार से बताया। झारखंड सरकार के उद्योग सचिव ने जितेंद्र कुमार सिंह ने झारखंड सरकार द्वारा एमएसएमइ उद्यमियों के विकास के लिए चलायी जा रही योजनाओं के बारे में बाताया। इस मौके पर केंद्र सरकार की एमएसएमइ मंत्रालय और राज्य सरकार के अधिकारीगण मौजूद थे। मंत्रालय के अपर सचिव ने एमएसएमइ के बदलते परिदृश्य और बाजार, ऋण, प्रौद्योगिकी, हरित और एमएसएमइ की स्थिरता जैसी चुनौतियों के निवारण के लिए सहायता प्रदान करने के लिए मंत्रालय की पहल के बारे में जानकारी दी।

# अर्जुन मुंडा ने प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) आगमन को लेकर गोपाल मैदान में हो रही तैयारियों का बुधवार को जायजा लिया। प्रधानमंत्री इस दिन कई रेल का उद्घाटन और परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे और एक आम सभा को संबोधित करेंगे।

इस दौरान जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी, नंदजी प्रसाद, प्रशासनिक अधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



### संजय सेठ ने ऑस्ट्रेलिया में आयोजित लैंड फोर्सेज एक्सपो में भारतीय पवेलियन का किया उद्घाटन

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारतीय रक्षा उद्योग वैश्विक स्तर पर मजबूत हुआ : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** रांची के सांसद और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बुधवार को मेलबर्न ऑस्ट्रेलिया में लैंड फोर्सेज एक्सपो-2024 में इंडियन डिफेंस इंडस्ट्री के पवेलियन का उद्घाटन किया। यह पहला अवसर है जब लैंड फोर्सज एक्सपो में भारत भी शामिल हुआ है। संजय सेठ ने भारतीय पवेलियन के उद्घाटन के बाद भारतीय रक्षा उद्योग से जुड़े विभिन्न संस्थाओं के स्टॉल का अवलोकन किया। इस एक्सपो में डीआरडीओ, बीइएमएल, यंत्र इंडिया लिमिटेड सहित कई कंपनी शामिल हुईं। संजय सेठ ने डीआरडीओ के वैज्ञानिकों के साथ बातचीत की। एक्सपो में प्रदर्शित प्रणालियों और प्रौद्योगिकियों के बारे में उन्होंने जानकारियां ली। सेठ ने कहा कि भारतीय रक्षा उद्योग को इससे नयी गति और शक्ति प्रदान करने में यह एक्सपो सकारात्मक भूमिका निभायेगी। उत्पादन, रोजगार सहित कई क्षेत्रों में नये अवसर सृजित होंगे। सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारतीय रक्षा उद्योग को नयी ऊंचाई प्राप्त हुई है। आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया जैसे मुहिम के माध्यम से दुनिया का आकर्षण बढ़ा है। हम एक दूसरे के साथ बेहतर समन्वय बनाकर हम रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहे हैं। भारत अब रक्षा उत्पादों में अपनी आत्मनिर्भरता तो बढ़ा ही रहा है, साथ में उत्पादों का निर्यात भी कर रहा है। आज हम दुनिया के प्रमुख रक्षा उत्पादकों में शामिल हो रहे हैं। आने वाले दिनों में भारत रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करने वाला है। इस अवसर पर काउंसलेट जनरल डॉ सुशील कुमार, लेफ्टिनेंट जनरल अमरदीप सिंह, बीइएलएम के सीएमडी शांतनु राय मौजूद थे।

## राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में निशुल्क जांच शिविर आज

रांची (आजाद सिपाही)। गुरुवार को राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में पूर्ववर्ती छात्र एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन कोषांग के द्वारा निशुल्क जांच शिविर का आयोजन 9:30 बजे से 12:30 बजे तक किया गया है। इस अवसर पर प्राचार्य विष्णुचरण महतो, अध्यक्ष संतोष महतो, डॉक्टर करुणा झा, डॉक्टर सुनीता झा, डॉक्टर एसएन प्रसाद, डॉक्टर महादेव, डॉक्टर हिना यशमीन, डॉक्टर प्रीति रॉय, डॉक्टर अर्चना पाठक, विक्रम शर्मा, राजू राम, संजय राम, अभिषेक बर्नवाल, वसिष्ठ पासवान, बंटी पासवान, रवि अग्रवाल, सूरज पासवान एवं वीरेंद्र प्रसाद उपस्थित रहेंगे।

### सरला बिरला विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम

# शिक्षा के साथ चरित्र निर्माण भी आवश्यक : प्रो. गोपाल पाठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** 'पठन पाठन में उत्कृष्टता के अलावा सशक्त चरित्र निर्माण भी उतना ही आवश्यक है' ये बातें सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने अपने संबोधन के दौरान कहीं। वे विवि के नये सत्र के लिए आयोजित तीन दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सामान्य अनुशासन के अलावा शैक्षणिक और वित्तीय अनुशासन पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने एसबीयू के साथ विभिन्न विदेशों विश्वविद्यालयों के एमओयू की जानकारी देते हुए कहा कि इससे विवि के विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शैक्षणिक परिवेश में अध्ययन का अवसर हासिल होगा।

कार्यक्रम में विवि के प्रभारी कुलपति प्रो. एसबी डांडीन ने विद्यार्थियों को अच्छे कर्म, सहयोगी स्वभाव और जीवन में सकारात्मक प्रवृत्ति को अपनाते हुए अध्ययन को आत्मसात की सलाह दी। कुलसचिव प्रो. वीके सिंह ने नये विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें बिरला परिवार की समृद्ध विरासत, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अपनी जड़ों से जुड़े रहने के विषय में बताया। डीन डॉ. नीलिमा पाठक ने विद्यार्थियों को बेहतरीन समय प्रबंधन, अनुशासन, कुशल आचरण और दृढ़ संकल्प के जरिए अपना लक्ष्य पूरा करने की सलाह दी।

कार्यक्रम का संचालन इशिका सिंह और समापन डॉ. शुभ्रजीत मंत्री ने किया। उपस्थित विद्यार्थियों के समक्ष डीएसडब्ल्यू डॉ. अशोक अस्थाना, हरिबाबू शुक्ला, प्रो. राहुल वत्स, डॉ. पीके होता और सीएस महता ने अपने विभागों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. संदीप कुमार, डॉ. शैलेश नारायण सिंह, डॉ. राज कुमार सिंह समेत विश्वविद्यालय के अन्यान्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर शुभकामनाएं दीं।

## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में युवक दोषी करार

रांची (आजाद सिपाही)। पॉक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बुधवार को नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपित सुनील अहीर को दोषी करार दिया है। साथ ही उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 13 सितंबर की तिथि निर्धारित की है। मामले में एपीपी पुष्पा सिन्हा ने अदालत के समक्ष पीड़िता सहित सात गवाहों को प्रस्तुत की थी। दोषी युवक सोनाहातू थाना क्षेत्र का कुदाडीह गांव निवासी है। उसके खिलाफ पीड़िता की मां ने सोनहातू थाना में 28 जून, 2022 को बेटी का अपहरण को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पीड़िता अपने घर से 28 जून, 2022 की सुबह कोचिंग क्लास के लिए निकली थी, जो वापस नहीं लौटी थी। आरोपित ने नाबालिग का अपहरण कर रांची स्थित अपने फुफा के घर ले आया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने युवक को 1 जुलाई, 2022 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले में गवाही के दौरान मेडिकल रिपोर्ट और एफएसएल रिपोर्ट को डॉक्टर ने चिह्नित किया है।

# रोटी बैंक रांची को रोटी बनाने की मशीन दान में दी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, मारवाड़ी महिला मंच रांची शाखा के द्वारा रोटी बैंक रांची को रोटी बनाने वाली मशीन एवं आटा बॉल कटींग मशीन दान में दी गयी।

विदित हो कि रोटी बैंक के द्वारा साढ़े चार वर्षों से झारखंड के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स परिसर सहित अन्य स्थानों पर जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन कराया जा रहा है। मारवाड़ी महिला मंच के पदाधिकारी ने कहा कि समाज में जो मानवीय कार्य कर रहे हैं। उनको सहयोग करना हमारा परम कर्तव्य है। रोटी बनाने वाली मशीन दान कर हमलोगों को सुखद अनुभूति हो रही है। रोटी बैंक राची के संस्थापक विजय पाठक ने महिला मंच के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि आपका सहयोग हमें सदैव मानवीय कार्य करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। रोटी बनाने की मशीन मिल जाने से कार्य करना और भी आसान होगा। इस मौके पर निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल, पूर्व प्रादेशिक अध्यक्ष रूपा अग्रवाल, प्रादेशिक उपाध्यक्ष अलका सरावगी, पूर्व अध्यक्ष गीता डालमिया, अनुसूईया नेवटिया, शाखा अध्यक्ष मधु सर्राफ, सचिव उर्मिला पाड़िया, नैना मोर, मीना अग्रवाल, मंजू तुलस्यान, सुनीता सरावगी, कुसुम पटवारी एवं लक्ष्मी सर्राफ की उपस्थिति रही।

# एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची में अनुदीप फाउंडेशन ने कैरियर सेमिनार आयोजित किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** एसएस मेमोरियल कॉलेज, रांची में बुधवार को अनुदीप फाउंडेशन की ओर से आयोजित सेमिनार में विद्यार्थियों को करियर रेडीनेस और करियर काउंसलिंग के बारे में जानकारी दी गयी। सेमिनार में अनदीप फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने 21वीं सदी के कौशल और नौकरी की आवश्यकताओं के बारे में विस्तार से बताया और छात्रों को यह बताया कि वे नौकरी पाने के लिए कैसे कोर्स में शामिल होकर तैयारी कर सकते हैं। अनुदीप फाउंडेशन ने कैरियर रीडीनेस बैक ऑफिस कोर्स के बारे में बताया और छात्रों को यह जानकारी दी कि कैसे इस कोर्स में शामिल होकर वे आइटी और सॉफ्ट स्किल्स सीख सकते हैं और उसके बाद अनुदीप फाउंडेशन उनको प्लेसमेंट जॉब प्लेसमेंट के लिए आगे बढ़ाती है और उनके जॉब दिलाने में सहायता करती है। सेमिनार में अनुदीप फाउंडेशन की तरफ से अनुदीप ओरमांझी ब्रांच सेंटर हेड प्रमोद सिंह, पीआरओ राजीव वर्मा और सॉफ्ट स्किल ट्रेनर गौरव सिन्हा ने भाग लिया। कॉलेज के नागपुरी विभाग डॉ संजय सारंगी ने विषय प्रवेश कर फाउंडेशन के सदस्यों का परिचय कराया और कॉलेज के डॉ सुबास साहू ने अनुदीप फाउंडेशन के सदस्यों के प्रति आभार जताया।

# सीएमपीडीआइ अंतर क्षेत्रीय संस्थान वॉलीबाल टूर्नामेंट 2024-25 का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सीएमपीडीआइ के क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के तत्वावधान में संस्थान के खेल मैदान में बुधवार से शुक्रवार तक तीन-दिवसीय अंतर क्षेत्रीय संस्थान वॉलीबाल प्रतियोगिता 2024-25 का उद्घाटन मुख्य अतिथि अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने किया। इस मौके पर निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/इएस) सतीश झा, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती की उपस्थिति रही। उक्त तीन दिवसीय अंतर क्षेत्रीय संस्थान वॉलीबाल टूर्नामेंट में सीएमपीडीआइ (मुख्यालय)-रांची सहित क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल, क्षेत्रीय संस्थान-2-धनबाद, मेजबान टीम क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची, क्षेत्रीय संस्थान-4-नागपुर, क्षेत्रीय संस्थान-5-बिलासपुर, क्षेत्रीय संस्थान-6-सिंगरौली एवं क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर की टीम भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट का संचालन नेशनल रेफरी संजय कुमार ठाकुर, उत्तम राज एवं अमन खलको, स्टेट रेफरी पवन कुमार, अरगू कांजिका एवं सूरज कुमार तथा झारखंड वॉली बाल संघ की देखरेख में संपन्न हो रही है।

# महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन उत्पीड़न पर झारखंड हाइकोर्ट सख्त

### डीजीपी, रांची डीसी, नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव को किया तलब

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड में महिलाओं एवं बच्चों के साथ बढ़ते यौन उत्पीड़न के मामले को झारखंड हाइकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। हाइकोर्ट की खंडपीठ ने मामले में नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव, रांची डीसी, डीजीपी को कोर्ट में 18 सितंबर को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने उनसे पूछा है कि राज्य सरकार द्वारा काफी प्रयास के बाद भी महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ यौन उत्पीड़न की घटना क्यों नहीं रुक रही है।

मामले में रांची नगर निगम एवं नगर विकास विभाग को प्रतिवादी बनाया है। खंडपीठ ने कहा कि स्कूल बसों में बच्चे आना-जाना करते हैं। उनके साथ यौन उत्पीड़न की घटना ना हो, इसके लिए स्कूल प्रबंधन को बस में एक-दो स्कूल स्टाफ का रहना जरूरी है, ताकि ऐसी घटनाओं की रोकथाम हो सके। कोर्ट ने कहा कि महिलाएं घर से काम करने के लिए निकलती हैं। जब तक उन्हें सुरक्षा नहीं मिलेगी, तब तक वह फ्री माइंड से कैसे काम कर सकेंगी। कोर्ट ने जमशेदपुर में स्कूल वन के ड्राइवर के द्वारा 3.5 साल की बच्ची के साथ सेक्सुअल हैरेसमेंट एवं रिम्स में बीते दिनों स्टाफ के साथ छेड़खानी की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे विषय पर पुलिस प्रशासन को गंभीर रहने की जरूरत है।

रांची नगर निगम से कोर्ट ने कहा कि रांची शहर में स्ट्रीट लाइट और सीसीटीवी कैमरा सभी जगह पर ठीक रखने की जरूरत है, ताकि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध पर रोकथाम हो सके। प्रार्थी भारती कौशल की ओर से कोर्ट को इस वर्ष जनवरी से जून तक महिलाओं के खिलाफ रेप की घटना का ब्योरा दिया गया इसमें बताया गया कि महिलाओं के खिलाफ दुष्कर्म की घटना में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। कोर्ट ने यह भी मौखिक कहा कि यह गंभीर मामला है। पुलिस के पीसीआर वैन द्वारा लगातार मॉनिटरिंग होती रहनी चाहिए। यह सिर्फ रांची में महिलाओं एवं अपराध की घटना की बढ़ोतरी की बात नहीं, बल्कि पूरे झारखंड में कमोबेश यही स्थिति है। खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 18 सितंबर निर्धारित की है।

# आबादी के हिसाब से भागीदारी मिलनी चाहिए : राजेंद्र प्रसाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बुधवार को मूलवासी सदान मोर्चा की बैठक में झारखंड के आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा हुई। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि राज्य के निर्माण के 24 साल बाद भी मूलवासी सदानों को उनका हक और अधिकार नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों ने सदानों को ठगा है और उन्हें उपेक्षित रखा है। उन्होंने मांग की कि विधानसभा क्षेत्रों में मूलवासी सदानों की आबादी के हिसाब से उन्हें भागीदारी मिलनी चाहिए। डॉ युगेश ने कहा कि यदि राजनीतिक दल सदानों के हक और अधिकार के लिए कुछ नहीं करते हैं, तो सदान स्वतंत्र रूप से अपना फैसला लेने को बाध्य होंगे। प्रोफेसर अरविंद प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय दलों को ऐसे सदानी नेताओं को टिकट देना चाहिए जिन्होंने अलग झारखंड राज्य के लिए संघर्ष किया है और स्थानीय एवं नियोजन नीति के लिए लड़ते रहे हैं। बैठक में कई अन्य लोग उपस्थित थे और उन्होंने अपने विचार व्यक्त किये।

## महत्वपूर्ण खबरें

### आइएसएम पुंदाग में स्टूडेंट्स इंडक्शन प्रोग्राम



रांची (आजाद सिपाही)। आइएसएम, पुंदाग में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नामांकित नये छात्र-छात्राओं का स्टूडेंट्स इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में बीबीए, एमबीए और होटल मैनेजमेंट के बैचलर डिग्री कोर्स के छात्र और छात्राओं का स्वागत व अभिनंदन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. हरिहरण पूर्व निदेशक, भारतीय इस्पात अभिकरण लिमिटेड, इस्पात मंत्रालय,भारत सरकार ने नये छात्र और छात्राओं को शुभ कामनाएं देते हुए कहा कि आज का युवा राष्ट्र निर्माता हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्थान के अध्यक्ष प्रोफेसर आर. एके वर्मा उपस्थित थे। समारोह के अध्यक्ष डॉ. गंगा प्रसाद सिंह, निदेशक सह सचिव ने कहा कि नये छात्र और छात्राओ में प्रबंधकीय, और उद्यमिता क्षमता को विकसित करने का एक अनुपम अवसर प्राप्त किया है। संस्थान के संयुक्त सचिव डॉ. सुशील कुमार ने अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्र - छात्राओं का स्वागत किया। मंच संचालन का संयोजन पूजा गुप्ता, रंजना कुमारी, ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रीती शर्मा ने दिया। कार्यक्रम में आरएन भंजदेव, सुशांत शेखर, अमित कुमार, नीरू कुमारी, जुली कुमारी व अन्य उपस्थित थे।

### सर्फेश ट्रायंगल का किया निरीक्षण



हाजीपुर (आजाद सिपाही)। सुवोमोय मित्रा, संरक्षा आयुक्त (रेलवे) पूर्वी परिमंडल, कोलकाता द्वारा 08 किमी लंबे करौटा पटनेर से अशोकधाम रेलवे स्टेशन के बीच नयी विद्युतीकृत बीजी रेललाइन सर्फेश ट्रायंगल का मोटर ट्रॉली द्वारा निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा इस रेलखंड पर विशेष ट्रेन द्वारा सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल भी किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण रामाश्रय पांडेय, दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी सहित निर्माण विभाग तथा दानापुर मंडल के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। विदित हो कि करौटा पटनेर स्टेशन किउल-गया रेल लाइन पर स्थित एक स्टेशन है जबकि अशोकधाम स्टेशन पटना-झाझा मेन लाइन पर स्थित है। वर्तमान में गया-किउल रेलखंड से आने वाली ट्रेनों को यदि पटना की ओर जाना होता है तो ट्रेन पहले किउल जाती है, फिर वहां इंजन का रिर्वसल किया जाता है तब फिर पटना की ओर ट्रेन आती है । इस सर्फेश ट्रायंगल के चालू हो जाने से अब गया की ओर से पटना की ओर आने वाली ट्रेनें बिना किउल गये करौटा पटनेर स्टेशन से सीधे अशोकधाम स्टेशन आ जायेंगी। इससे इंजन रिवर्सल की जरूरत नहीं होगी जिससे संरक्षित परिचालन के साथ ही समय पालन में काफी सुधार होगा।

### करम महोत्सव की विशेषता जानना आवश्यक : देवेंद्रनाथ महतो



रांची (आजाद सिपाही)। राज्य में इन दिनों सांस्कृतिक करम महोत्सव का उल्लास छाया हुआ है। जेडीएम इंटर महाविद्यालय कांके द्वारा बुधवार को करम पर्व की पूर्व संध्या पर छात्रों के द्वारा सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीबीकेएसएस केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो, सचिव संतोष महतो, कांके थाना प्रभारी आदि मौजूद रहे। विद्यालय के निदेशक सोहन तिग्गा ने जानकारी देते हुए कहा कि यह महोत्सव प्रतिवर्ष मनाया जाता है। मुख्य अतिथि देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि हमारे पर बाहरी पश्चिमी सभ्यता दिनों-दिन हावी होते जा रही है। हमें अपनी संस्कृति, परंपरा और पहचान को कायम रखना होगा। कार्यक्रम के संयोजक मंडली में प्राचार्य सुजित हलको, ललित तिर्की, अर्चना आदि मौजूद रहे।

### कोकर इंडस्ट्रियल एरिया से निकाली गयी गणपति बप्पा की विसर्जन यात्रा



रांची (आजाद सिपाही)। कोकर गणेश पूजा समिति द्वारा इंडस्ट्रियल एरिया गेट नंबर 2 भंडारा का आयोजन किया गया और शाम में बप्पा की विसर्जन यात्रा धूमधाम से निकाली गयी। इस अवसर पर समिति के सदस्य संजीव विजयवर्गीय, चुन्नू सिंह, चंचल चटर्जी, गणेश पूजा रांची महानगर अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह चंदेल, अरविंद मंडल, मुकुल सिंह, युवराज पासवान, दीपू पासवान, नवीन सिंह, गुड्डू सोनी, सतीश कुमार, मुकुल सिंह, नवीन सिंह, जीतू सिंह, दीपू सिंह और सभी सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी मनोरंजन सिंह और रोहित सिंह ने दी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW



# एसीबी ने एसडीओ और सीओ को हिरासत में लिया

**पूछताछ के लिए हजारीबाग के एसडीओ और नोवामुंडी के सीओ को रांची एसीबी मुख्यालय लाया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** रांची एसीबी ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए हजारीबाग के एसडीओ शैलेश कुमार और नोवामुंडी के अंचल अधिकारी मनोज कुमार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है और रांची एसीबी मुख्यालय ले आयी है। एसडीओ के यहां से कुछ नगद राशि भी मिली है। रांची के सदर थाना में दर्ज जमीन से जुड़े एक मामले में एसीबी ने कार्रवाई करते हुए दोनों अधिकारियों के यहां सर्च अभियान चलाया। सदर एसडीओ के यहां नगद राशि मिली है लेकिन राशि कितनी है इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। दोनों से जमीन से जुड़े मामले में पूछताछ की जायेगी।

## बड़गाई जमीन घोटाला मामले में प्रियरंजन सहाय और विपिन सिंह को झटका

रांची (आजाद सिपाही)। सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई की 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में आरोपी प्रियरंजन सहाय और विपिन सिंह की जमानत अर्जी पर पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने प्रियरंजन सहाय और विपिन सिंह की जमानत अर्जी खारिज कर दी। इससे पहले दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रखा था। प्रियरंजन सहाय 9 अगस्त को एवं विपिन सिंह ने 22 अगस्त को जमानत के लिए अर्जी दाखिल की थी। बता दें कि 16 अप्रैल को जमीन कारोबारी प्रियरंजन सहाय, मोहम्मद इरशाद, विपिन सिंह, और जेएमएम नेता अंतू तिर्की को इडी ने गिरफ्तार किया था। इससे पहले 15 अप्रैल को इडी ने जेएमएम नेता अंतू तिर्की समेत कई जमीन कारोबारियों के ठिकाने पर छापेमारी की थी। गिरफ्तारी के बाद से प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह एवं अन्य आरोपी जेल में बंद हैं।

### पिस्का पंचायत में स्मार्ट कम्युनिटी सेंटर का उद्घाटन

# विकसित गांव के बिना विकास की परिकल्पना अधूरी है: सुदेश

**स्मार्ट कम्युनिटी सेंटर के संचालन के लिए गूंज परिवार और अनुदीप फाउंडेशन के बीच एमओयू**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिल्ली/रांची।** सामाजिक सहभागिता न केवल समाज की एकता और भाईचारे को बढ़ावा देती है, बल्कि लोगों के बीच आपसी सहयोग, समर्थन और समझ को भी मजबूत करती है। सामाजिक सहभागिता और ग्रामीण विकास को नयी रफ्तार देने में स्मार्ट कम्युनिटी सेंटर एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। साथ ही ग्रामीण विकास का यह सशक्त मॉडल भी होगा। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली प्रखंड के पिस्का पंचायत में बने स्मार्ट कम्युनिटी सेंटर के उद्घाटन समारोह में कही। इस दौरान स्मार्ट कम्युनिटी सेंटर के संचालन के लिए गूंज परिवार और अनुदीप फाउंडेशन के बीच एमओयू भी किया गया। विकसित गांव के बिना विकास की परिकल्पना अधूरी है। समाज की सभी विशेषताओं को एक स्थान पर लाने की हमारी तैयारी है। इस योजना का लाभ बचपन से 55 तक के सभी लोग लेंगे। स्वास्थ्य और शिक्षित परिवार के संकल्प को हम पूरा करेंगे। नयी पीढ़ी को हर सुविधा उपलब्ध करने के लिए हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहे हैं। विकास के इस प्रारूप का आने वाले दिनों में हर जगह अनुसरण किया जायेगा। इस अवसर पर अनुदीप फॉउंडेशन की सीइओ मनिषा बनर्जी, आजसू पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, सचिव सुनिल सिंह, संजय सिद्धार्थ, शुशील महतो, गौतम कृष्ण साहू, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, जितेंद्र बड़ाइक, आरती देवी, सुसैन प्रमाणिक, सिल्ली बीडीओ रेनुबाला, बीडीओ राहे मनोज महांता, सिल्ली सीओ अरूनिमा एक्का, सोमरा मांझी, अनिल मांझी, हरिपद मांझी, मीरा देवी, सोमरी देवी इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### पासवा का उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल सम्मेलन 18 सितंबर को चतरा में



रांची (आजाद सिपाही)। पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) का उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल सम्मेलन 18 सितंबर 2024 को चतरा में आयोजित किया जायेगा। झारखंड के श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे, जबकि पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे मुख्य अतिथि होंगे। सम्मेलन में उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के सभी सात जिलों के प्रतिनिधि और राज्य के अन्य जिलों से पासवा के पदाधिकारी भाग लेंगे। झारखंड में निजी विद्यालयों की समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा होगी, साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। गेस्ट ऑफ ऑनर में प्रदेश उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव डॉ राजेश गुप्ता छोटू, राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता और प्रदेश महासचिव फलक फातिमा और शिक्षाविद रश्मि प्रकाश उपस्थित रहेंगे।

### एनएसयूआइ के प्रतिनिधिमंडल ने डीएसपीएमयू के कुलपति से मुलाकात की

रांची (आजाद सिपाही)। रांची जिला एनएसयूआइ प्रतिनिधिमंडल ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य से मुलाकात की। अमन अहमद ने कहा कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी एकेडमिक मार्क्स में कुछ उम्मीदवारों के पास केवल एमकॉम की डिग्री है, जबकि उन्हें एमबीए/बीबीए के पदों पर नियुक्त किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि सभी उम्मीदवारों की डिग्री की जांच की जानी चाहिए और यूजीसी के दिशा-निर्देशों के अनुसार, जिस विषय को आप पढ़ाते हैं, उस विषय में पीजी होना अनिवार्य है। एनएसयूआइ ने मांग की कि एमबीए/बीबीए में सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति से पहले सभी प्राध्यापकों की डिग्री की जांच की जानी चाहिए। इस मौके पर रोहित पांडेय, किश्वर तहरीम, पवन कुमार, हुसैन अंसारी, प्रिंस राज, सरफराज अहमद, सहबान अंसारी सहित अन्य छात्र नेता उपस्थित थे।

### झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल संयुक्त सचिव से मिला

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू के नेतृत्व में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के संयुक्त सचिव नंद किशोर लाल से मिलकर मॉडिफाइड एश्योर्ड कैरियर प्रोग्रेशन की फाइल जल्द आगे बढ़ाने का आग्रह किया। साथ ही एमएसीपी पर संघ की तरफ से सुझाव दिये। संयुक्त सचिव द्वारा बताया गया कि सुझावों को शामिल करते हुए एमएसीपी की फाइल को जल्द आगे बढ़ाया जायेगा। इसके अलावा, प्रतिनिधिमंडल ने अन्तर जिला स्थानांतरण, एसओइ और आदर्श विद्यालय में प्रतिनियुक्ति एवं पदस्थापना की प्रतीक्षा में प्रारंभिक विद्यालयों के शिक्षकों का जिनका काउंसलिंग जैक सभागार में हो चुकी है उन शिक्षकों को उनके विद्यालय में प्रतिनियुक्ति जल्द करने की मांग की। संयुक्त सचिव ने बताया कि यथाशीघ्र ही पत्र इस संबंध में निर्गत किया जाएगा और जिला स्थानांतरण अधिक से अधिक शिक्षकों को करने एवं बाधाओं पर काम किया जा रहा है।

### खुर्शीद आलम अध्यक्ष और नौशाद कादरी उर्फ राजू सचिव बने

रांची (आजाद सिपाही)। मिल्लत उर्दू स्कूल मस्जिद सेक्टर 3 ए टाइप धुर्वा रांची कमेटी की बैठक में नयी कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से खुर्शीद आलम को अध्यक्ष और नौशाद कादरी उर्फ राजू को सचिव चुना गया। नयी कमेटी में कोषाध्यक्ष शमसुद्दीन, उपाध्यक्ष शहाबुद्दीन और उप सचिव आलमगीर भी शामिल हैं। नयी कमेटी का कार्यकाल पांच साल होगा, जिसमें मस्जिद की देखरेख, बच्चों की तालीम, सरकारी विकास योजनाओं का प्रचार प्रसार और क्षेत्र में भाईचारे को बढ़ावा देने का काम किया जायेगा। कमेटी के गठन के दौरान कई लोगों को मुख्य सदस्य बनाया गया है। इस मौके पर कुतुबुद्दीन, जमालुद्दीन, आफताब हुसैन, इशरत आलम, सलीम, छोटे खान, निसार, सज्जाद, मास्टर आलम, एम उद्दीन, खालिद अंसारी, सिराजुद्दीन खान, मेराज खान शामिल हैं। बैठक में मास्टर आलम, आफताब हुसैन, आलमगीर अंसारी, सिराजुद्दीन अंसारी, शहंशाह अहमद, निहाल खान, नौशाद उर्फ राजू, सज्जाद, खुर्शीद आलम, शहाबुद्दीन, मुहम्मद सलीम, इशरत आलम, मेराज खान, मोहम्मद जमालुद्दीन, जसीम, मो खालिद सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### जयंत झा ने रेल मंत्री को ज्ञापन सौंपा

रांची (आजाद सिपाही)। बुधवार को बाबा विद्यापति स्मारक समिति के अध्यक्ष जयंत झा दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव मिले। उन्होंने रेल मंत्री को रांची से फारबिसगंज तक एक एक्सप्रेस ट्रेन चलाने के लिए एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से झारखंड एवं बिहार के 15 जिला लाभांन्वित होंगे। साथ ही रांची से फारबिसगंज भाया सहरसा ट्रेन की मांग समिति के द्वारा बहुत ही पुरानी है। अगले महीने से दुर्गा पूजा, छठ आदि को देखते हुए रांची से फारबिसगंज तक ट्रेन की बहुत ही उपयोगी साबित होगी। वहीं दूसरी ओर अमृत महोत्सव के दौरान दर्दनाक बिजली हादसा के पीड़ित परिवार के लिए दो वर्ष बीत जाने के बावजूद झारखंड सरकार या केंद्र सरकार के द्वारा उचित मुआवजा और सरकारी नौकरी की घोषणा हादसा के समय की किया गया था किंतु अभी तक पीड़ित परिवार विजय झा के लिए सरकार के द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इसके लिए उन्होंने प्रधान मंत्री एवं मंत्री संजय सेठ, दीपक प्रकाश एवं चिराग पासवान को ज्ञापन देकर उक्त समस्या का निवारण हेतु आवेदन दिया है।

### जेएमएम के केंद्रीय महासचिव ने भाजपा पर निशाना साधा

# कुछ तो बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी : विनोद कुमार पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सत्तासीन झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि भाजपा की तरफ से लगातार सरकार गिराने, सत्ताधारी दलों को तोड़ने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। तरह-तरह के हथकंडे अपनाये जा रहे हैं, लेकिन कुछ तो बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी। कुछ तो बात से मतलब लोगों के आशीर्वाद और समर्थन से है। जिसकी वजह से हेमंत सोरेन सत्तासीन हैं और इंडिया गठबंधन की सरकार भाजपा के एक के बाद एक तमाम षड्यंत्रों के बावजूद राज्य को विकास की दिशा में न सिर्फ आगे लेकर बढ़ी है बल्कि राज्य को आत्मनिर्भर भी बना दिया है। अगले पांच वर्षों में राज्य के जरूरतमंदों को किसी महाजन से पैसा उधार लेने की जरूरत नहीं पड़ने दी जायेगी।

उन्होंने कहा कि सत्ताधारी दल के विधायकों के भाजपा नेताओं के संपर्क में होने की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि किसी नेता को पार्टी के कार्यकर्ता नेता बनाते हैं। जब भी टूट-फूट जैसी परिस्थितियां पैदा की गयीं, झामुमो और मजबूत होता गया। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने नापाक मंसूबे को पूरा करने में कभी सफल नहीं होगी। भाजपा के तमाम आयातीत नेताओं और पूरी केंद्रीय कैबिनेट की ताकत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पीछे पड़ी है, लेकिन भाजपा के चाल चरित्र और चेहरो से राज्य की जनता अच्छी तरह वाकिफ हो चुकी है। इनकी दाल अब झारखंड में कभी नहीं गलेगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा राज्य का सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ना चाहती है। सरकार ने इसे महसूस किया इसलिए चुनाव आयोग को पत्र लिख कर हस्तक्षेप करने की मांग की गयी है।

# एसीबी की रिपोर्ट: पूर्व मंत्री लुइस मरांडी ने शपथ पत्र में जो पैन नंबर दिया, वह सही नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

| | 2014 में संपत्ति | 2019 में संपत्ति | वृद्धि | वृद्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| लुइस मरांडी | 2.55 करोड | 9 . 06 करोड | 6 .81 करोड़ | 303 |




**रांची।** रघुवर सरकार के पांच पूर्व मंत्रियों की आय से अधिक संपति मामले की जांच को लेकर दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है। इस मामले में एसीबी ने अपना जवाब दाखिल कर दिया है। एसीबी ने अपने जवाब में कई अहम खुलासे किये हैं। एसीबी ने हाइकोर्ट में दिये अपने जवाब में कहा है कि रघुवर दास कैबिनेट की मंत्री लुइस मरांडी ने अपने शपथ पत्र में जो पैन नंबर दिया है, वह सही नहीं है। राज्य सरकार की जांच एजेंसी एसीबी ने गोपनीय तरीके से सत्यापन कर यह जानकारी हाइकोर्ट में दी है। इसके साथ ही पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, नीरा यादव, नीलकंठ सिंह मुंडा, लुइस मरांडी और रणधीर सिंह के विरुद्ध अलग-अलग पीई दर्ज करने की अनुमति मांगे जाने से संबंधित पत्र भी हाइकोर्ट में दिया गया है। दरअसल वर्ष 2020 में सोशल एक्टिविस्ट पंकज कुमार यादव ने जनहित याचिका दायर कर पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, नीरा यादव, नीलकंठ सिंह मुंडा, लुइस मरांडी और रणधीर सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपति होने का आरोप लगाते हुए एसीबी से जांच की मांग की थी। जुलाई 2023 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कैबिनेट से पांचों पूर्व मंत्रियों के खिलाफ एसीबी जांच की स्वीकृति दी थी। जांच के क्रम में एसीबी ने पूर्व मंत्रियों के खिलाफ हुई शिकायत को सत्य पाया था। हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस की बेंच में इस जनहित याचिका की सुनवाई कर रही है।

## श्रद्धालुओं ने श्रद्धा पूर्वक धूमधाम से मनायी राधाष्टमी



रांची (आजाद सिपाही)। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि बुधवार को राधाष्टमी श्रद्धा पूर्वक धूमधाम से मनायी गयी। घरों में तो सनातनियों ने नेम-निष्ठा से व्रत उपवास कर राधा रानी की भक्ति में रमे ही रहें। मंदिरों में भी उत्साह से उत्सव मनाया गया। माना जाता है कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी करने वाले भक्तों का राधाष्टमी का व्रत धारण करने पर ही पूर्ण फल की प्राप्ति होती है। इसी भाव से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने व्रत रखा। पूजा-अर्चना कर श्रीराधा को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कांती कुटिर अपार्टमेंट, पिस्का मोड में भव्य आयोजन किया गया। दिन के दस बजे पूजा-अर्चना से उत्सव की शुरूआत हुई। इसके बाद धन्श्याम तिवारी ने साथी कलाकारों संग भक्ति की अविरल धारा बहायी। राधे राधे रटो चले आएंगे बिहारी .... जैसे भजनों पर श्रद्धालु घंटो नाचते-झूमते रहे। इस बीच दोपहर वृहत रूप में भंडारा भी चलाया गया। बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद रूप में स्वादिष्ट व्यंजन ग्रहण किया। रघुनाथ प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, जानकी देवी, संगीता देवी, दशरथ प्रसाद, देवनंदन प्रसाद, माखन आदि ने इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया।

## संजीव कुमार लाल की जमानत पर सुनवाई पूरी

**रांची।** टेंडर घोटाला मामले में आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी रहे संजीव लाल की जमानत अर्जी याचिका पर पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी हो गयी। इसके बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। संजीव लाल की ओर से 31 अगस्त को जमानत के लिए अर्जी दाखिल की गयी थी। दरअसल, टेंडर घोटाला मामले में इडी ने बीते दिनों आलमगीर आलम, संजीव लाल और नौकर जहांगीर आलम के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। पूर्व में इडी ने 6 मई 2024 को कई इंजीनियर, ठेकेदार, कॉन्ट्रैक्टर और आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने पर छापेमारी की थी।

# पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने झारखंड के फॉरेस्ट सेक्रेटरी को लिखा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**कन्वेयर सिस्टम बनने तक सड़क मार्ग से कोयला परिवहन की अनुमति मिले**

**रांची।** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओइएफसीसी) ने झारखंड के प्रधान सचिव (वन) को एक पत्र लिखा है, जिसमें राज्य सरकार को महारत्न पीएसयू एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा सड़क मार्ग से कोयले के परिवहन के मामले में कानून के अनुसार कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

यह सामाजिक कार्यकर्ता मंटू सोनी द्वारा एमओइएफसीसी को की गयी एक शिकायत के जवाब में है। सोनी ने एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा सड़क मार्ग से कोयला परिवहन को रोकने की मांग की है, जिसके बारे में उनका दावा है कि यह सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और कार्यालय ज्ञापन (इसी) का दुरुपयोग करके महारत्न पीएसयू द्वारा वन मंजूरी चरण 2 और एनबीडब्ल्यूएल की शर्तों का उल्लंघन है। सोनी ने एमओइएफसीसी को अपनी शिकायत में उल्लेख किया है और रेखांकित किया है कि एनटीपीसी जानबूझ कर सड़क और कन्वेयर सिस्टम द्वारा कोयले का परिवहन कर रहा है।

एनटीपीसी का एक और दावा है कि कन्वेयर सिस्टम का निर्माण अधूरा है, वहीं दूसरी ओर वह कन्वेयर सिस्टम से कोयले की ढुलाई भी कर रहा है। वहीं, सर्वोच्च न्यायालय से पर्यावरण शर्त के आधार पर मात्र कुछ सौ मीटर कन्वेयर सिस्टम को पूरा करने में तीन साल लग गये और वह शर्त का उल्लंघन कर कोयला परिवहन कर रहा है।

इसके पीछे का कारण कोयले की हेराफेरी बताया जा रहा है, जो खनन विभाग और वन विभाग की जांच में कोयला चालान में भी पकड़ा गया है। मंत्रालय से कहा गया है कि जब तक कन्वेयर सिस्टम नहीं बन जाता, तब तक सड़क मार्ग से कोयला परिवहन की अनुमति दी जाये।

## स्वर्णरेखा नदी से चार युवकों के शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस



रांची (आजाद सिपाही)। जिले के मेसरा ओपी क्षेत्र के बीआइटी मेसरा इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे स्थित स्वर्णरेखा नदी से चार युवकों के शव बरामद हुए हैं। सभी शव मंगलवार की देर रात 11 बजे बरामद किये गये हैं। मृतकों में नेवरी गांव के सोएब अंसारी, चुटू गांव के शाहिद अंसारी, आसिफ अंसारी और मकसूद अंसारी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, चारों युवक नदी में मछली मारने गये थे। अचानक बारिश होने के कारण नदी में पानी का बहाब तेज हो गया और चारों पानी में डूब गये। मृतकों के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। दूसरी तरफ वज्रपात से मौत होने की भी आशंका जतायी जा रही है। हालांकि पुलिस हत्या और वज्रपात से मौत दोनों बिंदुओं की जांच कर रही है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि चारों युवक घर से मछली मारने की बात कह कर निकले थे। इसके बाद मंगलवार की रात पुलिस को यह खबर मिली कि चार युवकों के शव नदी में मिले हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने चारों शवों को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### झारखंड नव निर्माण समिति वृहद झारखंड बनाने के लिए मुहिम चलायेगी

# अलग राज्य की लड़ाई लड़ने वाले क्या पेंशन के लिए लड़े थे: ललित महतो

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड नव निर्माण समिति ने झारखंड राज्य गठन के उद्देश्य और वृहद झारखंड बनाने के लिए झारखंड नामधारी दलों को एक प्लेटफार्म पर आने का मुहिम चलायेगा। इस विषय पर आजसू के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष ललित महतो ने बुधवार को रांची के करमटोली स्थित रांची प्रेस क्लब में प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी। ललित महतो ने कहा कि जिस उद्देश्य से झारखंड राज्य का निर्माण हुआ है, वह 24 साल में फलीभूत नहीं हुआ है। राज्य की जनता आज भी झारखंड को छठवीं अनुसूची राज्य की परिकल्पना, वृहद झारखंड का गठन, स्थानीय नीति और नियोजन नीति की बाट जोह रही है। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए राज्य के सभी स्थानीय लोग जो राजनीति में किसी भी राजनीतिक दल में हो उसे एक प्लेटफार्म पर आना होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड नव निर्माण समिति एक विशुद्ध गैर राजनीतिक सामाजिक संगठन है। आने वाले दिनों में संगठन इसके लिये व्यापक आंदोलन चलायेगी। उन्होंने सभी लोगों को इस संगठन से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द पुराने साथी झारखंड आंदोलनकारियों से मुलाकात कर संगठन से जोड़ने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने झारखंड आंदोलनकारियों द्वारा पेंशन की मांग को गलत बताया। कहा कि झारखंड अलग राज्य की लड़ाई लड़ने वाले क्या पेंशन के लिए लड़े थे। जिस उद्देश्य के लिए राज्य का गठन किया गया उस पर आंदोलनकारियों को चिंतन करने की जरूरत है। इसपर विचार करना चाहिए। इस मौके पर अहमद हुसैन, अवधेश मुर्मू, राजेश पांडेय, कार्तिक कालिंदी, संदीप मंडल, मो एनुल हुसैन सहित अन्य मौजूद थे।

शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र.सं. - 563 दिनांक : 10/09/2024, मैं, शत्रुधन राय, पिता- माणिकचन्द राय, निवास स्थान- हाउस न- 21, नजदीक नमकुम रेलवे स्टेशन, नमकुम, राँची, झारखण्ड शपथ पूर्वक बयान देता हूँ कि नीचे लिखे बाते मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है :- 1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ तथा भारतीय नागरिक हूँ। 2. यह कि मेरा नाम शत्रुधन राय एवं मेरे पिता का नाम माणिकचन्द राय सही एवं सत्य है, जो मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में अंकित है। 3. यह कि मेरे पिता का नाम माणिकचन्द राय है और उन्हे माणिक राय के नाम से जाना जाता है। 4. माणिकचन्द राय और माणिक राय दोनों एक ही व्यक्ति हैं। 5. यह कि उपरोक्त सारी बातें मेरे जानकारी में सही एवं सत्य है, गलत पाये जाने पर इसकी पूरी जवाबदेही मेरी होगी।

# भाजपा विरोधी वोट बंटेंगे!

हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए विपक्षी इंडिया ब्लॉक में शामिल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद आप ने प्रत्याशियों की दो-दो सूची जारी कर दी है, सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान भी कर दिया है। फिर भी दोनों दलों में कुछ लोग हैं, जो अभी गठबंधन की उम्मीद छोड़ने को तैयार नहीं हैं।

**प्रदेश कांग्रेस का मूड:** हालांकि यह बात पहले दिन से साफ है कि हरियाणा कांग्रेस इस बार किसी से भी गठबंधन करने के पक्ष में नहीं है। प्रदेश कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, दस वर्षों की एंटी इनकंबेंसी के मद्देनजर भाजपा 2019 से कमजोर स्थिति में है, जब उसे 90 सीटों की विधानसभा में 40 सीटें मिली थीं। हालिया लोकसभा चुनावों के नतीजे भी संकेत दे रहे हैं, जहां पिछली बार की दसों सीटों की जगह उसे सिर्फ 5 सीटें मिलीं। आप को कांग्रेस के साथ गठबंधन में यहां एक लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का मौका मिला था, लेकिन वह हार गयी थी। ऐसे में प्रदेश कांग्रेस गठबंधन को पूरी तरह गैर जरूरी मान रहा है।

**राष्ट्रीय नेतृत्व का आग्रह :** इसके बावजूद अगर दोनों पक्ष गठबंधन के लिए बातचीत की मेज पर बैठे तो उसके पीछे कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व का आग्रह था। राहुल गांधी अब लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं और उनकी प्राथमिकता यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के इंडिया ब्लॉक की एकजुटता और उसकी मजबूती में किसी तरह की कमी न दिखे, ताकि केंद्र सरकार और भाजपा पर उसका दबाव बना रहे।

**हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद आप ने सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान किया है। हालांकि, दोनों दलों में कुछ लोग अभी भी गठबंधन की उम्मीद नहीं छोड़ रहे हैं।**

**चुनाव की अहमियत :** हालिया लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटों में आयी कमी के बाद विपक्ष को जो थोड़ी धार मिली है, उसके मद्देनजर ये चुनाव अहम माने जा रहे हैं। हरियाणा के बाद महाराष्ट्र और झारखंड में भी चुनाव होने हैं। दिल्ली विधानसभा के चुनाव भी ज्यादा दूर नहीं हैं। ऐसे में हरियाणा विधानसभा चुनाव में अगर इंडिया ब्लॉक साथ मिलकर मजबूती से लड़ता दिखा और अच्छी जीत दर्ज करा पाया, तो उसका असर न केवल आने वाले विधानसभा चुनावों पर, बल्कि पूरे विपक्ष के मनोबल पर पड़ेगा।

**वोट बंटने के नुकसान:** अगर मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों को याद करें, तो इस पर लगभग आम राय है कि वहां कांग्रेस को प्रदेश नेतृत्व के अति आत्मविश्वास का नुकसान हुआ। जाहिर है, कांग्रेस इस बार ऐसा कोई रिस्क नहीं लेना चाहेगी। असल सवाल विपक्षी वोटों के बंटवारे का है। जिस तरह से आप प्रत्याशियों की सूची जारी कर रही है, उससे साफ है कि वह इसी पहलू की ओर इशारा कर रही है कि उसे सीटें भले न आयें, कांग्रेस को कई सीटों का नुकसान तो हो ही सकता है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**जम्मू-कश्मीर में कुल 114 विधानसभा सीटें हैं, लेकिन राज्य में विधानसभा सीटों के डिलिमिटेशन के बाद चुनाव केवल 90 सीटों पर ही होंगे। इसकी भी वजह है कि 24 सीटें पीओके यानि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लिए हैं। यह चुनाव कई मायनों में अहम इसलिए है, क्योंकि धारा 370 हटने के बाद से यहां पहली बार मतदान हो रहा है। इसके दूरगामी परिणाम होंगे।**

# कश्मीरी की सोच बतायेंगे विधानसभा चुनाव

**अशोक कर्ण**

**जम्मू-कश्मीर** विधानसभा लिए 18 सितंबर से एक अक्टूबर 2024 तक तीन चरणों में चुनाव होने हैं। नतीजे आठ अक्टूबर 2024 को घोषित किये जायेंगे। इस चुनाव के परिणाम बतायेंगे कि कश्मीर की जनता क्या चाहती है। आर्टिकल 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में बडी तादाद में विकास हुआ। शांति लौटी। रोज की होने वाली पत्थरबाजी से जम्मू-कश्मीर को मुक्ति मिली। सिनेमा हॉल खुल गये। पर्यटक आने लगे। मुहर्रम के जुलूस निकलने लगे। कश्मीर में बहुत कुछ बदल गया है, इसके बावजूद देखना यह है कि कश्मीर का मतदाता क्या इस विकास को पसंद करता है,या उसे मजहबी कट्टरता ही मंजूर है।



जम्मू-कश्मीर में कुल 114 विधानसभा सीटें हैं, लेकिन राज्य में विधानसभा सीटों के डिलिमिटेशन के बाद चुनाव केवल 90 सीटों पर ही होंगे। इसकी भी वजह है कि 24 सीटें पीओके यानि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लिए हैं। राजनीतिक और प्रशासनिक परिवर्तनों के कारण इनमें से केवल 90 सीटों के लिए चुनाव होना तय है। वर्ष 2019 में जब जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के जरिये जब आर्टिकल 370 को हटाया गया, तो राज्य में चुनावी सीटों की सीमाओं को फिर से निर्धारित करने के लिए परिसीमन प्रक्रिया शुरू की। मार्च 2020 में एक परिसीमन आयोग की स्थापना की गयी। इसकी अंतिम रिपोर्ट मई 2022 में जारी की गयी। इस रिपोर्ट ने विधानसभा सीटों की संख्या 107 से बढ़ाकर 114 कर दी। इसमें छह सीटें जम्मू और एक कश्मीर में बढ़ी है। 114 सीटों में 24 सीटें पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर के क्षेत्रों के लिए आरक्षित हैं। इसका अर्थ है कि उन पर चुनाव नहीं लड़ा जा सकता है। इसलिए चुनाव के लिए उपलब्ध सीटों की प्रभावी संख्या 90 है, जम्मू संभाग में 43 और कश्मीर संभाग में 47। राज्य का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद यहां पहली बार विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं।

**यह क्षेत्र में विकास, सुरक्षा और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए पार्टी के वादों और योजनाओं के अनुरूप है।**

राज्य में पिछले विधानसभा चुनाव दस साल पहले नवंबर-दिसंबर 2014 में हुए थे। चुनाव के बाद जम्मू और कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के गठबंधन ने राज्य में सरकार बनायी। इसमें मुफ्ती मोहम्मद सइद मुख्यमंत्री बने। मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सइद का सात जनवरी 2016 को निधन हो गया। राज्यपाल शासन लगा, पर कम समय के लिए लगा। फिर महबूबा मुफ्ती ने वहां मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। पिछली राज्य सरकार से जून 2018 में भाजपा ने अपना समर्थन वापस ले लिया। इसके बाद जम्मू-कश्मीर में राज्यपाल शासन लागू हो गया। नवंबर 2018 में जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने राज्य विधानसभा भंग कर दी। 20 दिसंबर 2018 को राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया।

भाजपा की ओर से हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। इसमें आतंकवाद के सफाये और हिंदू मंदिरों और धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण से लेकर कश्मीरी पंडितों की सुरक्षित वापसी और पुनर्वास तक भाजपा ने कई प्रमुख वादे किये हैं। अमित शाह ने कहा कि यह क्षेत्र में विकास, सुरक्षा और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए पार्टी के वादों और योजनाओं के अनुरूप है।

नये जम्मू और कश्मीर के लिए 25 वादों में से भाजपा ने जम्मू और कश्मीर को राष्ट्र के विकास और प्रगति में अग्रणी बनाने के लिए आतंकवाद और अलगाववाद को खत्म करने की कसम खायी। कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस गठबंधन ने जम्मू-कश्मीर को फिर से राज्य का दर्जा देने और अनुच्छेद 370 को हटाने से पहले की राजनीतिक स्थिति बहाल करने का भी वादा किया है। इस बीच नेशनल कांफ्रेंस ने शंकराचार्य पहाड़ी का नाम बदलकर तख्त-ए-सुलेमान और हरि पर्वत का नाम बदलकर कोह-ए-मरान करने की बात कही है। इसे कश्मीर की मुस्लिम बहुल आबादी की भावनाओं को भुनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

जम्मू-कश्मीर के चुनाव के विभिन्न दलों के स्थानीय नेता तो चुनाव प्रचार में उतर ही चुके हैं। बड़ी पार्टियों के राष्ट्रीय नेताओं की भी सभांए शुरू हो गयी हैं। जनसंपर्क अभियान चल रहा है। रोड शो निकाले जा रहे हैं। घर-घर जाकर नेता लोगों से वोट मांग रहे हैं। इस बार का विधानसभा चुनाव इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि कश्मीर घाटी में परिवारवादी दलों के दिन अब खत्म नजर आ रहे हैं। पिछले पांच वर्षों में जम्मू-कश्मीर के बुनियादी ढांचे का इस तरह विकास किया गया है कि पिछले दिनों श्रीनगर में जी-20 देशों की बैठक शांतिपूर्वक संपन्न हुई। इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्य कार्यक्रम भी श्रीनगर में ही आयोजित किया गया। इसमें स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाग लिया।

हालात तो ये बता रहे हैं कि कश्मीर बदल रहा है किंतु जम्मू-कश्मीर की बारामुला सीट लोकसभा सीट से आतंकवादियों को फंडिग करने के आरोप में जेल में बंद निर्दलीय उम्मीदवार अब्दुल रशीद शेख की जीत कुछ और ही इशारा कर रही है। उन्होंने जेल में रहते हुए जम्मू कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस के उमर अब्दुल्ला को दो लाख से भी ज्यादा वोटों से शिकस्त दी है। बारामुला सीट पर रशीद को चार लाख 72 हजार वोट मिले, जबकि उमर अब्दुल्ला को दो लाख 68 हजार वोट मिले। तीसरे स्थान पर रहे जम्मू-कश्मीर पीपल्स कांफ्रेंस के सज्जाद लोन। उन्हें एक लाख 73 हजार वोट मिले। अब्दुल रशीद शेख के स्थानीय समर्थक अब्दुल माजिद इस जीत पर कहते हैं कि साल 2019 के बाद जो कुछ भी कश्मीर में हुआ, इंजीनियर रशीद की जीत उसी बात का जवाब है। उनका कहना था कि कश्मीर के युवाओं ने जिस तरह इंजीनियर रशीद का समर्थन किया है, वो इस बात को दर्शाता है कि नयी पीढ़ी नये चेहरों को ढूंढ़ रही है और पारंपरिक राजनीति से तंग आ चुकी है। इंजीनियर रशीद को आतंकवाद की फंडिंग के आरोप में यूएपीए के तहत साल 2019 में गिरफ़्तार किया गया था और इस समय वो दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद हैं। रशीद अवामी इत्तेहाद पार्टी के संस्थापकों में से एक हैं1 2019 में भी उन्होंने बारामुला से पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा था और तीसरे नंबर पर रहे थे। सरकार का दावा है कि 370 हटाने के बाद कश्मीर विकास कि राह पर आगे बढ़ रहा है और जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा भी बार-बार नये कश्मीर की बात कर रहे हैं। लेकिन कश्मीर में कुछ लोग इसे जबरन खामोशी भी कहते हैं। उनका आरोप है कि किसी को खुलकर बात करने नहीं दी जाती है।

इंजीनियर रशीद को चुनाव प्रचार के लिए जमानत मिल गयी है। देखिए क्या होता है। अमेरिका और मित्र देशों ने 20 साल अफगानिस्तान को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए जमकर निवेश किया था, किंतु एक झटके में वह इस्लाम के रास्ते पर चला गया। यही डर है। अभी तो कश्मीर में फौज है। देखना यह है कि बिना फौज के भी कश्मीर का रुख यही रहता है या वह फिर पुराने आतंकवाद के रास्ते पर लौटता है। हालांकि हम भारतीय आशावादी है। आशा करते हैं कि सब ठीक होगा। कश्मीरी नागरिक और युवा नये कश्मीर, विकसित कश्मीर को स्वीकार कर विकास का रास्ता अपनायेंगे।


**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# सुरक्षित साइबर स्पेस निर्माण को कृत संकल्पित है गृह मंत्रालय: अमित शाह

**भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद ने इस दिशा में अनेक कदम उठाये हैं**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को आगे बढ़ाते हुए गृह मंत्रालय देश में सुरक्षित साइबर स्पेस निर्माण के लिए कृत संकल्पित है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र (आइ4सी) ने इस दिशा में अनेक कदम उठाये हैं। गृह मंत्री ने एक साइबर-सुरक्षित भारत के निर्माण के मिशन को गति प्रदान करने में प्रसिद्ध अभिनेता अमिताभ बच्चन के सक्रिय योगदान के लिए उनका आभार प्रकट किया।

मेगा स्टार अमिताभ बच्चन ने अपने एक वीडियो संदेश में कहा कि देश और दुनिया में बढ़ रहा साइबर अपराध चिंता का विषय है। गृह मंत्रालय का भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र इसके नियंत्रण की दिशा में कार्य कर रहा है। बच्चन ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आग्रह पर वे इस अभियान से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि हम सब साथ मिलकर देश को इस समस्या से मुक्त करायें। हमारी थोड़ी सी समझदारी और सावधानी हमें साइबर अपराधियों से बचा सकती है।

# अगर हमारी 20 सीटें और आतीं तो भाजपा के लोग जेल में होते: खड़गे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अनंतनाग।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को अनतंनाग में रैली की। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आज हर जगह हमले हो रहे हैं, फिर भी मोदी जी झूठ बोलने में शमार्ते नहीं हैं। क्योंकि वे झूठों के सरदार हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि कहां गये 400 पार वाले? वो (भाजपा) 240 सीट पर सिमट गये। अगर हमें (विपक्ष को) 20 सीटें और आ जातीं तो ये सारे लोग जेल में होते। ये लोग जेल में रहने के लायक हैं।

खड़गे ने कहा कि भाजपा भाषण तो बहुत देती है, लेकिन काम और कथनी में बहुत अंतर होता है। भाजपा चाहे जितनी कोशिश कर ले, कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस का गठबंधन कमजोर नहीं होगा। हमने संसद में अपनी ताकत दिखायी है। हम उसी ताकत के साथ आगे बढ़ेंगे। मंच पर खड़गे के साथ नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला भी मौजूद थे।

खड़गे ने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर बांटने की कोशिश कर रही अनंतनाग एक ऐतिहासिक महत्व की जगह है। यहां मौजूद अमरनाथ जी की गुफा के दर्शन के लिए हजारों लोग आते हैं, क्योंकि यह धार्मिक एकता का स्थल है। आज भाजपा यहां के लोगों को धर्म के नाम पर बांटने की कोशिश कर रही है, लेकिन वे कभी कामयाब नहीं होंगे।

# केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 25 तक बढ़ी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** शराब नीति केस में भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 25 सितंबर तक बढ़ायी गयी है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में उन्हें वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। इसी मामले में आरोपी आप विधायक दुर्गेश पाठक को अदालत ने जमानत एक लाख रुपये के बांड पर जमानत दे दी है। सीबीआइ की सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर होने के बाद कोर्ट के समन पर वे अदालत में पेश हुए थे। दरअसल, सीबीआइ ने अरविंद केजरीवाल, दुर्गेश पाठक, विनोद चौहान, आशीष माथुर, सरथ रेड्डी के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश की थी। 3 सितंबर को कोर्ट ने चार्जशीट पर संज्ञान लिया। कोर्ट ने सभी आरोपियों को आज यानी 11 सितंबर तक अदालत में पेश होकर जवाब दाखिल करने के लिए कहा था। जवाब दाखिल होने के बाद कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ायी और दुर्गेश पाठक को जमानत दे दी।

# उधमपुर में दो आतंकी ढेर, जवान घायल

**जम्मू (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में सुरक्षाबलों से एनकाउंटर में दो आतंकी मारे गये हैं। सेना ने बताया कि आर्मी के फर्स्ट पैरा के जवानों को बुधवार सुबह उधमपुर के खंडरा टॉप के जंगलों में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। करीब चार घंटे चले एनकाउंटर के बाद सुरक्षाबलों ने आतंकियों को ढेर कर दिया। वहीं अखनूर में 10-11 सितंबर की रात पाकिस्तानी जवानों ने सीजफायर का उल्लंघन कर फायरिंग की। इसमें बीएसएफ एक जवान घायल हो गया।

# मुंबई में नगालैंड के मंत्री तेमजेन के खिलाफ जांच शुरू

**राज्य में 125 करोड़ निवेश का मामला**

**कंपनी का आरोप, निवेश के बाद दूरी बनायी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने नगालैंड के कैबिनेट मंत्री और भाजपा सांसद तेमजेन इम्ना अलोंग के खिलाफ एक कंपनी से जुड़े निवेश विवाद मामले में जांच शुरू की है। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (इओडब्लू) के स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने बांम्बे हाई कोर्ट में इसकी जानकारी दी। यह जांच जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस पृथ्वीराज चव्हाण की बेंच के आदेश के बाद शुरू की गयी है। मुंबई स्थित कंपनी हेजल मर्केंटाइल लिमिटेड ने उनके खिलाफ याचिका लगायी है। कंपनी का आरोप है कि उसने तेमजेन के कहने पर नगालैंड में 125 करोड़ रुपये निवेश किये थे। हालांकि, सभी सप्लाइ कमिटमेंट्स को पूरा करने और चालान जारी करने के बाद अलॉन्ग ने कंपनी के लोगों से दूरी बना ली। मामला 2015 का है। तब तेमजेन ?????किसी पद पर नहीं थे। कंपनी ने 9 फरवरी 2024 को आर्थिक अपराध शाखा में शिकायत दर्ज करायी थी। कंपनी ने चावल-चीनी सप्लाइ और कंस्ट्रक्शन कांट्रैक्ट लिया था। कंपनी ने बताया कि तेमजेन ने 2015 और 2018 के बीच नगालैंड में निवेश करने के लिए उनसे संपर्क किया था। कंपनी ने 21 अप्रैल 2015 को एक समझौता ज्ञापन साइन किया और लगभग 125 करोड़ रुपये का निवेश किया।

# मैं एकलव्य थी, अब अर्जुन हूं: अपर्णा यादव

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लखनऊ।** अपर्णा यादव आखिरकार मान गयीं। उन्होंने आठ दिन बाद महिला आयोग के उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर लिया। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की पत्नी नम्रता पाठक के साथ वह बुधवार दोपहर 12 बजे महिला आयोग के कार्यालय पहुंचीं। कार्यभार संभालने के बाद अपर्णा ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि मैं नाराज नहीं हूं। मैंने सिर्फ अपनी बात रखी। पीएम मोदी और सीएम योगी ने मुझे यह जिम्मेदारी दी है। भाजपा संगठन एक परिवार है। प्रधानमंत्री परशुराम हैं। पहले मैं एकलव्य थी। अब अर्जुन हूं।

अपर्णा ने कहा कि परिवार में अपनी बात कहने का मतलब यह नहीं कि कोई नाराज है। भाजपा बड़ा परिवार है। मैं समझती हूं कि संगठन और सरकार ने मुझे बड़ी जिम्मेदारी दी है। गौरतलब है कि अपर्णा को भाजपा ने 3 सितंबर को महिला आयोग का उपाध्यक्ष बनाया था, लेकिन वह नाराज हो गयी थीं। उनका कहना था कि पारिवारिक पृष्ठभूमि और राजनीतिक कद को देखते हुए उपाध्यक्ष का पद उनके लिए बहुत छोटा है। सुल्तानपुर में मंगेश यादव एनकाउंटर पर अपर्णा ने कहा कि क्रिमिनल की कोई जाति नहीं होती है। आप देखिए, कितने सारे आतंकवादी मुसलमान हैं। इसका ये मतलब नहीं है कि हर मुसलमान आतंकवादी है, लेकिन मंगेश यादव एनकाउंटर की जांच होनी चाहिए। जांच हो भी रही है।

# पटना सीरियल ब्लास्ट के दोषियों की फांसी की सजा उम्रकैद में बदली

**2013 में मोदी की रैली के दौरान हुए थे धमाके**

**रांची और आसपास के रहनेवाले हैं सभी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में 2013 में हुए सीरियल ब्लास्ट के चार दोषियों की फांसी की सजा उम्रकैद में बदल गयी है। पटना हाइकोर्ट ने चार दोषियों की फांसी की सजा को वापस लेते हुए उन्हें 30 साल तक जेल में रहने की सजा सुनायी है। पटना हाइकोर्ट के जस्टिस आशुतोष कुमार की अध्यक्षता वाली बेंच ने दो अन्य दोषियों की आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा है। बता दें कि गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रधानमंत्री उम्मीदवार नरेंद्र मोदी की पटना के गांधी मैदान में आयोजित चुनावी रैली के दौरान सिलसिलेवार धमाके हुए थे।

एनआइए के विशेष लोक अभियोजक मनोज कुमार सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पटना हाइकोर्ट की बेंच ने 2013 सीरियल बम धमाकों के दोषी चार लोगों की मौत की सजा को बुधवार को 30 साल के कारावास में बदल दिया। जिन चार दोषियों की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदला गया है, उनमें हैदर अली, नोमान अंसारी, मोहम्मद मुजीबुल्लाह अंसारी और इम्तियाज आलम शामिल हैं। इसके अलावा, दो अन्य दोषियों उमर सिद्दीकी और अजहरुद्दीन कुरैशी को पूर्व में सुनायी गयी आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा गया है।

बता दें कि साल 2021 में एनआइए स्पेशल कोर्ट ने बम धमाकों के नौ में से चार दोषियों को मृत्युदंड यानी फांसी की सजा सुनायी थी, वहीं दो दोषियों को आजीवन कारावास और दो अन्य को 10 साल, जबकि एक को सात साल की जेल की सजा सुनायी गयी थी। उस समय शहर में छह बम धमाके हुए थे जिनमें 6 लोगों की मौत हो गयी थी।

## चोरों ने एक ही रात में तीन दुकानों और एक घर का तोड़ा ताला

**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत में चोरों के द्वारा बड़े पैमाने पर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात्रि में मझिगावां गांव के बस्ती निवासी बीरेंद्र साह के दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखे 25 लीटर सरसो तेल, सिगरेट, सहित बच्चों को दी जाने वाली कुरकुरे, मंटुरे व नगद पैसे सहित कई आवश्यक समानों को चोर ले गये। उसके पश्चात बस्ती के ही श्रवण साह के दुकान के गल्ले का भी लॉक चोरों द्वारा तोड़ा गया था, जहां गल्ले में रखे पैसों को निकालने में भी सफल रहे, वहीं तीसरी घटना बस्ती के ही राजकुमार रजवार के घर के अंदर से पेटी को निकाल कर ले गये।

राजकुमार रजवार ने बताया कि पेटी में पायल, बिछिया, जमीन के कागजात बैंक का पासबुक व इलाज कराने के लिए पांच हजार रुपये रखा गया था, उसे भी चोरों ने चुरा लिया। वहीं अगली घटना गांव के ही भेलवाखाडी टोले पर स्थित मंगरु राम के गुमटी का भी ताला तोड़कर दुकान में रखे 20लीटर पेट्रोल, सिगरेट, मिक्सचर, बिस्कुट सहित दुकान के अन्य कई सामग्री व नगद पैसे चोरों ने चुराया हैं। घटना की सूचना मिलते ही हरिहरपुर ओपी से एएसआई आर के पांडेय ने कहा कि मामले की छानबीन में पुलिस लग गयी है मामले को जल्द ही सुलझा लिया जायेगा।

# जिले की 20 आंगनबाड़ी सेविका और 30 सहायिकाओं को मंत्री ने दिया नियुक्ति पत्र

**सरकार की योजनाओं के संचालन में आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका की भूमिका महत्वपूर्ण : मिथिलेश ठाकुर**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के विभिन्न परियोजना अंतर्गत 20 सेविका और 30 सहायिकाओं का चयन किया गया। जिन्हे मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने समाहरणालय में नियुक्ति पत्र बांटा। पेयजल और स्वच्छता एवं खेल कूद विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि महिला बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं के संचालन में आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका की महत्वपूर्ण भूमिका है। इनके द्वारा राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना', 'मुख्यमंत्री कन्यादान योजना', टीएचआर वितरण, पोषाहार कार्यक्रम, टीकाकरण कार्यक्रम और स्थानीय स्तर पर पोषण और स्वास्थ्य से संबंधित कार्य किये जाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनके चयन से स्थानीय स्तर पर पोषण और स्वास्थ्य से संबंधित कार्यों में गति मिलेगी।

मौके पर बोलते हुए उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि सभी सेविका और सहायिका का चयन आंगनबाड़ी केंद्र स्तर पर आम सभा के माध्यम से किया जाता है, जिसमें बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अध्यक्ष, महिला पर्यवेक्षिका संयोजिका, संबंधित प्राथमिक, मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सदस्य, एएनएम और मुखिया चयन समिति के सदस्य होते हैं। चयन समिति के द्वारा चयन के पश्चात अनुमोदन के लिए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के माध्यम से उप विकास आयुक्त के द्वारा अनुमोदन करने के पश्चात परियोजना स्तर पर एक दिवसीय तथा केंद्र स्तर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण पश्चात योगदान कराया जाता है। उन्होंने कहा कि इनके चयन से सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के संचालन में मदद मिलेगी।

कार्यक्रम में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के अलावा उपायुक्त शेखर जमुआर, जिला परिषद अध्यक्ष, उप विकास आयुक्त, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य मौजूद थे।

## मंत्री ने किया गढ़वा प्रखंड के आधा दर्जन गांवों में जन संवाद, सुनी ग्रामीणों की समस्या



**गढ़वा ।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को गढ़वा प्रखंड के आधा दर्जन गांवों में जन संवाद कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान मंत्री ने गढ़वा प्रखंड के कल्याणपुर पंचायत में धर्मडीहा स्कूल के समीप, कल्याणपुर इमामबाड़ा के मैदान में, जुटी स्कूल के समीप, जाटा पंचायत में करमडीह देवी धाम के समीप, करमडीह जमुआ के समीप, जाटा में छठ घाट के समीप, ढोटी चौक पर मदरसा के समीप, तेनार गांव में शिव मंदिर के समीप तथा पिपरा खुर्द में पुलिस लाइन के समीप आयोजित संवाद में ग्रामीणों की समस्याओं का निदान किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जनता को झांसा दे कर चुनाव जीत जाना ही जनप्रतिनिधि का काम नहीं है। बल्कि जनता जिस उम्मीद और विश्वास के साथ अपना जनप्रतिनिधि चुनती है, उस विश्वास को बरकरार रखते हुए क्षेत्र में जनहित के कार्यों को करना, उनके सुख-दुख का सहभागी बनना ही जनप्रतिनिधि का कार्य है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, बैकुंठ सिंह, धनंजय, मंजर, इफ्तेखार, इसहाक, शहाबुद्दीन खां सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मंत्री ने कलाकारों को पेंशन और सुबह सवेरे शनि परब शुरू करवाने का दिया आश्वासन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** राज्य भर में सभी जिले के कलाकारों के लिए उनकी पेंशन शुरू करने और वर्षों से बंद पड़े सुबह सवेरे, शनि परब कार्यक्रम को पुनः आरंभ की मांग को लेकर गढ़वा जिला के कलाकारों का एक दल स्थानीय विधायक सह मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मिला। इस अवसर पर पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद युवा कार्य विभाग झारखंड के प्रभार ग्रहण करने के बाद स्थानीय कलाकारों ने मंत्री मिथिलेश ठाकुर को उनके आवास पर जाकर बधाई दी तथा कला संस्कृति से जुड़े कलाकारों ने अपनी मांगों को रखा। कलाकारों के प्रतिनिधि मंडल ने कलाकारों के लिए पेंशन की व्यवस्था करने सहित 'सुबह सवेरे, शनि परब कार्यक्रम' को पुनः आरंभ करने के संदर्भ में अपनी मांग रखी। वहीं झारखंड सरकार के द्वारा पूर्व के कैबिनेट में पारित 80 वर्ष के वृद्ध कलाकार जो कला के प्रदर्शन में असमर्थ हो गये है, उनके भरण पोषण हेतु 4 हजार रुपये मासिक पेंशन की कैबिनेट मंजूरी के बाद भी धरातल पर साकार नहीं हो सकी योजना का जिक्र करते हुए निर्धारित उम्र सीमा को कम करते हुए अतिशीघ क्रियान्वयन कराने का आग्रह किया। कलाकारों का प्रतिनिधित्व कर रहे कलाकार दया शंकर गुप्ता ने कहा कि कलाकारों का जीवन अधिकांशतः अभाव में ही गुजरती है। ऐसे में कोई कलाकार 80 वर्ष तक पेंशन लेने के लिए जीवित रह पायेगा, ये संभव नहीं। रांची से पहुंचे शनि परब के पूर्व प्रांतीय समन्वयक चंद्रदेव सिंह ने कहा कि कलाकारों के हक में कुछ महत्वपूर्ण योजनाएं सरकार ने बनायी, परंतु उसे धरातल पर उतार नहीं पायी है। 'सुबह सवेरे, शनि परब' जिसमें प्रत्येक जिले के इसमें विशेष रुचि रखनेवाले व्यक्ति को जिला समन्वयक, तथा दो मानद सदस्य बनाकर जनसंपर्क विभाग के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया जाता था। इस कार्यक्रम में चार टीमें भाग लेती थी। प्रत्येक तीन से लगभग 10 कलाकार यानी प्रत्येक सप्ताह कुल 40 लोग इससे लाभान्वित होते थे। मंत्री ने कलाकारों को पेंशन और सुबह सवेरे शनि परब शुरू करवाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में अरुण कुमार पांडेय, बसंत, सुधांशु, सुबोध, रविंद्र कुमार सहित कई कलाकार उपस्थित थे।

# वृक्ष हमारे जीवन का सार है : हेमंत प्रताप

आजाद सिपाही संवाददाता




**श्री बंशीधर नगर।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर उंटारी के द्वारा भगवान अघोरेश्वर की 88वीं जयंती के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए और पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु सगमा प्रखंड के भैया रुद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय के प्रांगण में और आसपास के गांव के लोगों के बीच 500 पौधों का रोपण और वितरण किया गया। मौके पर श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने बतलाया कि श्री सर्वेश्वरी समूह के द्वारा अपने 19 सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत जन सेवा के क्षेत्र में समय-समय पर विभिन्न कार्य किये जाते रहे हैं सर्वेश्वरी समूह की स्थापना 21 सितंबर 1961 में बाबा अवधूत भगवान राम जी के द्वारा किया गया था, जिसका एकमात्र उद्देश्य जनकल्याणकारी कार्य, समाज में व्याप्त कुरूतियों, नशाखोरी, छुआछूत को मिटाना, राष्ट्र प्रेम की भावना और पर्यावरण के क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर कार्य करना रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को लेकर लोगों को जागरूक किया गया, पौधे से होने वाले फायदे को बतलाया गया। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का सार है, वृक्ष से हमें शुद्ध वातावरण प्राप्त होता है, शुद्ध ऑक्सीजन और हवा मिलने से हम कई बीमारियों से वंचित रहते हैं, थोड़े से खर्च कर हम पौधा लगाते हैं प्रकृति की सेवा करते हैं, साथ ही हम अपने परिवार और राष्ट्र के लिए कार्य करते हैं। श्री देव ने लगाये गये पौधों को संरक्षण देने और इसे बचाने का लोगों से अपील किया। मौके पर शाखा के मंत्री आनंद जायसवाल, संयुक्त मंत्री नागेंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष अनूप कुमार सिन्हा, मनोज प्रताप देव, नवनीत सिन्हा, प्रभात रंजन सहाय, राजेंद्र यादव, मनोज प्रताप देव, कटहरगढ़ श्रीकांत सिन्हा, गोल्डन, नीरजा श्रीवास्तव, छाया सिंह, दुर्गा कुमारी, दुर्गेश सिन्हा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## टीडीएम कॉलेज के संस्थापक सदस्य का निधन, शोक सभा

**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** ठाकुर दयाल देव माणिकराज इंटर महाविद्यालय अधौरा के एक संस्थापक सदस्य ब्रजकिशोर देव का निधन हो गया। इसे लेकर कॉलेज में शोक सभा की गयी। ईश्वर से मृतक की आत्मा की शांति और परिजनों को दुःख सहने की सामर्थ्य देने की प्रार्थना की गयी। शोक सभा में प्राचार्य धनंजय सिंह ने कहा कि श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय के अधौरा निवासी 89 वर्षीय श्री देव को कोई गंभीर बीमारी नहीं थी। दो दिन पूर्व उन्हें पक्षाघात का अटैक हुआ था। बनारस में उनका इलाज चल रहा था। इलाज के बाद उन्हें घर लाया गया था। मंगलवार की शाम करीब आठ बजे उन्होंने अधौरा स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली।

## दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बुधवार को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर स्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन के सभागार कक्ष में आरबीआई के 90वां स्थापना वर्ष के अवसर पर पूर्व स्नातक छात्रों के लिए सामान्य ज्ञान और जागरूकता पर 'आरबीआई 90 क्विज' नामक एक राष्ट्रव्यापी क्विज में भाग लेने हेतु पंजीयन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वधार फाइनेंस के जिला इंचार्ज राहुल कुमार दुबे तथा ट्रेनर सतीश दुबे उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन और वनांचल कॉलेज आफ नर्सिंग तथा वनांचल स्कूल आफ नर्सिंग, फार्मेसी कॉलेज सहित अन्य सभी महाविद्यालयों के छात्र-छात्रा उपस्थित होकर अपना पंजीयन किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन की प्राचार्या डॉ० सुनीता गुप्ता के द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन वनांचल स्कूल आफ नर्सिंग की प्राचार्या दिव्या तिरु के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन एवं नर्सिंग कॉलेज के प्राध्यापकों में अरविंद तिवारी, शशिकांत सिंह यादव, जनार्दन, आनंद, रजनी, संजीव, कोमल, आतिफ, जयराम, प्रीति, निशि, नीलोफर, पूजा आदि उपस्थित रहे।

## बूथ अध्यक्ष और पंचायत अध्यक्षों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**रंका (आजाद सिपाही)।** पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह के नेतृत्व मे रंका प्रखंड के 80 बूथों से आये बूथ अध्यक्ष और पंचायत अध्यक्षों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न। जिसमें मास्टर ट्रेनर अमरजीत सिंह और सुधाकर पांडेय रहे। चुल्ला प्रमुख और परिवार प्रमुख बनाने का मंत्र दिया गया। उन्होंने कहा कि पुरे गढ़वा विधानसभा में भ्रष्टाचार का राज्य कायम है। सभी विभागों में लूट मचा हुआ है। अबुआ आवास में मुखिया लोग पैसा लेकर आवास देने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनएच 343 पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। अभी तक रंका में बस स्टैंड नहीं बन सका और विकास का ढिंढोरा पीटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव आने में चार महीने बच गये हैं। आपको चुनाव चिन्ह बताया जायेगा और उसमें वोट करने के लिए प्रेरित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अबकी बार परिवर्तन निश्चित है। इस मौके पर अध्यक्ष सुनिल माली,सुलपानी सिंह, देवनारायण यादव, इस्माईल अंसारी सहित काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## स्व गोवर्धन सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत सिरोईखुर्द पंचायत के बघटवा मैदान में बुधवार को स्व० गोबर्धन सिंह खरवार के स्मृति में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने कहा कि बड़े ही खुशी की बात है कि हमारे विधायक सूबे के पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर को झारखंड सरकार ने कला संस्कृति पर्यटन खेल कूद मंत्रालय का भी जिम्मेवारी सौंपी है। इस मौके पर जिपस प्रमिला देवी, प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, अनुमंडल उपाध्यक्ष रतन सिंह, बीस सूत्रि अध्यक्ष अहमद अली, पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, शिक्षक कोयली सिंह, मुखिया करमदयाल सिंह, बीडीसी हिराणणि देवी मुखिया प्रत्याशी झामुमो नेता रविंद्र सिंह सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा मनाने को लेकर बैठक

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** सूर्य मंदिर प्रांगण में सूर्य मंदिर विकाश क्लब ने दुर्गा पूजा मनाने को लेकर एक बैठक किया गया। इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने के लिए एक कमिटी का गठन किया गया। अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता, सचिव सत्येंद्र प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष संजय कुमार को बनाया गया। इस मौके पर नितीश गुप्ता, नवल किशोर प्रसाद, गुप्तेश्वर प्रसाद, सुनील, विजय गुप्ता, दुर्गेश, प्रमोद गुप्ता, रमेश, अजय, ब्रजेश, वीरेंद्र, दिनेश, शंकर गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मजदूरी करने गये युवक की राजस्थान में मौत



मृतक का फाइल फाटो

**सगमा (आजाद सिपाही) ।** धुरकी थाना क्षेत्र के झुनका गांव निवासी कृष्णा यादव के 28 वर्षीय पुत्र सत्येंद्र यादव की राजस्थान में मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि सत्येंद्र यादव राज्य राजस्थान के जिला उदयपुर गांव देवरासागर चौराहा समीप एलएनटी कंपनी में बिस दिन पहले मजदूरी करने गया था। नौ सितंबर सोमवार को दोपहर में एलएनटी कंपनी अंदर ही काम करने के दौरान सर में अचानक चक्कर आया और वहीं पर गिर गया और बेहोश हो गया। इसके स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया, लेकिन इसकी मौत हो गयी। बताया गया कि कंपनी के द्वारा शव को घर पहुंचाने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था की गयी है जो कल शाम तक शव आने की उम्मीद जतायी जा रही है।

# धावा दल ने बाल श्रमिक को कराया मुक्त




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्प लाईन और एक्सेस टू जस्टिस प्रोजेक्ट (बचपन बचाओ आंदोलन) संयुक्त धावा दल ने गढ़वा जिला अंतर्गत नगर-उंटारी प्रखण्ड के प्रतिष्ठान से कुल 02 बाल श्रमिक जिनकी उम्र 14 वर्ष से कम है। विमुक्त कराने के बाद उक्त बाल श्रमिक को बाल कल्याण समिति, गढ़वा को सुपूर्द कर दिया गया।

उपरोक्त धावा दल में बाल कल्याण समिति से अध्यक्ष प्रणव कुमार, मुकेश सिंह सदस्य, मनोज दुबे सदस्य, राजीव रंजन तिवारी सदस्य और रेणु कुमारी जिला बाल संरक्षण इकाई गढ़वा से संजय ठाकुर, लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान से जिला समन्वयक गणेश कुमार और चाइल्ड लाइन से टीम लीडर राजीव कुमार रवि उपस्थित थे। उपरोक्त धावा दल ने पैन इंडिया एक्शन मंथ अंतर्गत अगस्त माह से अब तक गढ़वा जिले के विशुनपुरा, मझिआंव और नगर उंटारी प्रखंड के विभिन्न प्रतिष्ठानो से 8 बाल मजदूरों को रेस्कयू कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रणव कुमार ने बताया कि यह रेस्क्यू अभियान आगे भी चलता रहेगा।


**झारखंड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला**

अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 11/R1/2024-25/RWD/W/EE/GUMLA दिनांक:–11.09.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि। | टेंण्डर कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ GUMLA/ DMFT/01/ 2024-25 | गुमला जिला अंतर्गत प्रखण्ड रायडीह के ग्राम पंचायत कोब्जा के ग्राम नकटी झरिया में Construction of road from Jogitand to Pahartoli. (Length-0.900 Km) | 89.640 | नवासी लाख चौसठ हजार रू0 मात्र। | 03 माह | द्वितीय |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 13.09.2024
3 ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–20.09.2024 अपराह्न 05.00 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 21.09.2024 अपराह्न 05.05 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, विकास भवन, गुमला के बगल में, पिन–835207
6 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06524–465040 ।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, गुमला

PR 335462 Rural Work Department(24-25).D


## टेंपो हादसे में आधा दर्जन महिलाएं और बच्चे घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** टाउनशिप कांडी मुख्य मार्ग स्थित शिवनगरी के सामने मुख्य पथ पर तीखे मोड़ पर बुधवार की दोपहर में एक टेंपो के पेंड से टकरा जाने से उस पर सवार आधा दर्जन महिला और बच्चे घायल हो गये। घायलों में निशा कुमारी पति चंद्रभान राम, काजल पिता राकेश राम, दिवाकर पिता राकेश राम, अनिता देवी पति राकेश राम, सुगनी कुंवर पति स्वर्गीय ललन राम सभी यूपी के आजमगढ़ निवासी का नाम शामिल है। उक्त सभी घायलों को टेंपों और 108 एंबुलेंस के जरिये भवनाथपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए लाया गया, जहां पर तैनात आयुष चिकित्सक नीतीश भारती की देखरेख में इलाज किया जा रहा है।

# विधायक भानु प्रताप ने पांडा और धोबनी नदी पर 12.27 करोड़ की लागत से बनने वाले पुल का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** थाना क्षेत्र के चौरा में पंडा नदी और धोमनी नदी पर 12 करोड़ 27 लाख से बनने वाले पुल का शिलान्यास और मुकुंदपुर उपस्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने गांव के ही बुजुर्ग से नारियल फोड़ एवं विधिवत पूजा अर्चना कर करवाया। केतार कांडी कोल रोड धोमनी नदी पर पुल काफी दिनो से जर्जर था। इस पुल को ध्वस्त होने से झारखंड के पलामू जिला सहित बिहार जाने की दूरी कम होती है। वहीं चौरा के ग्रामीणों को बरसात के दिनों में पंचायत और प्रखंड मुख्यालय से संपर्क टूट जाता था। पंडा नदी पर पुल बन जाने से चौरा सहित अन्य गांवों से संपर्क बना रहेगा। शिलान्यास कार्यक्रम से बाद सभा का आयोजन किया गया। सभा का संचालन दिलीप जायसवाल ने किया। सबसे पहले भाजपा कार्यकर्ताओं ने 51 किलो का माला पहना कर स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि पहली बार जब मुझे भवनाथपुर विधानसभा की जनता विधायक चुना उस समय भवनाथपुर विधानसभा की अधिकतर गांव बरसात के दिनों में प्रखंड और पंचायत मुख्यालय से संपर्क टूट जाता था। मेरे अथक प्रयास से भवनाथपुर विधानसभा में सबसे पहले सैकड़ों पुल, बिजली सड़क और शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत बनाया। आज खेत में बिजली और पानी उपलब्ध है, जिससे बंजर भूमि पर खेती की जा रही है। इस अवसर पर अमरनाथ यादव, कामेश्वर यादव, लालमोह यादव, वीरेंद्र यादव, पिंटू यादव, विमलेश यादव सहित दर्जनों लोगों ने झामुमो छोड़ भाजपा का दामन थामा। इस मौके पर जिला पार्षद सब विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद, प्रमोद शुक्ला, नीरज सिंह, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, ईश्वरी वैद्य सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

e-Procurement Cell

Very Short e-Procurement Notice (2nd Call)

Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 16 /2024-25 Date:-10-09-2024

| Sl. No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Aanganbadi Kendra ,Jinga 3, Panchayat- Jinga , Block Sadar, Dist-Hazaribag (20360080523) | 1448400/- | 29000/- | 2500/- | 04 Month |
| 2 | Construction of Aanganbadi Kendra, ParTumba, Panchayat-Morangi, Block:- Sadar, Distriet Hazaribagh.(20360080317) | 1448400/- | 29000/- | 2500/- | 04 Month |
| A. | Date of Publication of Tender on website | 12-09-2024 | | | |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 18-09-2024 03.00 PM | | | |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Hazaribag | | | |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 | | | |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 | | | |

**Further details and subsequent amendments can be seen on website** http:// jharkhand tenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department, Building Division, Hazaribag

PR.NO.335432 Building(24-25):D

# लोधमा गांव में डायरिया से चार लोगों की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़/रडगांव।** तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के रडगांव पंचायत अंतर्गत लोधमा गांव में डायरिया से चार लोगों की मौत हो गयी। गांव के मंगल मछुआ और उसकी पत्नी कुंती देवी व पदो महंतो की पत्नी बैसाखी देवी की मौत हो गयी। वहीं लोधमा के कृतनडीह में मुंडा की मौत हो गयी जिसमें कई लोग इस बिमारी से पीड़ित है और लोग कुआं का पानी पी रहे है। अभी तक कोई भी चिकित्सक का दल नहीं पहुंचा है। ग्रामीणों का झोला छाप डॉक्टर से इलाज हो रहा है। तमाड़ के पूर्व विधायक गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने अस्पताल प्रभारी को इसकी जानकारी दी। बिरसा विकास समिति के सीताराम मुंडा मदन बागती, सुभाष मुंडा, विमलेश चौधरी, श्याम चांद सिंह मुंडा, गुणोधर चौधरी, रसोराज मुंडा, पीड़ित परिवार को मदद कर रहे हैं और कुआं वगैरह में ब्लिंचिग पाउडर का छिड़काव कर रहे हैं। कोई नर्स भी गांव नहीं पहुंची है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सावित्री कुजुर को भी जानकारी नहीं थी, पुरे प्रखंड में इलाज भगवान भरोसे चल रहा है, ये रांची में रहती है और मोबाइल द्वारा संचालित करती है।

# खूंटी में जेवर दुकान और बंद घरों में हुई चोरी का खुलासा, चार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** शहर के प्रमुख नेताजी चौक में स्थित जतन ज्वेलर्स नामक दुकान में तीन दिन पूर्व हुई चोरी और तोरपा रोड तथा कर्रा रोड के दो बंद मकानों में हुई भीषण चोरी के मामले में शामिल चार आरोपितों को गिरफ्तार कर पुलिस ने चोरी की उक्त घटनाओं का खुलासा कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों में खूंटी महादेव टोली निवासी बिट्टू नायक उर्फ. नितिन नायक, सोनू महतो उर्फ डेंडे, बड़ाईक टोली निवासी मयंक नायक तथा मिठू नायक उर्फ कार्तिक शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपितों ने चोरी की उक्त घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। उनकी निशान देही पर पुलिस ने चोरी के लिए ताला तोड़ने में प्रयुक्त लोहे का एक साबल बरामद कर लिया है। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक ने बुधवार शाम खूंटी थाना परिसर में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। बताया गया कि पुलिस को गुप्तचरों से सूचना मिली कि जतन ज्वेलरी में हुई चोरी की घटना में महादेव टोली के बिट्टू नायक उर्फ. नितिन नायक शामिल है। इस सूचना पर उसे हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की गई तो उसने जेवर दुकान में हुई चोरी की घटना के साथ ही तोरपा रोड में कुसुम लता टोपनो के बंद मकान और कर्रा रोड में प्रदीप पांडे के बंद मकान में हुई चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए उक्त घटनाओं में शामिल अपने अन्य सहयोगियों के नाम पुलिस को बता दिए। बाद में उसके सहयोगियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि इन घटनाओं में शामिल एक अन्य आरोपित महादेव टोली के नितिन नायक फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश के लिए छापामारी जारी है। साथ ही चोरी गये सामानों की बरामदगी के लिए भी पुलिस प्रयासरत है। बताया गया कि गिरफ्तार आरोपितों का आपराधिक इतिहास रहा है। जब वे सभी नाबालिग थे तभी से वे चोरी की घटनाओं को अंजाम देते रहे हैं। वर्ष 2023 में उन्हें निरुद्ध कर बाल सुधार गृह भी भेजा गया था। छापामार दल में खूंटी थाना प्रभारी मोहन कुमार, खूंटी थाना के एसआई मंटू कुमार सहित अन्य आरक्षी और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## दिउड़ी मंदिर में एसडीओ और डीएसपी लगा रहे कैंप



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड दिउड़ी मंदिर में बुधवार की सुबह से ही पुजारियों की भीड़ नहीं थी। प्रशासन ने निषेधाज्ञा लगा रखा था, क्योंकि बुधवार को आदिवासी नेताओं की बैठक होने वाली थी। मंदिर परिसर के 200 मीटर के दायरे में पांच लोगों से अधिक जमा नहीं हो सकते। पुरा मंदिर परिसर पुलिस छावनी में तब्दील हो गयी थी। एसडीओ मोहन लाल मरांडी और डीएसपी रितिभान सिंह कैंप कर रहे थे। तमाड़ सीओ अतुल रंजन भगत तमाड़ थानेदार मुस्तैद थे। महिला पुलिसकर्मीयों को भी लगाया गया था। पिछले 5 सितंबर से दिउड़ी मंदिर में तालाबंदी के बाद भक्तों का आना-जाना कम हो गया है, और उसी दिन ग्राम सभा भी रखी गयी थी।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 सितंबर तक आयोजित



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू नगर पंचायत में उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम 9 सितंबर से 13 सितंबर 2024 तक आयोजित किया गया है। बुधवार के सत्र में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के बैंक मैनेजर अमित कुमार झा ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया, वहीं नगरीय प्रशासन निदेशालय से आए रवि जी ने महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। प्रशिक्षण के दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लंच का प्रबंध किया जा रहा है, जिसमें भरपेट भोजन केवल 70 रूपये में उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पहल से महिलाओं को रोजगार के अवसर भी मिल रहे हैं।

## ईचागढ़ प्रखंड में कार्यरत दो महिला पर्यवेक्षिका को दी गयी विदाई



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। बाल विकास परियोजना कार्यालय ईचागढ़ में कार्यरत महिला पर्यवेक्षिका हिमाद्री और जया पांडेय का एक विदाई समारोह कार्यक्रम कर विदाई दी गयी। दोनों महिला पर्यवेक्षिका ईचागढ़ प्रखंड में लगभग नौ साल तक अपना सेवा प्रदान किये है। समारोह में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी सीडीपीओ कीकू महतो, प्रखंड प्रमुख गुरुपद मारडी सहित सैकड़ों आंगनवाड़ी सेविका उपस्थित थे। मौके पर संबोधित करते हुए बीडीओ किकू महतो ने कहा कि सरकारी नौकरी में स्थानांतरण स्वाभाविक बात है, दोनों महिला पर्यवेक्षिका ने इस प्रखंड में करीब नौ साल समाज कल्याण कार्य के लिए सेवा प्रदान किये है, इसके लिए दोनो को धन्यवाद देते है और नये परियोजना में योगदान करने के लिए धन्यवाद देते है। वहीं बीडीओ ने बताया कि समाज कल्याण विभाग की और से महिला पर्यवेक्षिका जया पांडेय का किस्को प्रखंड, जिला लोहरदगा तथा हिमाद्री का हाटगम्हरिया प्रखंड, चाईबासा में स्थानांतरण हुआ है।

# पुरनाडीह परियोजना में चोरों ने की डंपर से डीजल की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** पुरनाडीह परियोजना में मंगलवार की रात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया और पत्थरबाजी की। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात एक बजे सात आठ की संख्या में आये चोरों ने परियोजना के कोयला स्टॉक के समीप खड़े मशीनों से डीजल चोरी करने का प्रयास करने लगे उसी बीच स्टॉक के समीप एसआईएसएफ जवानों के साथ भिड़ंत हुआ और वहां से चोर भागकर तीन बजे कांटा घर के समीप पंहुचे। जहां पहले सभी लोगो को धमकाकर पहले सीसीटीवी कैमरों के केबल काट दिया। उसके बाद कांटा में ट्रांसपोर्टिंग के लिए खड़े हाइवा डंपर से डीजल की चोरी की। सभी चोरों ने कांटा घर के अंदर पत्थरबाजी कर सीसीटीवी कैमरा के एक एलसीडी को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं चोरों की पत्थरबाजी में कांटा घर के समीप एक प्राइवेट मुंशी को पैर की अंगुली में चोट लगी। घटना के बाद कुछ दूरी पर चेकपोस्ट के अंदर ड्यूटी कर रहे सुरक्षाकर्मी शमशेर को सूचना मिलने पर पहुंचे। और घटना को लेकर कांटा घर पर जाकर देखा। शमशेर के अनुसार जिस समय घटना हुई उस समय काफी बारिश हो रहा था और घटना को बिना शोर शराबा के अंजाम दिया गया कि कुछ दूरी में चेकपोस्ट पर घटना का पता नहीं चल पाया। सुरक्षाकर्मियों ने घटना की जानकारी विभागीय अधिकारियों और प्रबंधन को दे दिया है।

# झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने सड़क जाम कर विरोध जताया

आजाद सिपाही संवाददाता



**राहे।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर झारखंड आंदोलनकारी ने बुधवार को भगत सिंह चौक पर सांकेतिक रूप से जाम रखा और आवागमन को बाधित रखा सड़क जाम का नेतृत्व कर रहे झारखंड आंदोलनकारी विनोद महतो ने कहा कि राज्यव्यापी आंदोलन के तहत झारखंड बंद के समर्थन में आवागमन को बाधित किया गया है। लोगों की परेशानी को देखते हुए सांकेतिक रूप से 15 मिनट सड़क जाम रखा गया। सड़क जाम कर आंदोलनकारी ने आंदोलनकारी के आश्रितों को शिक्षा और चिकित्सा के निशुल्क गारंटी, सभी आंदोलनकारी को सम्मान राशि के रूप में 50-50 हजार का पेंशन देने, आश्रितियों को नियोजन में आरक्षण देने, समता जजमेंट लागू कर तमाम प्राकृतिक संप्रदायों पर 26 प्रतिशत अधिकार देने की मांग की गयी। मौके पर विनोद महतो, देवगुण महतो, हलधर महतो, उमेश महतो, अश्विनी मेहता, रमेश महतो, गदाधर महतो, बिंदेश्वर महतो, मंटू राम महतो, दिबेश्वर महतो, राम हरी, अखिलेश्वर महतो, अजीत, पृथ्वी महतो, देवेंद्र, कीरीटी, हरिहर, फणिभूषण महतो आदि मौजूद थे।

## सतर्कता जागरूकता अभियान पर बचरा अस्पताल में रक्तदान शिविर कल




पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में चलाये जा रहे सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा शुक्रवार 13 सितंबर को बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस शिविर को लेकर स्थानीय सीसीएल प्रबंधन और अस्पताल प्रबंधन के द्वारा सारी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। बुधवार को पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय में महाप्रबंधक संजीव कुमार ने प्रेसवार्ता कर क्षेत्र के सभी लोगों से शिविर में शामिल होकर रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने पिपरवार क्षेत्र के सभी सीसीएल अधिकारी, कर्मचारी, यूनियन प्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, राजनीतिक पार्टी, समाजसेवी, सीआईएसएफ सहित क्षेत्र के ग्रामीणों से शिविर में शामिल होकर रक्तदान करने की अपील की है।

# इंटर एरिया सांस्कृतिक प्रतियोगिता में विजेता बनी पिपरवार की टीम ने जीएम को सौंपी ट्रॉफी

> पिपरवार एरिया को कुल 48 अंको के साथ ओवरऑल चैंपियन का खिताब प्राप्त हुआ है

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में ओभरऑल विजेता बनी पिपरवार एरिया टीम के कलाकारों ने बुधवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार से मुलाकात कर उन्हें विजेता ट्रॉफी सौंपा। पिपरवार एरिया टीम के सभी कलाकारों ने संयुक्त रूप से महाप्रबंधक संजीव कुमार को ट्रॉफी सौंपी। इस दौरान महाप्रबंधक संजीव कुमार ने टीम के सभी कलाकारों के साथ बैठक की, जिसमें उन्होंने पिपरवार एरिया की ओर से शानदार प्रदर्शन करने वाले टीम के सभी कलाकारों को बधाई दी। टीम के द्वारा बताया गया कि पिपरवार की ओर से प्रतियोगिता में शामिल कुल आठ कलाकारों ने प्रथम, दो कलाकारों ने द्वितीय और चार कलाकारों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिसमे पिपरवार एरिया को कुल 48 अंको के साथ ओभरऑल चैंपियन का खिताब प्राप्त हुआ है। पिपरवार एरिया टीम की ओर से तबला वादन में संतोष दास प्रथम, गिटार में हीरा दास प्रथम, लाइट सॉन्ग एवं गीत में रतनलाल प्रथम, बांसुरी में तेतर भगत प्रथम, नजरुल गीत में संजय चटर्जी प्रथम, ठुमरी में विजय शर्मा प्रथम, आर्केस्ट्रा में हीरा दास एंड ग्रुप प्रथम, गीत में रतन लाल प्रथम, ध्रुपद में विजय शर्मा द्वितीय, कव्वाली में इम्तियाज एंड ग्रुप द्वितीय, भजन में जयपाल दास तृतीय, गजल में गोपाल शर्मा तृतीय, रविंद्र संगीत में स्वरूप सन्यामत तृतीय और ठुमरी में गोपाल शर्मा तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस दौरान टीम के कलाकारों ने कई समस्या से महाप्रबंधक को अवगत कराया। वही जीएम सजींव कुमार ने टीम के सभी कलाकारों को बधाई देते हुए कहा कि कला संस्कृति एवं खेल को बढ़ावा देने के लिए सीसीएल प्रबंधन काम कर रही है।

## केडीएच सरना क्लब में मनाया गया करम पूर्व संध्या समारोह



खलारी (आजाद सिपाही)। केडीएच सरना क्लब डकरा में करम पूर्व संध्या समारोह धुमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित महिला पुरुषों ने करम गीत और मांदर की थाप पर जमकर नृत्य किया। देर रात तक नृत्य चलता रहा। पूर्व संध्या समारोह में सभी करमाईयों को करम पर्व के हार्दिक शुभकामनाएं दी गयी। वक्ताओं ने कहा कि प्राकृतिक पर्व करमा भाई बहनों का पर्व है और इस पर्व में जो कहानी का सार है कि बुराई की हार और अच्छाई की जीत होती है। इसी शुभकामनाओं के साथ करम पर्व के संझोत में एक साथ मिलकर खान पान करते हैं इसके बाद दूसरे दिन बहने उपवास करती हैं, और भाई लोग शाम को करम डाली को लाते हैं और अखरा में गाढ़ कर हर्षोल्लास के साथ मनाते है। इस करमा पूर्व संध्या पर सरना समिति के संयोजक अशोक लकड़ा, संरक्षक बिगन सिंह भोगता, रंथु उरांव, नरेश गंझू, विनय खलखो, राजेंद्र उरांव, समिति के अध्यक्ष लालचंद विश्वकर्मा, कन्हाई पासी, दीपक टाना भगत, बबलु उरांव समेत सैंकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

## बुकबुका में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित




खलारी (आजाद सिपाही)। राजकीयकृत मध्य विद्यालय बुकबुका में सीसीएल एनके एरिया के द्वारा सीएसआर के तहत नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। सेंट्रल हॉस्पीटल डकरा के मेडिकल टीम शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ सत्यदीप कुमार के द्वारा जांच की गयी और छात्र-छात्राओ और ग्रामीणों को दवाइया और उचित परामर्श देकर ईलाज किया गया। इस अवसर पर सीसीएल एनके एरिया उत्तरी कर्णपुरा क्षेत्र के सीएसआर अधिकारी निखिल अखोरी विद्यालय पहुंचे और बच्चों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने विद्यालय को हर संभव सहयोग करने का भी आश्वासन दिया। मेडिकल टीम में प्रेम कुमार प्रजापति, गोपीनाथ, सिस्टर नीलम कुमारी, लक्ष्मी देवी 'एक विधान के प्रधानाध्यापक अमरलाल सतनामी, कुलदीप, जगदीश, उपमुखिया नीलम मिज उपस्थित थी।

## आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपूर पंचायत में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टंडवा बीडीओ देवलल उरांव और विशिष्ट अतिथि में टंडवा अंचलाधिकारी बिजय दास, बीस सूत्री सदस्य सुभाष यादव और कल्याणपुर पंचायत के मुखिया महेश मुंडा ने फीता काट और द्वीप जलाकर कार्यक्रम का शुभांरभ किया। इस शिविर मेंबीडीओ देवलाल उरांव, सीओ बिजय दास,जिला परिषद सह बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, मुखिया महेश मुंडा सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# संभावित प्रत्याशियों की जमीनी स्तर पर पैठ आंकने के लिए भाजपा की रायशुमारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** असन्न विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा पूरी तरह चुनावी मोड में आ गई है। विधानसभा चुनाव के दंगल में उतरने के संभावित प्रत्याशियों की जमीनी स्तर पर पैठ को आंकने के लिए बुधवार को तोरपा विधानसभा क्षेत्र के संभावित उम्मीदवारों के नाम को लेकर तोरपा स्थित विवाह मंडप परिसर में रायशुमारी की गयी। मौके पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता जेबी तुबिद और जय नंदन शर्मा पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित थे। रायशुमारी में तोरपा विधानसभा क्षेत्र में आनेवाले सभी चार प्रखंडों तोरपा, कर्रा, रनिया और बानो प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। अलग-अलग स्तर के पार्टी पदाधिकारियों से अपनी पसंद के उम्मीदवार का नाम पूछा गया। कोई भी पदाधिकारी अधिकतम तीन संभावित उम्मीदवारों का नाम लिखकर बैलेट बॉक्स में डलवाया गया। इसके लिए बैलेट पेपर की एक पर्ची भी तैयार की गयी है। कोई अपने नाम के अलावा दो अन्य पंसदीदा उम्मीदवार का नाम लिख सकता था।भाजपा के सूत्रों ने बताया कि हरेक विधानसभा क्षेत्र से तीन से साढ़े तीन सौ कार्यकर्ताओं से उकनी राय जानी गयी। रायशुमारी के लिए वोटिंग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी बैलेट बॉक्स को पाटी कार्यालय भेजा गया, जहां पर्ची की स्क्रीनिंग होगी और देख जायेगा कि टॉप तीन नाम कौन-कौन हैं। इससे बेंहतर उम्मीदवार चुनने में मदद मिलेगी। रायशुमारी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पर्यवेक्षक और पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता जेबी तुबिद ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि है।

उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा चुनाव कों लेंकरर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी चयन में कार्यकर्ताओं की राय और उनका सुझाव सबसे महत्वपूर्ण है। उनकी सलाह और सुझाव कें अनुसार की प्रत्याशी का चयन किया जायेगा। जेबी तुबिद ने विश्वास जताया कि विधानसभा चुनाव में इस बार भी तोरपा विधानसभा में कमल खिलेगा और भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ राज्य में सरकार बनायेगी।

**राजनीतिक लाभ के लिए अधिकारियों को चुनाव में झोंक रही है सरकारः तुबिद**

राज्य सरकार के एक अधिकारी द्वारा भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और हिमंता विस्वा शर्मा पर समाज में विद्वेष फैलाने का अरोप लगाने और इसको लेकर चुनाव आयोग को पत्र लिखे जाने की कड़ी आलोचना करते हुए भाजपा के प्रवक्ता जेबी तुबिद ने कहा कि यह बिल्कुल हास्यास्पद और गंभीर मामला है। तुबिद ने कहा कि किसी अधिकारी द्वारा चुनाव आयोग को पत्र लिखा जाना पूरी तरह हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि राज्य में कोई राजनीतिक गतिविधि हो रही है, तो इसमें सरकारी अधिकारी को दखल देनें का अधिकार नही है और न ही परंपरा है।

उन्होंने कहा कि यदि कोई आपत्ति है, तो पार्टी के पदाधिकारी को ही इसका विरोध करना चाहिए न कि अधिकारी को। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार अपने राजनीतिक लाभ के लिए अधिकारियों का चुनाव में इस्तेमाल कर रही है और उन्हें राजनीति में झोंक रही है। मौके पर काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पिपरवार में कोलफील्ड मजदूर यूनियन और प्रबंधन के बीच हुई एजेंडा मीटिंग



एजेडा मिटिंग मौजुद लोग।

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार एरिया के अशोक परियोजना ओसीपी पिपरवार यूनिट मे बुधवार को कोलफील्ड मजदूर यूनियन और प्रबंधन के बीच 17 सूत्री मांग पत्र पर एजेंडा मिटिंग हुई। इस बैठक में यूनियन के द्वारा प्रबंधन को दिये गये 17 सूत्री मांग पत्र पर चर्चा की गयी, जिसमें कोयला मजदूरों की कई समस्याओं पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। मिटिंग में प्रबंधन की ओर से अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, कार्मिक प्रबधंक हेमचंद महतो, परियोजना अभियंता उत्खनन मिथिलेश कुमार के अलावे यूनियन की ओ से क्षेत्रीय सचिव भीम सिंह यादव, अनिल कुंवर, रामू गोप, हरिवंश महतो, गांधी राम साहू, राम बच्चन यादव, सुरेश चौधरी, रविंद्र सिंह, मनोज सिंह, एसडी राम, सुरेश चौधरी, मथुरा प्रसाद मंडल सहित यूनियन के कई लोग मौजुद थे।

## अनगड़ा में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झारखंड रांची के डीजीपी के आदेश के आलोक में मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय सभागार में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अनगड़ा, ओरमांझी एवं सिकिदिरी थाना क्षेत्र के सैकड़ों फरियादी अपनी-अपनी फरियाद लेकर पहुंचे और समाधान के लिए आवेदन किया। शिविर में रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने लोगों को समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम से जुड़ने की बात कही। सिल्ली अनुमंडल डीएसपी रणवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में फरियादियों की काफी भीड़ देखी गई। सबसे अधिक जमीन विवाद से संबंधित मामले सामने आए। सभी मामलों की बारी-बारी से सुनवाई करते हुए पहले समझौते के माध्यम से इसका निष्पादन करने की कोशिश की गई। वहीं कई मामले पर जल्द से जल्द कारवाई का भरोसा देते हुए शिकायत दर्ज की गई और इसका रिसीविंग दिया गया। इस बाबत डीएसपी रणवीर सिंह ने बताया कि जनता द्वारा जो भी जन शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। उन्हें दर्ज करते हुए रेसिविंग दिया जा रहा है। तीन हफ्तों में सभी शिकायतों के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मिली शिकायतों पर संबंधित पदाधिकारी द्वारा समीक्षा भी की जाएगी और प्राप्त सभी आवेदनों की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। शिविर में उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा अंसारी सहित अन्य ने पुलिस के इस पहल की अत्यंत सराहना की। इस मौके पर अनगड़ा के सीओ राजू कमल, बीडीओ जयपाल सोय, सर्किल इंस्पेक्टर हंसा उरांव, अनगड़ा थानेदार हीरालाल शाह, सिकिदिरी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, ओरमांझी थाना प्रभारी आलोक सिंह आदि मौजूद थे।

## करमा पर्व पारंपरिक उल्लास के साथ मनाने का निर्णय

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** करमा पर्व के मद्देनजर बुधवार को केंद्रीय सरना समाज उत्थान समिति की बैठक हेसल खोपी सरना में हुई। जसकी अध्यक्षता जमल मुंडा ने की। बैठक में 14 सितंबर को करमा पर्व पारंपरिक उल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि इससे पहले 13 सितंबर को संजोत (उपवास), 14 सितंबर को विधिवत करम पूजा के बाद रात में सांस्कृतिक रीझ रंग कार्यक्रम और 15 सितंबर को विसर्जन होगा। निर्देश दिया गया कि करमा पूजा से एक दिन पहले करम डाली को समारोहपूर्वक अखाड़े में लाना है। जमल मुंडा ने सभी अखाड़ों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन, ग्राम पाहन सहित अन्य ग्रामीणों से सहयोग की अपील की। निर्णय लिया गया कि क्षेत्र के सभी अखाड़ों के सुंदरीकरण हेतु मांग पत्र सरकार को सौंपा जाएगा। बैठक में महेश मुंडा, रतिलाल पाहन, राजेंद्र मुंडा, सूरज मुंडा, तनीजर मुंडा, मधु पाहन, अशोक मुंडा, तारा देवी, ललिता पाहन, सुग्गी पाहन, सुमित्रा पाहन आदि मौजूद थे।

## जिप अध्यक्ष ने रखी पीसीसी पथ की आधार शिला



**रातू (आजाद सिपाही)।** जिप अध्यक्ष निर्मला भगत ने बुधवार को 300 फिट पीसीसी पथ निर्माण की आधारशिला रखी। उक्त पथ रातू प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल मुख्य पथ से बॉबी मिश्रा के घर तक बनाया जायेगा। ग्रामीणों के मुताबिक 30 वर्ष से भी अधिक समय से यह रास्ता जर्जर व कीचड़ से सना हुआ रहता था। विधायक-सांसद के अलावा जनप्रतिनिधियों से सड़क निर्माण के लिय गुहार लगाई गई थी। पर किसी ने भी समस्या का समाधान नहीं निकाला। बतातें चलें कि उक्त सड़क 15 वें वित्त निधि जिला परिषद से बनाया जायेगा। वहीं, रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत ने बताया कि यह रास्ता हमेशा कीचड़ व पानी में डूबा हुआ रहता था। लोगों से समस्या का पता चलने पर मरम्मति की पहल की गयी। मौके पर आजसू के हटिया प्रभारी भरत कांसी, राजीव मिश्रा,कृष्णा कुमार, बॉबी मिश्रा, देवेंद्र पाहन, अरविंद केरकेट्टा, प्रदीप पटेल, सरोज गुप्ता, उज्ज्वल तिवारी, दीपक साहू, अर्जुन साहू, रमेश उरांव, अर्जुन महतो, गुड्डु चौधरी, कमला देवी, सुलोचना देवी, साकुंतला देवी, प्रीति देवी, चंदन प्रसाद, बिमला देवी आदि थे।

## पत्रकार के पिता के श्राद्धकर्म में शामिल हुए खिजरी विधायक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** दैनिक अखबार के स्थानीय पत्रकार अखिलेश कुमार के दिवंगत पिता रामजी प्रसाद के श्राद्धकर्म में बुधवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप पहुंचे थे। इस दौरान विधायक ने रामजी प्रसाद के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर बड़ा बेटा मिथिलेश प्रसाद, पोता विकास कुमार, विशाल कुमार व अनिकेत कुमार, पत्रकार सूरजमणि सिंह, राजेश वर्मा, अमित शर्मा, प्रखंड उपप्रमुख वीणा देवी, प्रखंड महिला प्रसार पदाधिकारी रेणु कुमारी, भाजपा नेता रितेश उरांव, आजसू नेता फूलकुमारी देवी, संजीव सिंह उर्फ छोटू, राजू नायक, पारसनाथ उरांव, काशीनाथ महतो, अनिल वर्मा, अखिलेश यादव, रामाधार सिंह, पंचू तिर्की और माधुरी देवी आदि मौजूद थे।

## बदलाव संकल्प महासभा को लेकर चलाया जनसंपर्क



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जेबीकेएसएस/ जेएलकेएम की ओर से 17 सितंबर को अनगड़ा मैदान में आयोजित होने वाले बदलाव संकल्प महासभा को सफल बनाने को लेकर बुधवार को विभिन्न इलाकों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस क्रम में सक्रिय कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से इस महासभा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। बताया गया कि इस महासभा के माध्यम से पार्टी सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो खिजरी विधानसभा में परिवर्तन का आगाज करेंगे। जनसंपर्क अभियान में फलींद्र करमाली, महेंद्र महतो, हेमंत महतो आदि शामिल थे।

## चारू में सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चारु पंचायत में सरकार आपके द्वार शिविर लगा। जिसमें लाभ पाने को लोगों ने फार्म भरा। जेएसएलपीएस द्वारा महिला स्वयं सहायता समूह को रोजगार सृजन के लिए चेक दिया गया। मौके पर कांग्रेस के जिला महासचिव अशोक गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि प्रो प्रेम नाथ मुंडा, प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार आदि उपस्थित थे।

# योजनाओं के धरातल पर उतरने से ग्रामीणों को मिलेगा लाभ : शिल्पी

### मांडर विधायक ने प्रखंड के विभिन्न गावों में कई योजनाओं की रखी आधारशिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार को प्रखंड के विभिन्न गांव में कई योजनाओं की आधारशिला रखी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मांडर विधानसभा क्षेत्र में सभी विकास योजनाओं के संबंध में उनके द्वारा किये गये हर वायदे को निभाने की उन्हें खुशी और संतुष्टि है। क्योंकि इसी से क्षेत्र का संपूर्ण आर्थिक-सामाजिक विकास संभव है। उन्होंने कहा कि आम जनता की सहभागिता सबसे ज्यादा जरूरी है। आज मांडर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड के ग्राम मुड़मा में दो योजनाओं, ग्राम बरगड़ी, ग्राम चुंद, ग्राम धौठा टोली, करगे पंचायत के ग्राम रेगे, ग्राम करगे के देवहा नाला सीरीज चेक डेम निर्माण, ग्राम हेसमी और ग्राम टांगरबसली बाजार टांड में विविध योजनाओं का शिलान्यास करते हुए विधायक ने कहा कि सभी योजनाओं को समय पर पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा करना उनके लिये सबसे बड़ी चुनौती है। उन्हें खुशी है कि अपनी इस चुनौती को पूरा करने में वे सफलता की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि अपनी जरूरत के अनुसार वे सरकार की विविध कल्याणकारी योजनाओं से फायदा उठायें। इस मौके पर कांग्रेस के विधायक प्रतिनिधि जमील मालिक, प्रखंड अध्यक्ष मांगा उरांव, प्रमुख फिलीप सहाय एक्का, मुड़मा पंचायत अध्यक्ष सुरेश उरांव, ब्राम्बे पंचायत अध्यक्ष बंदना उरांव, बरगडी. पंचायत अध्यक्ष इग्निस इक्का, टांगर बसली पंचायत अध्यक्ष तस्लीम अंसारी, बंधु टोप्पो, तबरक खान, नसीम आबिद, समसूल, होसे उरांव, चिंतामणि उरांव, तेतरी उरांव, चमरा उरांव, सरोफिना मिंज आदि मौजूद थे।



विकास योजनाओं की आधारशिला रखतीं मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की।

## खिजरी विधायक ने किया शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** हाईटेंशन मैदान चौक स्थित चुहाड़ विद्रोह के महानायक सह प्रथम भारतीय स्वतंत्रता सेनानी क्रांति वीर शहीद रघुनाथ महतो की आदमकद प्रतिमा पर विधायक निधि से शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास बुधवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पूर्व विधायक सह झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी एवं रांची जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राकेश किरण महतो ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर जैक अध्यक्ष अनिल महतो, रांची विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्टर डॉ अमर चौधरी, झामुमो नेता वीरू साहू, डॉ धनेश्वर महतो, शीतल ओहदार, ललित महतो, डॉ गोविंद महतो, शत्रुघ्न महतो, पूर्व पार्षद कुलभूषण डुंगडुंग, मधुसूदन महतो, राजकुमार महतो, गोविंद शंकर महतो, सुनील उरांव, अर्चना मिश्रा, रीना सांगा, भूदेव महतो, जगदीश चंद्र महतो, भुवनेश्वर महतो, किशोरी लकड़ा, दिनेश चंद्र प्रमाणिक, ईश्वर महतो, मुचीराम महतो आदि उपस्थित थे।



## सेमीफाइनल में पहुंची एनवाइसी कठचाचो की टीम



**रांची (आजाद सिपपाही)।** नगड़ा पंचायत और खान ब्रदर्श मांडर के संयुक्त तत्वावधान में रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के गोरे गांव में बुधवार को आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले दिन एनवाईसी कठचाचो की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई। उसने लिली एफसी को ट्राईब्रेकर में 5-2 गोल से पराजित कर यह सफलता हासिल की। वहीं एनवाईसी कठचाचो ने ब्लैक डायमंड हेहल घुघरी को 3-0 और लिली एफसी ने पीएमपी परहेपाट को 1-0 गोल से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। इससे पहले टूर्नामेंट का उद्घाटन मुखिया बहादुर उरांव और गोरे सदर हाजी अयूब खान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को कीक कर किया। दोनों ने खिलाड़ियों, आयोजन समिति के सदस्यों का हैंसला बढ़ाया। कहा कि ऐसे छोटे से जगह पर ऐसा भव्य आयोजन कराना अच्छी पहल है। गुरुवार को उद्घाटन मैच द रॉयल स्टार क्लब कानीजाड़ी और गुरुंग सौकर एफसी के बीच दिन के 10 बजे से होगा। मौके पर शैफ खान, बेलाल खान, रशीद खान आदि थे।

## अलग-अलग सड़क हादसों में एक की मौत, 3 गंभीर

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** विकास-रामपुर रिंगरोड में तुरुप ब्रिज के समीप बुधवार की शाम सड़क हादसे में बाईक सवार एक युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान कांके उरगुटु निवासी विक्की महतो के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक सड़क पर एक ट्रक खराब हो जाने की वजह से खड़ी थी। तभी अंधेरे में बाइक सवार ने पीछे से ट्रक में धक्का मार दिया, जिससे बाइक सवार युवक सड़क पर गिर गया और उसके सिर में गंभीर चोट लगने से तुरंत उसकी मौत हो गई। पता चला है कि विक्की महतो अपने ससुराल हेसल जा रहा था। उधर, खबर पाकर अनगड़ा पुलिस मौके पर पहुंच गयी और शव को कब्जे में ले लिया। साथ ही दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। वहीं, नगड़ा-हुंडरू फॉल सड़क पर महेशपुर बगानटोली के पास बुधवार की शाम टायर पंचर हुई ट्रैक्टर से एक वैगन आर कार पीछे से टकरा गई। जिससे कार सवार तीन युवक निशांत कुमार (चुटिया), रोनित कुमार (किशोरगंज) व नीलकंठ कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी दोस्त जन्मदिन की पार्टी मनाने हुंडरू फॉल गये थे। वहां से लौटने के दौरान खड़ी ट्रैक्टर से टकरा गये। घायलों को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने ट्रैक्टर और कार को जब्त कर लिया है।

## आदिवासियों का विकास पड़हा सरकार ही कर सकती है: जागरे



आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड स्तरीय करम पूर्व संध्या का आयोजन डुगडुगिया जतरा टाड़ सापुकेरा में पडहा सरकार संरक्षक जागरे उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर पुनई उरांव ने कहा कि आदिवासी झारखंड के मालिक है। पर स्थिति दयनीय है। अपनी धर्म संस्कृति को बचाना हमारा मूल उद्देश्य है। इसके लिए एक मंच पर आने की जरूरत है। वहीं, जागते उरांव ने कहा कि आदिवासी धर्म संस्कृति की पढ़ाई के लिए एक भी विद्यालय नहीं बना। पडहा सरकार ही आदिवासी समाज का विकास कर सकते है। मंच संचालन सुखु लोहारा ने किया।

## कांके : जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में मिले 94 आवेदन

**कांके (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें शिकायत के 94 आवेदन आये। इसमें ज्यादातर मामले जमीन संबधी विवाद के थे। जमीन विवाद के 18 मामले अंचल कार्यालय को भेजा गया। वहीं मौके पर ही तीन मामले में प्राथमिकी दर्ज की गयी। एक मामला सीआइपी की ओर से एक महिला मानसिक रोगी को उसके घर तक पंहुचाने के गुहार लेकर की गयी। मौके पर डीएसपी अमर कुमार पांडेय, थाना प्रभारी केके साहू, सीआई चितरंजन टुडू, एसआइ कफील अहमद आदि थे।

### झारखंड बंद को लेकर बेड़ो में प्रतिष्ठान रहे बंद

# पारंपरिक हरवा-हथियार लेकर सड़कों पर उतरे बंद समर्थक

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** पूर्व घोषित झारखंड बंद को लेकर बेड़ो में बुधवार को सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठान स्वतः बंद रहे। वहीं झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले आंदोलनकारियों ने सड़क पर उतर कर अपनी मांगों को लेकर पारंपरिक हरवे हथियार व झंडा बैनर के साथ अपनी आवाज बुलंद की। साथ ही मोर्चा के सदस्यों ने आंदोलनकारियों को प्रत्येक माह 50 हजार पेंशन, झारखंड आंदोलनकारियों के जेल जाने की बाध्यता को समाप्त कर सभी आंदोलकारियों को चिन्हित करने, राजकीय मान सम्मान के साथ उनकी पहचान व प्रशस्ति पत्र देने, आंदोलनकारियों के परिजन को सरकारी नौकरी, नियोजन के अधिकारों की 100 प्रतिशत गारंटी, राज्य में समता जजमेंट लागू करने समेत सात सूत्री मांगों की लेकर बीडीओ राहुल उरांव व सीओ प्रताप मिंज को मांग पत्र सौंपी गई। इधर, बेड़ो में बंदी को सफल बनायें जाने को लेकर मोर्चा की ओर से बेड़ो के दुकानदारों व आम जनता के प्रति आभार जताया गया। उधर, बंद को सफल बनाने में मोर्चा के अध्यक्ष जुगेश उरांव, महामंत्री धनंजय कुमार रॉय, पीटर तिर्की, कुंवर मिंज, सचिव सहिंद्र लकड़ा, सतबीर लाल खन्ना, मोतलिफ मिरदाहा, साबिर अंसारी, नीली लकड़ा, सुकी उराइन, भुवनेश्वर साहू, दिनेश ठाकुर, बिरसा उरांव, सुका भगत, जॉन लकड़ा, जतरु उरांव, विष्णु भगत आदि का अहम योगदान रहा।



## राजू नायक बने घासी समाज युवा कल्याण समिति के मुख्य संरक्षक



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आजसू के केंद्रीय सदस्य राजू नायक को घासी (नायक) समाज युवा कल्याण समिति झारखंड का मुख्य संरक्षक नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर समिति के संदीप टाइगर नायक, मुकेश कुमार नायक, संजय नायक, अजय नायक, रामप्रवेश, राजकुमार, शक्ति, अनिल, बबलू, कुसमन नायक, दशरथ राम घासी, लोधा नायक आदि ने ने बधाई दी है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## केडीके आवासीय विद्यालय में करम मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मनखा मुंडा स्थित कईली दई कुडुख आवासीय विद्यालय में बुधवार को शिक्षक दिवस सह करम मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ 12 पड़हा राजा सोहराई उरांव, विशाल उरांव, विष्णु उरांव व विमल उरांव 7 पड़हा राजा जीतू उरांव व विजय उरांव 21 पड़हा राजा नंदु उरांव अध्यक्ष सुका उरांव, सचिव बंधना उरांव व प्रधानाध्यापक पंकज कुजूर ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप जलाकर व माल्यार्पण करके किया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों की प्रस्तुति, नृत्य- संगीत एवं नाटक के माध्यम से की गई। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक ने कहा कि शिक्षक समाज के वे दीपक है जो सदैव पूरे समाज को छात्र-छात्राओं के माध्यम से प्रकाशित करते रहते हैं। उन्होंने करम पूजा के महत्व को भी बताया। कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं को सहेजने और बढ़ावा देने का मौका मिलता है। उन्होंने विद्यार्थियों के उत्साह व प्रतिभा की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुभाष उरांव व सोमनाथ उरांव ने किया। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनी उरांव, अंजली खन्ना, मनशा गुप्ता, सोवदिका फिरदौस, नीतू साक्षी टोप्पो, नरूवा उरांव, करया उरांव, मुक्ति उरांव आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

## कैंब्रिज स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज स्कूल टाटीसिलवे में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों द्वारा निर्मित सोलर सिस्टम से जुड़े उपकरण, चंद्रयान 3 के मॉडल समेत कृषि के क्षेत्र में काम आने वाले अत्याधुनिक यन्त्रों को प्रदर्शित किया गया। मालूम हो की विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा छठी से लेकर दसवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। स्कूल के प्राचार्य टीके नाथ ने बताया कि सभी मॉडलों का निर्माण शिक्षकों के मार्गदर्शन और देख रेख में विद्यार्थियों द्वारा निर्मित है। विद्यालय के निदेशक अभिषेक सिंह ने प्रदर्शनी का मुआयना कर विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रयास की सराहना की। मौके पर संस्थान के शिक्षक इंद्रानी बोस, ज्योति भूषण गुप्ता, रीना सहाय अशोक सिंह, संध्या रानी, सुभाष कुमार, एकता कुमारी, विनीता नाग, सुप्रिया व्यास, संदीप कुमार आदि ने बच्चों का हौसला अफजाई किया।

## भाजपा उम्मीदवार चयन के लिए हुई रायशुमारी



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधानसभा के लिए भाजपा उम्मीदवार के चयन को लेकर बुधवार को अनगड़ा बेडवारी स्थित डिग्री कॉलेज सभागार में रायसुमारी की प्रक्रिया पूरी की गई। यह प्रक्रिया खिजरी विधानसभा प्रभारी सह जमशेदपुर के भाजपा सांसद विद्युत वरण महतो की देखरेख में संपन्न हुआ। रायसुमारी में जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य, निवर्तमान जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, कार्यसमिति, मंडल मोर्चा के अध्यक्ष, महामंत्री, पूर्व मंडल अध्यक्ष, प्रदेश मोर्चा पदाधिकारी, प्रदेश प्रकोष्ठ और विभिन्न विभागों के संयोजक, सह संयोजक शामिल हुए। इस रायसुमारी प्रक्रिया में अधिकतम तीन संभावित उम्मीदवारों के नाम पर्ची में लिखकर बैलेट बॉक्स में डलवाया गया। वोटिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद सांसद विद्युत वरण महतो ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। इनकी बदौलत ही चुनाव जीता जा सकता है।

## नगड़ी में शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बुधवार को नगड़ी थाना की ओर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें पुलिस उपाधीक्षक (मु) द्वितीय अरविंद कुमार, पुलिस निरीक्षक सदर अंचल रांची के महेश्वर प्रसाद रंजन, नगड़ी सीओ राकेश श्रीवास्तव, थाना प्रभारी अभिषेक राय, पुअनि देवानंद यादव, शुभम कुमार, दलादली ओपी प्रभारी विकास सिंह ने संयुक्त रूप से नगड़ी थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से शिविर में आये लोगों की फरियाद सुनी और त्वरित कार्रवाई करने का भरोसा दिया। इस दौरान आपसी विवाद, पारिवारिक मामलें और जमीन विवाद से जुड़े शिकायत लेकर लोग बड़ी संख्या में पहुंचे थे। शिविर में कुल 40 लोगों ने अपनी- अपनी समस्याओं से जुड़े मामले का आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। वहीं, प्राप्त आवेदन पत्र की जानकारी पुलिस विभाग के पोर्टल भी अपलोड किया जायेगा। वहीं, शिविर को सफल बनाने में नगड़ी थाना के एएसआई संजय कुमार सिंह, रसका हंसदा,अमित कुमार, प्रमोद पासवान, संगीता कुमारी आदि का सराहनीय योगदान रहा। वहीं, कार्यक्रम में जिप सदस्य पूनम देवी, जोहर पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष कुशवाहा विजय महतो एवं झामुमो के पर करना अध्यक्ष विनोद तिर्की, जिला उपाध्यक्ष राखी देवी, सुरेश महतो आदि उपस्थित थे।

## रातू में प्रखंड स्तरीय जेंडर रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन

**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जेएसएलपीएस कार्यालय में बुधवार को पलाश (झारखंड स्टेट) लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी) के सामाजिक विकास डोमेन के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय जेंडर रिसोर्स सेंटर का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख संगीता देवी व थानेदार रामनारायण सिंह ने किया। जेंडर रिसोर्स सेंटर का लक्ष्य समवेशी विकास को बढ़ावा देना व उसके माध्यम से गरीबी को काम करने के लिए एक लैंगिंग न्यायपूर्ण समाज का निर्माण करना है। कार्यक्रम में जिला कार्यालय के डीएम, एसडी अदीबुल आफरीन, रातू ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर कुणाल कुमार, प्रदान से अंशु, डालसा से पुष्पलता, एफटीसी शिव कुमार, प्रभात कुमार, सुंडिल, तिगरा क्लस्टर के सीसी, माहेश्वरी देवी, पंसस सलगी उरांव आदि मौजूद थे।

## संजीवनी क्लासेस में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे पुरुलिया रोड स्थित संजीवनी क्लासेस में धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर (शिक्षाविद) आदित्य भारती उपस्थित थे। उन्होंने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिन पर ही शिक्षक दिवस मनाने की बात कही। कहा कि वे बच्चों से बहुत प्यार करते थे। संस्थान के शिक्षक कुंदन कुमार ने कहा कि बच्चों का जीवन में सफल होना ही शिक्षक के लिए उपहार होता है।

# एमएमसीएच व मेदिनीनगर शहर में लगेगा सीसीटीवी



**डीसी की अध्यक्षता में डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक संपन्न, 20 से अधिक योजनाओं को किया गया पारित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के न्यास परिषद की बैठक हुई। जिसमें डीसी ने कहा कि डीएमएफटी मद से शिक्षा, स्वास्थ, पेयजल, सुरक्षा, सिंचाई व आजीविका से जुड़े योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पारित किया जायेगा। बैठक में एजेंडावार प्राप्त योजनाओं पर चर्चा किया गया व सर्वसम्मती से 20 से अधिक विकास योजनाओं को पारित किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि मेदिनीनगर शहर के टीओपी 1, 2, व 3 के क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टिकोण से प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी लगाया जायेगा। इसी तरह एमएमसीएच परिसर को भी सीसीटीवी से लैस किया जायेगा। वहीं जिला मुख्यालय में महिलाओं के लिए अटैचैद बॉथरूम के साथ रिटायरिंग रूम का निर्माण भी कराया जायेगा। वहीं, बैठक में जिले के सभी आवासीय विद्यालयों में डीएमएफटी मद से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के साथ ही आवासीय विद्यालयों एवं सामुदायिक प्लेग्राउंड में ओपन जिम का भी निर्माण कराये जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही जिले के विभिन्न कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में कंप्यूटर लैब, डिजिटल बोर्ड, पुस्तकालय आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में स्थानीय युवाओं के बीच रोजगार सृजन करने के उद्देश्य से मशरुम स्पॉन यूनिट का अधिष्ठापन कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त डीएमएफटी मद से मेदिनीनगर निगम क्षेत्र में दो मोबाइल टॉयलेट भी उपलब्ध कराया जायेगा। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ, पेयजल, सुरक्षा, सिंचाई व आजीविका से जुड़े अन्य योजनाओं को भी पारित किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी, एएसपी राकेश कुमार, पलामू व चतरा सांसद प्रतिनिधि, हुसैनाबाद विधायक प्रतिनिधि,जिला शिक्षा पदाधिकारी,जिला शिक्षा अधीक्षक समेत अन्य सदस्य समाहरणालय सभागार से जुड़े रहे, जबकि विभिन्न जनप्रतिनिधि वर्चुअल मोड से जुड़े थे।1

## मनातू में हुई हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझाया, दो गिरफ्तार

# ओझा-गुनी के संदेह में की गयी थी राजा यादव की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनातू/पलामू।** मनातू थाना क्षेत्र के घंघरी निवासी राजा यादव की पांच सितंबर को अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी थी। तब मृतक राजा की पत्नी राधा देवी ने सात लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिक के अलावे 10-12 अज्ञात लोगों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई थी। वहीं, जांच में उतरी पुलिस ने अप्राथमिकी आरोपित मुकेश कुमार और योगेंद्र सिंह को घंघरी गांव से ही गिरफ्तार कर लिया। उसने सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों ने हत्या में शामिल होने की बात स्वीकार कर कर लिया। आरोपितों ने पुलिस को बताया कि साल 2021 में तीन वर्षीय सोनी कुमारी की मौत हुई थी। जिसे लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। इन लोगों को पूरा शक था कि राजा यादव ने ही ओझा गुनी कर बच्ची की जान ली है। इसके बाद से मुकेश ने राजा यादव से बदला



हत्या के आरोप में पकड़े गये आरोपितों की जानकारी देती मनातू पुलिस।

लेने का मन में ठान लिया था। पुलिस की मानें तो मुकेश महाराष्ट्र में किसी कंपनी में काम करता था। वह तीन सितंबर 2024 को अपने घर घंघरी आया था। दो दिन के बाद मजदूर की तलाश में योगेंद्र सिंह को साथ लेकर मनातू थाना क्षेत्र के कुबरा कुंडीलपुर पहुंचा। जहां दोनों ने महुआ शराब का सेवन करने के बाद राजा यादव की हत्या की योजना बना ली। क्योंकि राजा यादव ओझा गुनी कर लोगों को मार दिया करता है जिसका समर्थन योगेंद्र सिंह ने भी दिया। इसके बाद पांच सितंबर की शाम में ही विजय यादव के घर में महुआ शराब पीकर दोनों जब राजा यादव के घर की ओर रवाना हुए। देखा कि राजा घर के बाहर ओटा पर सो रहा है। उस समय बिजली कटी थी और चारो ओर अंधेरा था। इसी का लाभ उठाकर पास में ही पड़े घोरणा से दो सखुआ की लकड़ी खींचकर लाये और दोनों ने पीट-पीट कर राजा यादव की हत्या कर दी। इसके बाद दोनों वहां से फरार हो गये। वहीं, हत्या में इस्तेमाल दो लकड़ी, दो स्क्रीन टच मोबाइल, घटना के समय आरोपित द्वारा पहना गया कपड और मृतक का खून लगा गमछा बरामद किया गया है। इस संबंध में सर्किल इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने घटना का उद्भेदन करते हुए कहा कि अपराधी चाहे जितना भी चालाक हो वह कानून से बचकर नहीं रह सकता है। मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बताया कि घटना की जांच मेरे लिए चुनौती पूर्ण था, लेकिन सभी के सहयोग से जल्दी ही उसका उद्भेदन कर लिया गया। उधर, छापामारी टीम में अनीश राज, तुराम पुरती, सत्येंद्र कुमार, संतोष गुप्ता आदि शामिल थे।

# हुसैनाबाद के एसडीपीओ ने थाना प्रभारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने क्षेत्र के सभी थाना व ओपी प्रभारियों के साथ अपराध नियंत्रण को लेकर बुधवारर को समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों से क्षेत्र में अपराध, स्थायी व अस्थायी वारंटी और लंबित थाना कांड संख्या की अद्यतन जानकारी ली। साथ ही लंबित मामलों को जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा क्षेत्र में महिला व बाल संरक्षण, नक्सल गतिविधियों, चोरी व छिनतई, जमीन विवाद में मारपीट या अन्य घटना से जुड़े मामलो की भी जानकारी ली व लंबित मामलों को निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस महीने में विभिन्न पर्व त्योहार व मुस्लिम समुदाय के पैगंबर साहब के जनमोत्स्व, विश्वकर्मा पूजा में क्षेत्र में शांति व्यवस्था को लेकर असमाजिक तत्व पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। कहा कि हर हाल में शांति व्यवस्था बनाना ही पुलिसिंग व्यवस्था हैं। मौके पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, हैदरनगर नगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी, मोहम्मदगंज थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी, देवरी ओपी बबलू कुमार, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता एवं एसडीपीओ रीडर शेखर सिंह आदि मौजूद थे।

# भाजपा की रायशुमारी बैठक में जमकर हंगामा, आपस में ही भिड़े कार्यकर्ता



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव को लेकर विश्रामपुर विस क्षेत्र के रेहला शूभे मैरेज हॉल में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की रायशुमारी बैठक हुई। जिसमें संभावित प्रत्यासी को लेकर कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं के बीच आरसीयू के दीक्षांत समारोह का आमंत्रण पत्र वितरण को लेकर हंगामा हो गया। एक संभावित प्रत्यासी द्वारा विजिटिंग कार्ड भी वितरित किया गया था, जिसे लेकर हंगामा और तेज हो गया। कार्यकर्ता आपस में ही भिड़ गए। मामला हाथापाई तक पहुंच गया। वरीय नेताओं के हस्तक्षेप और पर्वेक्षक के समझाने बुझाने पर कार्यकर्ता शांत हुए। दूसरी ओर, विस चुनाव में प्रत्यासी चयन पर कार्यकर्ताओं से राय ली गयी। जिसके बाद मतदान कराया गया। जिसमें शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं के नामों की सूची पार्टी के जिला कार्यालय से भेजी गयी थी। रायशुमारी और मतदान में विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी सभी संभावित प्रत्याशियों पर भारी पड़े। विस क्षेत्र के सभी सात ग्रामीण मंडल और दोनों नगर मंडल की पूरी कमेटी ने पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी का समर्थन किया। सभी ने पहले नाम के प्रस्ताव में डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व दूसरे नाम में वर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के पक्ष में मतदान किया।

# मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में कैदी की मौत, जेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप, जांच की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर सेंट्रल जेल के कैदी कुंदन पांडे की मौत पर उसके परिजनों ने जेल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मौत की सूचना मिलने पर एमआरएमसीएच पहुंची उसकी मां ने कहा कि जेल जाने से पहले उसका बेटा पूरी तरह से स्वस्थ था। दो दिन पहले वह उससे मिलने गयी थी, लेकिन मिलने नहीं दिया गया। कुंदन की मां ने आररोप लगाया कि जेल प्रबंधन ने बेटे के बीमार रहने के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी। पांच दिनों के भीतर ही उसकी मौत कैसे हो गयी? जेल प्रशासन की कार्यशैली संदेह के घेरे में है। परिजनों ने मामले में दोषी जेल प्रशासन पर कार्रवाई करने की मांग की है। इधर, घटना की सूचना मिलने पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी अस्पताल पहुंचे और पूरी मामले जानकारी ली। अस्पताल की ओर से बताया गया कि सुबह में कुंदन को इलाज के लिए लाने पर इसका इसीजी किया गया, जिसमें वह मृत पाया गया। उन्होंने कहा कि अस्पताल के रिकॉर्ड से पाया गया है कि कुंदन पांडे को मृत अवस्था में बुधवार की सुबह 5.30 बजे लाया गया था। हालांकि, जेल प्रबंधन ने अपने दस्तावेज में प्राण रक्षार्थ भेजने की बात कही है। पूरे मामले में जेल प्रशासन दोषी है। परिवार के लोग इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करायेंगे। मैं सरकार से मांग करता हूं कि इसकी निष्पक्ष जांच करायी जाये और जेल प्रबंधन के साथ-साथ अन्य जो भी दोषी हैं, उन पर कार्रवाई की जाये। इस मामले में जेलर प्रमोद कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह करीब चार बजे जेल के कंपाउंडर ने सूचना दी कि कुंदन पांडेय की तबीयत ज्यादा खराब हो गयी है। इसके बाद उसे इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भेजा गया था। उल्लेखनीय है कि 6 सितंबर को दो स्कूली बच्चों के अपहरण मामले में कुंदन पांडेय समेत चार को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया था।

# विधानसभा चुनाव में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : अजीत



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** युवा कांग्रेस का विश्रामपुर विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन बुधवार को संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता विस अध्यक्ष गुलाम नबी ने किया। बैठक में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक अजीत कुमार तिवारी ने कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी देते हुए जीत सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में युवाओं की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होगी। कांग्रेस यूथ ब्रिगेड के कार्यक्रता ज्यादा से ज्यादा युवाओं को अपने संगठन से जोड़ें। ताकि युवा कांग्रेस विश्रामपुर विस क्षेत्र में और मजबूत हो सके। प्रदेश महासचिव अभिषेक तिवारी ने कहा कि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कमर कस लिया है। विधानसभा चुनाव में आइएनडीआइए गठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। वहीं, जिलाध्यक्ष परवेज अली ने कहा कि युवा कांग्रेस पूरे जिले में सक्रिय है और लगातार जनसेवा कर रहा है। सम्मेलन में सभी प्रखंड व सेक्टर स्तरीय कमेटी को सत्यापित कर कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों की जानकारी भी दी गयी। मौके पर जहांगीर अंसारी, कवलेश मेहता, बेलाल अंसारी, शहंशाह, रवि चंद्रवंशी, तरुण सिंह, पारस भुंइया, राज सिंह और जावेद अख्तर सहित कई लोग मौजूद थे।

# सरकारी योजनाओं को हर घर में पहुंचाना ही सरकार आपके द्वार शिविर का उद्देश्यः सीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पीपरा प्रखंड के दलपतपुर पंचायत सचिवालय परिसर में बुधवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें सीओ जितेंद्र कुमार, पीपरा प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी, मुखिया मीना देवी और डॉ. अरविंद कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सीओ ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा शुरू किए गये कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य राज्य में संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदेश के अंतिम



नागरिक तक पहुंचाना और उसका लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है। ताकि राज्य के वंचित नागरिकों तक सरकारी योजनाओं की पहुंच आसान हो सके। वहीं डॉ अरविंद कुमार ने अबुआ स्वास्थ्य योजना का लाभ लेने के लिए लोगों से अपील की। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। जहां सैकड़ों ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जमा किए। इस दौरान ग्रामीणों में अबुआ आवास, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में अधिकतर रुचि देखी गई। वहीं अबुआ आवास, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, मुख्यमंत्री पेंशन योजना आदि योजनाओं से संबंधित करीब 1300-1400 आवेदन प्राप्त हुए। मौके एमओ सर्जुन राम, प्रखंड प्रधान सहायक रंजित कुमार सिंह, समाजसेवी राजेंद्र यादव, उपेंद्र यादव, डॉ. अरविंद कुमार आदि मौजूद थे।

# झामुमो नेता के पिता का निधन, क्षेत्र में शोक

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा हुसैनाबाद के नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के पिता विगत दिनों निधन हो गया। इसे लेकर हरिहरगंज झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, अतहर हुसैन सहित कई कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त किया है।


झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्
जे.एस.सी.ए. स्टेडियम रोड, सेक्टर–3,धुर्वा, राँची– 834 004
दूरभाष– 0651-2444501, 2444502, फैक्स–2444506
An ISO 9001:2015 certified ई–मेल: jepcranchi1@gmail.com

e-ProcurementNotice

Jharkhand Education Project Council invites Request for Proposal (RFP) through GeM portal forSelection of agency for Establishment of Smart Class which includes Supply, Installation and maintenance for 5 years of Hardware, Software & Connected accessories in the selected **288** Government Secondary/Hr. Secondary Schools under SamagraShiksha.The detail tender document including pre-bid dates, last date of submission etc. can be seen in website http://jharkhandtenders.gov.in only. Interested bidder can submit their bid through the portal http://jharkhandtenders.gov.in.

*Notice Ref No. JEPC/ICT/52/76/2024/3348, dated 09/09/2024.*

Sd/-
(Aditya Ranjan)
State Project Director

PR 335346 (Jharkhand Education Project Council)24-25*D



उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा
(समाज कल्याण शाखा)

–: अतिअल्पकालिन निविदा :–

वित्तीय वर्ष 2024–25 में अन्य क्षेत्रीय उपयोजनान्तर्गत प्राप्त आवंटन से चतरा जिला में समाज कल्याण, विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत 03–06 वर्ष तक के बच्चों के लिए गर्म पोशाक (स्वेटर) का क्रय/आपूर्त्ति कराने हेतु निम्न प्रकार से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क0 | सामग्री का नाम | मात्रा | पोशाक की विवरणी | अधिकतम दर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | गर्म पोशाक (स्वेटर) | 98,552 | Sweater Quality :Unisex<br>Colour :Maroon<br>Material :Acrylic-100% (+-2%)<br>Yarn : High bulk Yarn<br>Neek Type : Hoodie<br>Sleeve : Full regular sleeve<br>Weight : 225gm & above<br>Shrinkage or elongation on washing (max) : 4% or Better<br>Colour fastness to Light : 4% or Better<br>Colour fastness to washing : Change in colour or Better, Stain on Adajacent Fabric 3 or Better | प्रति स्वेटर 200.00 रु (GST सहित) से अधिक नहीं होनी चाहिए। |

निविदादाता मुहरबंद लिफाफे में (तकनीकी एवं वित्तीय अलग–अलग) निविदा जिला समाज कल्याण कार्यालय, चतरा (विकास भवन, चतरा) में दिनांक–20.09.2024 को 02:00 बजे अपराह्न तक जमा करेंगे। दिनांक–20.09.2024 के 03:00 बजे अपराह्न में अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित जिला क्रय समिति की बैठक में निविदा खोली जाएगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

निविदा से संबंधित शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर एवं www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
चतरा

PR 335369 Social Welfare,Women and Child Development(24-25).D


# हुसैनाबाद व्यापार मंडल ने एनसीसीएफ अध्यक्ष को किया सम्मानित

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष संघ के पलामू जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने रांची के चाणक्य होटल में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड के अध्यक्ष विशाल कुमार सिंह को भगवान बिरसा मुंडा का चित्र व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही किसानों को मिलने वाली लाभ पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि एनसीसीएफ राष्ट्रीय स्तर की सहकारी सोसायटी है जो भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक उपभोक्ता वितरण मंत्रालय के अधीन काम करती है। उन्होंने एनसीसीएफ अध्यक्ष विशाल कुमार सिंह से आग्रह किया की झारखंड के किसानों को अधिक से अधिक लाभ दिलाएं, ताकि किसान आत्म निर्भर व समृद्ध बने।

## विधायक ने किया शहीद कुंदन सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

# फुटबॉल को जीवंत रखने के लिए समय-समय पर टूर्नामेंट का आयोजन जरूरी : विधायक

**राज्य व प्रखंड स्तर के 16 टीमों के बीच होगा मुकाबला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** कुमीर्पुर पंचायत के ग्राम चौउआ चट्टान मैदान में शहीद कुंदन कुमार सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन बुधवार को विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किया। इससे पूर्व उन्होंने शहीद कुंदन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि यह टूर्नामेंट अब तक का सबसे ऐतिहासिक फुटबॉल टूर्नामेंट होगा। कहा कि फुटबॉल



फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन करते विधायक कमलेश सिंह व अन्य।

के खेल को जीवंत रखने के लिए समय-समय फुटबॉल मैच का आयोजन जरूरी है। इससे युवाओं और बच्चों में इस खेल के प्रति रुचि बढ़ेगी। इस क्षेत्र के युवा राज्य व देश स्तर पर पहचान बनायेंगे। कहा कि इस क्षेत्र के लोगों में खेल के प्रति रुचि को देखते हुए स्टेडियम का निर्माण जल्द कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेल से शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, सिंचाई सभी क्षेत्र में हुसैनाबाद का विकास हुआ है। आने वाले समय में क्षेत्र खेल के मामले में भी जिला में प्रथम होगा। उधर, टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों को शामिल किया गया है। 08 टीम राज्य स्तर व 08 टीम प्रखंड स्तर की है। मौके पर शहीद कुंदन सिंह के पिता सुरेश सिंह, विधायक प्रीतिनिधि अजीत सिंह, एनसीपी नेता योगेंद्र कुमार उर्फ गुड्डू सिंह, अभिषेक सिंह, दीपू सिंह, सतेंद्र सिंह, रजनीश मिश्रा, अब्दुल मन्नान खान, रजनीश सिंह, शिवलाल राम, विमलेश कुमार सिंह आदि शामिल थे।


"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता"
समाहरणालय, लातेहार
(निर्वाचन शाखा)

आमसूचना

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड रांची के पत्रांक 4810 दिनांक 31.08.2024 से प्राप्त निदेशानुसार आगामी झारखण्ड विधानसभा आमनिर्वाचन 2024 के दृष्टिगत लातेहार जिला के सभी मतदाताओं को EVM/VVPAT के संचालन से अभ्यस्त कराने एवं मतदान के समय कोई भी कठिनाई न हो, को ध्यान में रखते हुए दिनांक 18.09.2024 से सभी मतदान केन्द्रों पर अधोलिखित अवधि में EVM/VVPAT प्रदर्शनी MDV (Mobile Demonstration Van) के माध्यम से किया जायेगाः–

| क्र0 | प्रखण्ड | Demonstrationप्रारंभहोने की तिथि | Demonstrationसमाप्ति की तिथि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बरवाडीह | 18.09.2024 | 23.09.2024 | MDV (Mobile Demonstration Van) के माध्यम से प्रदर्शनीकियाजायेगा। |
| 2 | मनिका | 24.09.2024 | 28.09.2024 | |
| 3 | गारू | 30.09.2024 | 05.10.2024 | |
| 4 | महुआडांड़ | 07.10.2024 | 17.10.2024 | |
| 5 | हेरहंज | 18.09.2024 | 19.09.2024 | |
| 6 | बारियातु | 20.09.2024 | 24.09.2024 | |
| 7 | बालुमाथ | 25.09.2024 | 04.10.2024 | |
| 8 | लातेहार | 05.10.2024 | 18.10.2024 | |
| 9 | चन्दवा | 19.10.2024 | 26.10.2024 | |

EVM/VVPAT प्रदर्शनी दो माध्यम यथा MDV (Mobile Demonstration Van) एवं EDC (EVM Demonstration Centre) से किया जायेगा। MDV (Mobile Demonstration Van)सभी मतदान केन्द्र तक जायेगा तथा EDC (EVM Demonstration Centre) समाहरणालय, लातेहार/ई0आर0ओ0–सह–अनुमण्डल कार्यालय, लातेहार एवं महुआडांड़ मेंनिर्वाचन की घोषणा तक स्थैतिक रूप से संचालित रहेगा।

अतएव उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में लातेहार जिला के सभी मतदाताओं/गणमान्य नागरिकों/पंचायत प्रतिनिधियों एवं सभी राजनीतिक दलों के सभी पदधारकों से अपील है कि निर्धारित अवधि में आपके मतदान केन्द्र पर आयोजित होने वाले EVM/VVPAT प्रदर्शनी कार्य क्रम में अवश्य भाग लिया जाय तथा मॉक पोल करके EVM/VVPATके Function से आश्वस्त होते हुए प्रदर्शनी कार्यक्रम को सफल बनाने में अपेक्षित सहयोग प्रदान करने की कृपा की जाय।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार।

PR 335333 Election(24-25)D

## दुर्गापूजा में बोकारो के सेक्टर-2 में दिखेगा सोमनाथ मंदिर का प्रारूप



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सार्वजनिक दुर्गा पूजा बोकारो सेक्टर दो के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन कर बताया गया कि इस साल दुर्गा पूजा बहुत ही भव्य तरीके से मनाया जाएगा। इस बार यहां दिल्ली के सोमनाथ मंदिर का प्रारूप दिखेगा। पंडाल 120 फीट चौड़ा और 100 फीट ऊंचा बनेगा। वहीं, श्रद्धालु मेले का भी आनंद लेंगे जिसमें झूले, चरखा, चरखी और मीना बाजार आदि रहेगा। मेले की सुरक्षा के लिए 40 से 45 सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगें। अग्निशमन और एंबुलेंस की भी व्यवस्था रहेगी। इस बार सभी सदस्यों का डिजिटल कार्ड बनेगा। पूजा और मेला शांतिपूर्वक संपन्न कराया जा सके इसके लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। मौके पर संदीप कुमार, पिंटू कुमार, गुड्डू, बिट्टू पंकज, बंटी, संजय, छोटी, प्रेमचंद राम भरोसे राय आदि उपस्थित थे।

## केंद्रीय कोयला आपूर्ति संस्थान ने पाठशाला के बच्चों के बीच वितरित की पाठ्य सामग्री



**कतरास (आजाद सिपाही)।** समाज में शिक्षा का अलख जगाने और विकास के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए केंद्रीय कोयला आपूर्ति संस्थान (भारत सरकार का उपक्रम स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड की इकाई) ने कतरास के निचितपुर स्थित एजुकेशन ट्रस्ट नामक पाठशाला के बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया, इसमें 160 स्कूली बैग, 650 नोटबुक्स, 2000 पेंसिल शामिल है। संस्थान के सदस्यों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा किइन पाठ्य सामग्रियों के बितरण का उद्देश्य है कि बच्चे अपनी पढ़ाई में समर्पित होकर सफलता प्राप्त कर सकें। साथ ही शिक्षा के महत्व और समाज में इसके योगदान पर भी प्रकाश डाला। इस मौके पर महाप्रबंधक वाईके पासवान, धर्मेंद्र कुमार, सुजीत कुमार व ब्रजेश वर्मा आदि थे।

## बेरमो थाना के समीप चलाया गया वाहन जांच अभियान, वसूला गया 31 हजार का जुर्माना

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जैनामोड़-डुमरी मुख्य पथ बेरमो थाना के समीप बुधवार को बोकारो डीएसपी ट्रैफिक आशीष कुमार महली के आदेशानुसार वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्यतः दो पहिया वाहन चालक का हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, पोलूशन, इंसुरेंस और आरसी पेपर की जांच की गई। वहीं, चार पहिया वाहन का सीटबेल्ट के साथ ड्राइविंग लाइसेंस, पोलूशन, इंसुरेंस तथा आरसी पेपर की जांच की गई। इस दौरान बाइक पर तीन सवारी करते हुए लोगों पर भी सख्ती बरती गई। जांच अभियान में 31 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला गया। जांच अभियान के दौरान कई लोग ट्रीपल सवारी करते पकड़े गए। जांच कर रहे एएसआई अर्जुन महतो ने बताया कि इस तरह की जांच बोकारो जिले में कई जगहों पर लगया जा रहा है और जुर्माना वसूला जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस दिन 31 हजार रुपए का ऑन लाइन जुर्माना वसूल किया गया है। वाहन जांच लगाने का मुख्य कारण लोगों को उनकी जिम्मेदारियों का ऐहसास कराना है, ताकि वे वाहन के सभी कागजात लेकर सड़क पर चले। साथ ही दो पहिया वाहन वाले हेलमेट लगा कर घर से कहीं जाए, ताकि अगर दुर्घटना हो तो नुकसान कम हो। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि बिना कागजात के वाहन ना चलाए और नाबालिक को वाहन चलाने को ना दे। मौके पर सुरेंद्र प्रसाद आदि थे।

## रेलवे अंतर विभागीय फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 का डीआरएम ने किया उद्घाटन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मंडल क्रीड़ा संघ अंतर विभागीय फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 का बुधवार को रेल्वे स्टेडियम में शुभारंभ हुआ, जिसका उद्घाटन मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा ने किया। इस अवसर पर अपर रेल प्रबंधक (इंफ्रा) अमित कुमार, अपर रेल प्रबंधक (ओपी) विनीत कुमार, मंडल क्रीड़ा अधिकारी सह वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अजीत कुमार, मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) रामसूरत सिंह, वरिय मंडल अभियंता प्रदीप कुमार, वरीय मंडल यांत्रिक अभियंताचंद्रशेखर प्रसाद, वरिया मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार, मंडल अभियंता( ट्रैक) टी सोनेवाल, सहायक क्रीड़ा अधिकारी सह सहायक मंडल वित्त प्रबंधक हर्षवर्धन सिंह आदि उपस्थित थे। वहीं, उद्घाटन मैच कैरेज और वैगन एवं आरपीएफ के बीच खेला गया। जिसमें कैरेज और वैगन 2-1 गोल से विजई हुए। इस प्रतियोगिता में कुल 12 टीमें हिस्सा ले रही है। मैच रेफरी चंटू हजरा सहायक सुरेश किस्कू, सुदान लाल सोरेन एवं वीरेंद्र यादव द्वारा मैच का संचालन किया गया।

## रक्तदान शिविर में 31 लोगों ने किया रक्तदान

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो जनरल अस्पताल में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन अस्पताल के प्रभारी डॉ बीबी करुणामय, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आनंद कुमार और डॉ ए मंडल ने किया। इस रक्तदान शिविर में डिप्लोमा इंजीनियरों की ओर से 31 यूनिट रक्त का दान किया गया। शिविर का उद्देश्य थैलेसिमीया के मरीजों को रक्त मुहैया कराना और रक्त की कमी से लोगों की जान न जाए इसलिए लोगों के बीच जागरूकता फैलाना था। ब्लड बैंक के एसीएमओ डॉ श्रवण कुमार ने बताया कि एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। 18 साल से 60 साल तक का कोई भी स्वस्थ पुरुष स्वेच्छा से एक वर्ष में चार बार और एक स्वस्थ महिला एक साल में तीन बार रक्तदान कर सकती है।

# बेरमो में सक्रिय बंगाल के छह मोबाइल चोर गिरफ्तार

## किराये पर कमरा लेकर दे रहे चोरी की घटनाओं को अंजाम

**पटेल नगर में जमाये हुए थे डेरा, चोरी के 52 मोबाइल जब्त**

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** बेरमो पुलिस ने मोबाइल चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चोरी के 52 मोबाइल के साथ छह आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़े गये आरोपितों की पहचान टैगोर शेख, मुजारूल मल्लिक, शाह हुसैन शेख, बासु शेख, हनीफ शेख और मिनाबुल शेख के रूप में हुई है। सभी आरोपित पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के सलार और शक्तिपुर थाना क्षेत्रों के रहने वाले हैं। इसकी जानकारी थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने दी। वे बुधवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंं बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बेरमो थाना क्षेत्र के पटेल नगर स्थित घर में आपराधिक प्रवृती के लोग काफी दिनों से रह रहे हैं। जो क्षेत्र में चोरी छीपे चोरी के मोबाईल और अन्य सामान को बहला फुसला कर खरीद बिक्री करते हैं। इसके बाद इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को दी गई। वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार पुलिस बल के साथ पटेल नगर स्थित घर में विधिवत छापामारी की गयी, जहां से छह लोगों को पकड़ा गया। उनके पास से एक बैग मिला, जिसमें विभिन्न कंपनियों के कुल 52 मोबाईल फोन थे। मोबाइस से संबंधित उनसे कागजात मांगने पर कोई वैध कागजात नहीं दिखा सके। आरोपितों ने बताया कि हम सभी लोग चोरी छिपे खरीदे गये चोरी के मोबाईल को कम दाम पर खरीद बिक्री करते हैं। साथ ही पश्चिम बंगाल के कोलकाता में ले जाकर मोबाईल के अंदर लगे कीमती उपकरणों को बेचकर मुनाफा कमाते हैं। वहीं, छापामारी दल में बेरमो थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक रोहित कुमार सिंह, पुअनि अरूण कुमार, पुअनि मो० शाहिद अंसारी, सअनि साजिद हुसैन, सअनि मनोहर मंडल, आरक्षी रूपेश कुमार गुप्ता और आरक्षी सुनिल मनोहर शामिल है।



मोबाइल चोरों को जेल ले जाने की तैयारी करती बरमो पुलिस।

## स्ट्रीट लाइट नहीं लगा तो 25 को एनएचआइ निदेशक का करेंगे विरोध : डॉ मधुबाला



**कतरास (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी डॉक्टर मधुमाला ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी इंडिया लिमिटेड (एनएचआई) के परियोजना निदेशक को पत्र लिख कर चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के अंदर राष्ट्रीय राजमार्ग- 32 की ओर से कतरास गौशाला पुल से भटमुरना चौक तक स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) निर्गत नहीं किया गया तो 25 सितंबर को एनएचएआई धनबाद के परियोजना निदेशक का कतरास राहुल चौक में पुतला दहन किया जाएगा। पत्र के माध्यम से डॉक्टर मधुमाला ने बताया कि कतरास गौशाला पुल से भटमुरना चौक तक घोर अंधेरा है। लाइट की कोई व्यवस्था नहीं है। धनबाद नगर निगम ने स्ट्रीट लाइट लगाने को एनओसी के लिए धनबाद एनएचएआई को पत्र प्रेषित किया है, लेकिन एनएचएआई धनबाद ने अभी तक अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया है। जिस कारण वार्ड संख्या एक का स्ट्रीट लाइट और भटमुरना चौक का हाईमास्ट लाइट का काम रुक गया है। कहा कि गौशाला पुल से भटमुरना तक स्ट्रीट लाइट नहीं रहने के कारण क्षेत्र में लगातार दुर्घटनाएं हो रही है।

## क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं, बस उसे निखारने की जरूरत है : अनिल अग्रवाल

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जरीडीह बाजार स्थित झंडा चौक मैदान में श्रीश्री गणेश पूजा समिति की ओर से बूगी वूगी डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष सह झामुमो नेता अनिल अग्रवाल और रोबिन कसेरा ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। वहीं, डांस प्रतियोगिता में फर्स्ट प्राइज लक्की एंड लक्की ग्रुप को मिला। अनिल अग्रवाल ने कहा कि इस क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। बस उसे निखारने की जरूरत है।

# राज्यपाल से मिलीं जिप सदस्य सुनीता ज्वलंत समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह परिसदन भवन में जिप सदस्य सुनीता कुमारी ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर डुमरी के ज्वलंत मुद्दों से संबंधित पत्र सौंपा। पत्र में लिखा है कि इसरी उत्तरी पंचायत अंतर्गत इसरी बस्ती कब्रिस्तान की चारदीवारी होने के बाद भी सरकारी राशि का दुरुपयोग करते हुए ठेकेदारी के रूप में फिर से चारदीवारी निर्माण किये जाने के मामले की जांच में हुई लीपापोती की उच्च स्तरीय जांच कराया जाए। उत्क्रमित उच्च विद्यालय रोशना टुंडा विद्यालय परिसर की जमीन पर विशेष समुदाय द्वारा इमामबाड़ा बनाकर अतिक्रमण किया गया है, जिसे मुक्त कराया जाए। डुमरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चल रही ग्रामीण जलापूर्ति योजना एवं हर घर जल नल योजना के तहत बनी जल मीनार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है, इसकी उच्च स्तरीय जांच हो। डुमरी में स्थाई रूप से अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराया जाए, रांची-कुर्ला लोकमान्य तिलक टर्मिनल का प्रत्येक दिन परिचालन और पारसनाथ रेलवे स्टेशन में ठहराव, आसनसोल-गोमो मेमो पैसेंजर का परिचालन पारसनाथ तक कराने, हटिया-आनंद बिहार की पारसनाथ में ठहराव कराने, रांची से गया तक एक नई मेमो पैसेंजर का परिचालन कराने, धनबाद-गोमो से मुंबई सीएसटी के लिए मात्र एक रेल है इस रूट में नई रेल का परिचालन कराने की मांग शामिल है। इस मौके पर भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार, दीपक श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने लिया आदिवासी परिवार की गुहार पर संज्ञान



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले के भागाबांध निवासी रामफल मांझी ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि उसके पिता पुटाई मांझी को बिहार अन्न कमेटी की ओर से 7 एकड़ 35 डिसमिल जमीन मिली थी। जिसे 1981-82 में बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा अधिग्रहण कर लिया था। उससे मौखिक वादा करने के बावजूद मुआवजा व नौकरी किसी अन्य व्यक्ति को दे दी गयी। उक्त जमीन इस परिवार का एकमात्र जीविका का साधन था, जिसे बीसीसीएल ने छीन लिया। अभी यह परिवार दिहाड़ी मजदूरी कर अपना पेट पालने को मजबूर है। उसने बीसीसीएल से कई बार जमीन के बदले नौकरी और मुआवजा देने की गुहार लगायी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं है। थक हार कर उसने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को चिट्ठी लिख दी, जिस पर संज्ञान लेते हुए चिट्ठी के माध्यम से रामफल मांझी को दिल्ली बुलाया गया है।

# विधायक डॉ लंबोदर महतो ने करमटिया गांव में किया 200 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**आइइएल (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत स्वांग उतरी पंचायत के करमटिया ग्राम में मंगलवार की रात विधायक डॉ लंबोदर महतो ने 200 केवीए विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। जानकारी के अनुसार करमटिया ग्राम में पिछले पांच दिनों से विद्युत ट्रांसफार्मर खराब होने से गांव के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर थे। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। आजसू के केंद्रीय सचिव राजेश विश्वकर्मा, मुखिया बिनोद विश्वकर्मा व ग्रामीणों ने इस समस्या से गोमिया विधायक को अवगत कराते हुए नया ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की थी। जिसके बाद विधायक के प्रयास से गांव में नया विद्युत ट्रांसफार्मर लगाया गया है। इस मौके पर जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज, मुखिया बिनोद विश्वकर्मा, सुरेंद्र रविदास, मेघु रविदास, जितेंद्र चौहान, अशोक चौहान, राजू चौहान, संदीप रविदास और दीपक रविदास आदि उपस्थित थे।

## जिला राजद महिला प्रकोष्ठ का कार्यकर्ता सम्मान समारोह संपन्न

# वर्तमान में सबसे पहले सांप्रदायिक सौहार्द्र कायम करने की जरूरत : अनवरी खातून

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला राष्ट्रीय जनता दल (राजद) महिला प्रकोष्ट की ओर से बुधवार को लुबी सर्कुलर रोड स्थित धनबाद उत्सव भवन में कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संगठन की जिलाध्यक्ष अनवरी खातून व संचालन राजद के प्रदेश महासचिव उदय शर्मा ने की। सर्वप्रथम बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के संस्थापक सदस्य सुनील सिंह ने पार्टी का झंडात्तोलन किया। वहीं, पूर्व जैक पार्षद ज्ञानेश्वर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सुनील सिंह ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार विकास के हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। आरोप लगाया कि भाजपा देश में आपसी सौहार्द बिगाड़ रही है। सरकार पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण कर रही है। वहीं, समारोह में राजनीतिक, आर्थिक, महिला सशक्तिकरण नीति एवं आगामी विधानसभा चुनाव में जिले के धनबाद, झरिया, सिंदरी एवं निरसा विधानसभा सीटों पर पार्टी प्रत्याशी देने का प्रस्ताव पारित किए गए। जबकि सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया गया। उधर, जिलाध्यक्ष अनवरी खातुन ने कहा कि देश में गंभीर परिस्थिति पैदा हो गयी है। 5-6 दशकों में बेरोजगारी शीर्ष पर पहुंच चुकी है, लेकिन केंद्र सरकार के पास बेरोजगारी से निपटने के लिए कोई कार्य योजना नहीं है। जब कोई बेरोजगारी की बात करता है तो सरकार हिजाब की बात करती है। वर्तमान में सबसे पहले सांप्रदायिक सौहार्द्र कायम किए जाने की जरूरत है। वहीं, प्रदेश महासचिव उदय शर्मा ने कहा कि देश में बदलाव की जरूरत थी जिसकी शुरूआत हो चुकी है। मौके पर जैक पार्षद ज्ञानेश्वर सिंह, राजद के प्रदेश महासचिव उदय शर्मा, जिलाध्यक्ष तारकेश्वर यादव, मो मंसूर आलम, मुमताज कुरैशी, मो गुलाम समदानी, हातिम अंसारी, उमा कुमारी, रामगढ़ जिलाध्यक्ष सुषमा देवी , बबलू चंद्रवंशी, प्रदीप पाल, शांति देवी, मनोज रवानी, महेंद्र यादव, अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद, चानू कुमारी और रुखशाना खानुन आदि उपस्थित थीं।



नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट
पो०–नेतरहाट, जिला–लातेहार
(An Autonomous Institute under Societies Reg. Act 1860, Ministry of School Education and Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)

संख्या –2015 दिनांक– 11.09.2024

पुर्ननिविदा सूचना

नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट के लगभग 500 विद्यार्थियों हेतु विद्यालय के विविध उपयोग मे लायी जाने वाली विविध सामग्रियों के क्रय एवं आपूर्ति हेतु निविदा संख्या–205, दिनांक–27.06.2024 (PR No. 327973 Human resource Development (24-25)#D) प्रकाशित की गई थी। प्रकाशित निविदा में कोड संख्या–10, 15 एवं 17 में प्रर्याप्त निविदा प्राप्त नहीं होने के स्थिति में पुर्ननिविदा प्रकाशित की जा रही है। यह मुहरबंद निविदा प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट के नाम आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा का नाम | विविध सामग्रियों के क्रय एवं आपूर्ति हेतु । |
| 2. | कार्यालय का नाम एवं पता | प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट पो०–नेतरहाट, जिला–लातेहार, पिन–835218 |
| 3. | सामग्रियों का नाम | कोड–10 (दवा, उपकरण आदि) कोड–15 (प्रिन्टीग एवं प्रकाषन) कोड–17 (एन.सी. ई.आर.टी. की पुस्तकें) |
| 4. | निविदा भेजने का पता | प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट पो०–नेतरहाट, जिला–लातेहार। पिन कोड–835218 |
| 5. | वेबसाईट का नाम एवं निविदा प्रसारण तिथि | WWW.netarhatvidyalaya.com पर दिनांक 11.09.2024, समय 1.00 बजे अपराह्न से उपलब्ध। |
| 6. | बिल ऑफ क्वांटिटी प्राप्त करने का माध्यम | विद्यालय कार्यालय से हाथो–हाथ निविदा राषि जमा करने के पश्चात्। |
| 7. | बिल ऑफ क्वांटिटी प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 20.09.2024 के अपराह्न 01:00 तक |
| 8. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 21.09.2024 समय 11.00 बजे पूर्वाह्न तक। |
| 9. | निविदा खुलने की तिथि | 23.09.2024 समय 11.30 बजे पूर्वाह्न (टेक्नीकल बीड) एवं 24.09.2024 (11.30 बजे पूर्वाह्न) अथवा कार्यालय सुविधानुसार तिथि परिवर्तन की जा सकती है। फिनानसियल बीड, केवल वैसे आपूर्तिकर्त्ता जो टेक्नीकल बीड में सफल पाये जायेंगे। |
| | नोट :–निविदा सूचना, निविदा नियम एवं शर्त्ते, निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं अन्य सभी प्रकार की वांछित सूचनाएँ/निविदा संबंधी कागजात विद्यालय कार्यालय में पूर्वाहन 10.00 बजे से अप० 1.00 बजे तक संबंधित राशि जमा कर प्राप्त की जा सकती है। | |

प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय,
नेतरहाट।

PR 335414 (Human Resource Developement) 24-25 (D)

झारखण्ड शिक्षा परियोजना,चतरा समग्र शिक्षा अभियान
जिला स्तरीय कार्यालय, प्रखण्ड परिसर, चतरा–825401
दूरभाष: (06541) 253924 इमेल–chatrajepc@ymail.com

आम सूचना
Scorpio (S-11)

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, चतरा को Scorpio S-11 का निम्नलिखित शर्तो के अन्तर्गत आवश्यकता है।
1. वाहन का निबंधन व्यवसायिक होना अनिवार्य है।
2. वाहन का अधिकतम किराया प्रतिमाह 24000(चौबीस हजार रू.) से अधिक नहीं होगा।
3. वाहन चालक का मासिक परिलब्धि/मानदेय/वेतन अलग से देय नहीं होगा।
4. वाहन के एकरारनामा की समयावधि समाप्ति तक वाहन मालिक द्वारा वाहन का उपयोग नहीं किया जायेगा।

इन शर्तो के साथ ईच्छुक व्यक्ति Scorpio S-11 वाहन हेतु निविदा दिनांक 13.09.2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, प्रखण्ड परिसर, चतरा के नजदीक जमा कर सकते हैं।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झा0शि0प0,चतरा

PR 335384 Jharkhand Education Project Council(24-25)D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. -1. RANCHI**

**VERY SHORT NOTICE INVITING QUOTATION**

In Sealed quotation (inclusive of all taxes, labour Cess & overhead Charges) are invited for the work of **Supply of House Hold items & Furniture at C.M. House Kanke Road, Ranchi** by the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-1, Ranchi from agencies having similar works experience in any govt. building at the Office of the undersigned on 18.09.2024 up to 3.00 pm and will be opened on 18.09.2024 at 3.30 pm at B.C.D. Division No.-1, Ranchi by Executive Engineer or his authorized representative in the presence of Quotationers or their authorized representative. Who so ever desire may remain present at the time of opening. Detail list of work, specification, Quantity & Unit etc. may be obtained from the office in working day up to 16.09.2024 which Cost of Bid Rs.5000/- for work in shape of Demand draft (non refundable) on any State Bank Payable at SBI Main Branch, Ranchi (Code – 0167)/any Schedule Bank, Payable at Ranchi in favour of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-1, Ranchi. Quotationers may quote for any work or all the work as desired.

The quotation should be accompanied with (1) Initial security deposit which will be *2%* of the quoted amount (Refundable) in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3 Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue)/fixed deposits of a scheduled Bank duly pledged in favour of Executive Engineer, Building Division No.-1, Ranchi. (2) Updated Income Tax Return and GST Return (3) Similar nature works experience in any govt. building (4) All technical specification must be complied, no deviation will be accepted.

In the case of Gazetted holiday the quotation will be received/opened on the next working day.

**Executive Engineer**
**Building Construction Department**
**Building Division No.-1, Ranchi**

**PR 335407 Building(24-25).D**

# अमेरिका में भारत विरोधी बयान देने वाली इल्हान उमर से मिले राहुल गांधी

## भाजपा नेताओं ने साधा निशाना



**सिखों पर दिये बयान को लेकर दिल्ली में घर पर प्रदर्शन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** अमेरिका दौरे के आखिरी दिन मंगलवार देर रात राहुल गांधी ने वॉशिंगटन डीसी में अमेरिकी कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। रेबर्न हाउस में हुई इस मुलाकात में भारत विरोधी बयान देने वाली इल्हान उमर भी मौजूद थीं। राहुल के इल्हान से मिलने पर देश में विरोध शुरू हो गया है। भाजपा के कई नेताओं ने राहुल के उनसे मिलने की आलोचना की है। वहीं, राहुल द्वारा अमेरिका में दिये एक बयान को लेकर बुधवार को उनके नयी दिल्ली स्थित आवास पर भाजपा सिख प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया।

**कांग्रेस नेता ने विदेश में भारत और सिख का अपमान किया:** दिल्ली में राहुल गांधी के घर के बाहर बुधवार को भाजपा सिख प्रकोष्ठ ने प्रदर्शन किया है। उनका कहना है कि कांग्रेस नेता ने अमेरिका में जाकर भारत और सिखों का अपमान किया है। विदेश धरती में हमारे देश को बदनाम किया है। उन्हें इसको लेकर माफी मांगनी चाहिए। दरअसल, अमेरिका दौरे के दौरान मंगलवार को राहुल ने कहा था कि भारत में सिख समुदाय के बीच इस बात की चिंता है कि उन्हें पगड़ी, कड़ा पहनने की इजाजत दी जाएगी या नहीं? क्या वे गुरुद्वारे जा सकेंगे? ये चिंता सिर्फ सिखों की नहीं बल्कि सभी धर्मों के लिए है।

**कौन है इल्हान उमर?:** 40 साल की इल्हान उमर सोमालियाई-अमेरिकी राजनेता हैं। जो साल 2019 में मिनिसोटा से चुनाव जीतकर अमेरिका के निचले सदन में आयी थीं। वे अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस में पहुंचने वाली पहली दो मुस्लिम महिला सांसदों में से एक हैं। अमेरिकी संसद में पहुंचने वाली वे पहली सोमालियाई-अमेरिकी नागरिक भी हैं। मूल रूप से वे अफ्रीका की नागरिक भी रही हैं। उनका परिवार 1991 में सोमालियाई गृहयुद्ध के चलते देश छोड़कर अमेरिका आया था। उन्होंने 2022 में पाकिस्तान का दौरा किया था। इस दौरान वे पाक अधिकृत कश्मीर भी गयी थीं। इल्हान उमर पहले कई बार भारत विरोधी रुख अपना चुकी हैं। वे पीओके को पाकिस्तान का हिस्सा बता चुकी हैं। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जून में अमेरिका की स्टेट विजिट पर गये थे। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी संसद के जॉइंट सेशन को संबोधित किया था। इल्हान उमर ने इस सेशन का बहिष्कार किया था। उन्होंने प्रधानमंत्री पर आरोप लगाया था कि उनकी सत्ता में अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव होता है।



❛ देशविरोधी बातें करना और देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आदत सी बन गयी है। चाहे जम्मू-कश्मीर में देशविरोधी और आरक्षण विरोधी एजेंडे का समर्थन करना हो, या फिर विदेशी मंचों पर भारत विरोधी बातें करनी हो, राहुल गांधी ने देश की सुरक्षा और भावना को हमेशा आहत किया है।

- अमित शाह, गृहमंत्री



❛ राहुल जिस तरह से विदेश दौरे पर भ्रामक और तथ्यहीन बातें कर रहे हैं, वे बेहद शर्मनाक और भारत की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली हैं। भारत में सिख समाज को गुरुद्वारे में पगड़ी पहनने की इजाजत नहीं है, उन्हें अपने धर्म के मुताबिक काम करने से रोका जा रहा है। यह एकदम बेबुनियाद और सच्चाई से कोसों दूर है।


-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

# सेमीकंडक्टर-इंडस्ट्री को ड्राइव करने में अहम भूमिका निभायेगा भारत: मोदी

## प्रधानमंत्री ने सेमीकॉन इंडिया 2024 प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के भारत में चिप कभी डाउन नहीं होंगी। आज का भारत दुनिया को भरोसा देता है कि जब चिप डाउन होंगी, तब आप भारत पर दांव लगा सकते हैं। उन्होंने कहा कि चिप डिजाइनिंग की दुनिया में 20% टैलेंट का योगदान भारत कर रहा है और इसका निरंतर विस्तार हो रहा है। भारत का फोकस अपने स्टूडेंट्स और प्रोफेशनल्स को सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री रेडी बनाने पर है। प्रधानमंत्री बुधवार को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में बुधवार को सेमीकॉन इंडिया 2024 प्रदर्शनी की शुरुआत करते हुए बोल रहे थे। सेमीकॉन इंडिया 2024 के शेड्यूल के अनुसार, 11 से 13 सितंबर तक तीनों दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक प्रदर्शनी आयोजित की जायेगी। जिसमें दुनियाभर के सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरर अपने स्टॉल लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का 8वां देश है जहां ग्लोबल सेमीकंडक्टर से जुड़ा ये भव्य आयोजन हो रहा है और मैं कह सकता हूं कि यह भारत में रहने का सही समय है। आप सही समय पर सही जगह पर हैं। आज भारत दुनिया को भरोसा देता है। आज भारत आत्म निर्भर होने के लिए मैन्युफैक्चरिंग बढ़ा रहा है। आज भारत बड़े पैमाने पर ग्रीन ट्रांजैक्शन कर रहा है। भारत में डेटा सेंटर की डिमांड लगातार बढ़ रही है। यानी ग्लोबल सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री को ड्राइव करने में भारत अहम भूमिका निभाने जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम भारत में सेमीकंडक्टर के प्रोडक्शन को बढ़ाने पर फोकस कर रहे हैं। सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग को आगे बढ़ाने के लिए हमने बहुत सारे कदम उठाये हैं। भारत में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरर फैसिलिटी लगाने के लिए सरकार 50% का सपोर्ट दे रही है।



# 70 साल से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों को भी मिलेगा आयुष्मान योजना के तहत बीमा कवर

## केंद्रीय कैबिनेट का फैसला, अश्विनी वैष्णव ने दी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक बड़ी घोषणा की है। सरकार ने कहा कि अब 90 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बीमा कवर दिया जायेगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना के तहत करीब 4.5 करोड़ परिवारों को कवर किया जायेगा, जिनमें छह करोड़ वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 साल और उससे ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों नया कार्ड जारी करेगी। योजना के तहत जिन वरिष्ठ नागरिकों की उम्र 70 साल या उससे अधिक है और जो पहले से ही योजना के तहत कवर किये गये परिवारों से हैं, उन्हें प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का अतिरिक्त बीमा कवर मिलेगा। यह अतिरिक्त बीमा कवर 70 साल से कम आयु के नागरिकों पर लागू नहीं होगा।

**सबसे गरीब 40 फीसदी लोगों को 10 लाख का बीमा कवर:** आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बड़ी बीमा योजना है। इसके तहत अभी सबसे गरीब 40 फीसदी लोगों को सालाना पांच लाख तक का कवर प्रदान किया जाता है। अब यह योजना न केवल 70 साल या उससे अधिक उम्र के नागरिकों को कवर करेगी, बल्कि गरीब मरीजों का कवरेज 10 लाख रुपये तक बढ़ायेगी। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने बताया कि पांच लाख का बीमा कवरेज एक ही परिवार में वरिष्ठ नागरिकों के बीच साझा किया जायेगा। यदि एक परिवार में दो वरिष्ठ नागरिक हैं, तो पांच लाख लाख कवरेज दोनों के बीच बांटा जायेगा। उन्होंने कहा कि जो लोग पहले से ही सरकारी योजनाओं जैसे सीजीएचएस, इसीआइसी के तहत कवर किये गये हैं, वे या तो अपनी मौजूदा योजना को जारी रख सकते हैं या आयुष्मान भारत योजना में स्विच कर सकते हैं। यह योजना जल्द लागू की जायेगी और वरिष्ठ नागरिकों से पंजीकरण के लिए अनुरोध किया जायेगा।

# प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ इलाहाबाद हाइकोर्ट में याचिका

इलाहबाद (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ इलाहाबाद हाइकोर्ट में इलेक्शन पिटीशन दाखिल हुई है, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। ये याचिका मध्य प्रदेश के सिवनी निवासी विजय नंदन ने दाखिल की है। विजय का आरोप है कि उन्होंने लोकसभा चुनाव में मोदी के खिलाफ नामांकन भरा था। उन्होंने याचिका में मुख्य निर्वाचन आयुक्त, जिला निर्वाचन अधिकारी वाराणसी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रतिवादी बनाया है। याचिका पर जल्द ही इलाहाबाद हाइकोर्ट में सुनवाई होने की उम्मीद है।


**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता (समाडि), पूर्व मध्य रेल, धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–खुली निविदा (e-Open Tender), Single Packet System, IREPS Portal में आमंत्रित की जाती है। **1. बोली क्रमांक (बिड संख्या) :** 06-MC-Earthing-2024-25 **2. कार्य का नाम तथा स्थान :** धनबाद मंडल के ओबरा, बरवाडीह और पाथरडीह सवारी और मालगाड़ी डिपो के यार्ड और सिक लाइन के कामकाज के समानांतर जीआई अर्थिंग स्ट्रिप्स बिछाने और अर्थिंग पिट का प्रावधान। **3. कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 42,32,760.00/– (रूपये बयालीस लाख बत्तीस हजार सात सौ साठ मात्र)। **4. बयाना राशि:** ₹ 84,700.00/– (रूपये चौरासी हजार सात सौ मात्र)। **5. निविदा जमा करने की तारीख तथा समय :** IREPS पर ई–निविदा जमा करने की तारीख : 30.09.2024 को 11.00 बजे तक। **6. निविदा खुलने की तारीख तथा समय:** 30.09.2024 को 11:00 बजे तक। 7. वेबसाईट विवरण : https://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

**मंडल पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधक/धनबाद**

पीआर/01101/डीएचएन/यांत्रिक/टी/24-25/32


# आउटलुक एग्री-टेक शिखर सम्मेलन में सोआ कृषि महाविद्यालय को सम्मानित


**भुवनेश्वर।** सोसाइटी ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) द्वारा संचालित कृषि विज्ञान संस्थान (आईएएस) को पिछले रविवार को नयी दिल्ली में 'आउटलुक एग्री-टेक समिट' में 'उत्कृष्ट कृषि संस्थान/ विश्वविद्यालय' के रूप में सम्मानित किया गया है।

आईएएस के डीन प्रोफेसर संतोष कुमार राउत ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के प्रधान सचिव देबेश चतुर्वेदी से सम्मान प्राप्त किया। इस अवसर पर सोआ संस्थापक अध्यक्ष के ओएसडी प्रीतम नायक भी उपस्थित थे। आइएएस को यह पुरस्कार कृषि शिक्षा, अनुसंधान और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। कार्यक्रम का विषय 'फ्यूचर आफ फार्मिगः सोइंग सीडस आफ चेंज' था । पुरस्कार प्राप्त करने के बाद, बुधवार को प्रो. राउत ने सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मनोज रंजन नायक से शिष्टाचार भेंट की और इस सम्मान के लिए प्रो. नायक कृषि महाविद्यालय को बधाई दी।



























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**